

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 226 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 26 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## झारखंड में राज्यसभा चुनाव से पहले गरमाई सियासत

रांची. झारखंड में 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है. दो सीटों पर होने वाले इस चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही सक्रिय नजर आ रहे हैं. इसी बीच सत्ताधारी गठबंधन की प्रमुख पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं. दरअसल JMM ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजे अपने पत्र में आशंका जताई है कि भारतीय जनता पार्टी (BJP) की ओर से महागठबंधन के विधायकों पर दबाव बनाने, प्रलोभन देने और संभावित खरीद-फरोख्त (हॉर्स ट्रेडिंग) की कोशिश की जा सकती है.

दरअसल जेएमएम की ओर से भेजे गए पत्र में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि चुनाव के दौरान विधायकों को प्रभावित करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता.

### "क्लब को बना दिया गया था धन उगाही का केंद्र" — पूर्व बोर्ड सदस्य का आरोप

# जिमखाना क्लब में चल रहा था 'एमएमएम' का खेल!

## पूर्व बोर्ड सदस्य ने खोली पोल, करोड़ों की अनियमितताओं से मचा हड़कंप

नई दिल्ली। राजधानी के प्रतिष्ठित दिल्ली जिमखाना क्लब को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। क्लब की पूर्व बोर्ड सदस्य एवं व्हिसलब्लोअर निजी सपरा ने पुराने प्रबंधन पर वित्तीय अनियमितताओं, नियमों की अनदेखी और प्रभावशाली लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके आरोपों के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

निजी सपरा ने आरोप लगाया कि क्लब को "एमएमएम अर्थात धन उगाही माफिया" की तर्ज पर संचालित किया जा रहा था। उनके अनुसार क्लब के भीतर प्रभावशाली व्यक्तियों का एक ऐसा समूह सक्रिय था, जिसने संस्था को निजी लाभ अर्जित करने का माध्यम बना दिया।

**शिकायत करने पर निलंबन और सदस्यता समाप्ति का आरोप**

एक समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार में निजी सपरा ने बताया कि उन्होंने क्लब के तत्कालीन बोर्ड और प्रबंधन के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। उनका कहना है कि क्लब में कॉरपोरेट नियमों तथा मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा था।

सपरा के अनुसार, अनियमितताओं को उजागर करने के बाद उन्हें पहले एक वर्ष के लिए निलंबित किया गया और




बाद में उनकी सदस्यता भी समाप्त कर दी गई। उन्होंने कहा कि वह विधिवत निर्वाचित बोर्ड सदस्य थीं, इसके बावजूद उन्हें प्रताड़ित किया गया।

**केंद्र सरकार का बड़ा कदम**

विवाद के बीच केंद्र सरकार ने भी क्लब के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। सरकार ने दिल्ली जिमखाना क्लब को 5 जून तक लुटियंस दिल्ली स्थित 27.3 एकड़ भूमि खाली करने का निर्देश दिया है।

सरकार का कहना है कि यह भूमि राष्ट्रीय सुरक्षा तथा रक्षा

> **"सामान्य लोगों को वर्षों प्रतीक्षा, रसूखदारों को तुरंत सदस्यता"**
>
> पूर्व बोर्ड सदस्य ने क्लब की सदस्यता प्रक्रिया पर भी गंभीर प्रश्न उठाए। उनका आरोप है कि सामान्य नागरिकों को सदस्यता प्राप्त करने के लिए वर्षों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जबकि प्रभावशाली और रसूखदार परिवारों को आसानी से सदस्यता प्रदान कर दी जाती है।

संबंधी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक है। क्लब प्रशासन ने इस आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

**50 करोड़ रुपये की अनियमितताओं का दावा**

रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2022 में कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा की गई जांच में क्लब से जुड़े कई गंभीर तथ्य सामने आए थे। जांच में लगभग 50 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं, अवैध नियुक्तियों तथा न्यायाधिकरण के आदेशों की अवहेलना जैसे आरोपों का उल्लेख किया गया था। अब इस पूरे प्रकरण पर मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में महत्वपूर्ण सुनवाई होने की संभावना है। देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं में शामिल इस क्लब से जुड़े विवाद पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# फर्जी फर्मों और कर चोरी पर सख्ती जारी रहेगी : योगी आदित्यनाथ

## ईमानदार व्यापारियों को सम्मान और त्वरित समाधान देने के निर्देश

समाज जागरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य कर विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री सोमवार को राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय तथा फील्ड स्तर के अधिकारियों के साथ आयोजित विशेष समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा।

**कर प्रणाली को सरल और जवाबदेह बनाने पर जोर**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिले, अपील निस्तारण तथा रिफंड जैसी प्रक्रियाओं में अनावश्यक देरी समाप्त की जानी चाहिए।

उन्होंने व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने, छोटे



कारोबारियों को जागरूक करने तथा जिला और खंड स्तर तक करदाता सहायता कार्यक्रम चलाने पर भी बल दिया।

**जीएसटी और वैट संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि**

बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य को जीएसटी और वैट मद में कुल 1 लाख 15 हजार 977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पुनरीक्षित अनुमान का लगभग 98.8 प्रतिशत है। जीएसटी संग्रह के मामले में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा। महाराष्ट्र पहले और कर्नाटक तीसरे स्थान पर रहे।

**बकाया वसूली और प्रवर्तन कार्रवाई में तेजी**

अधिकारियों के अनुसार जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ रुपये जमा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक हैं। वहीं वैट बकाया के रूप में 800 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जो गत वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है।

प्रवर्तन इकाइयों के माध्यम से 2071 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक रही।

**वर्ष 2026-27 के लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित**

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभाग को कुल 1 लाख 98 हजार 71 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है। इसमें जीएसटी का लक्ष्य 1 लाख 49 हजार 956 करोड़ रुपये तथा वैट का लक्ष्य 48 हजार 115 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है।

अप्रैल 2026 में राज्य ने 10 हजार 896 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9.6 प्रतिशत अधिक है।

**गौतमबुद्ध नगर सहित कई जोनों में बेहतर प्रदर्शन**

जोनवार समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल 2026 में राज्य के अधिकांश जोनों में राजस्व वृद्धि दर्ज की गई। गौतमबुद्ध नगर जोन ने 1506 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ 18 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। इसके अतिरिक्त सहारनपुर जोन में 35.1 प्रतिशत तथा वाराणसी प्रथम जोन में 33.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। मुख्यमंत्री ने अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन वाले जोनों को विशेष कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

**फर्जी फर्मों और कर चोरी पर सख्ती**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्वयं फील्ड में उतरकर व्यापारियों से संवाद करने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्जी फर्मों और कर चोरी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रखने को कहा।

बैठक में बताया गया कि बोगस फर्मों के विरुद्ध 477 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई तथा 168 गिरफ्तारियां हुईं। 7 नवंबर 2025 को विशेष जांच दल का गठन किया गया। 180 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट रोकी गई तथा न्यायनिर्णयन कार्रवाई से 2250 करोड़ रुपये की मांग सृजित हुई।

**लंबित अपीलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश**

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025-26 में जीएसटी की 52 हजार 432 तथा वैट की 11 हजार 365, कुल 63 हजार 797 अपीलों का निस्तारण किया गया।

वर्तमान में जीएसटी की 18 हजार 504 तथा वैट की 2 हजार 193, कुल 20 हजार 697 अपीलें विचाराधीन हैं। मुख्यमंत्री ने लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**उत्तर प्रदेश बना सर्वाधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य**

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश 21.82 लाख सक्रिय करदाताओं के साथ देश का सर्वाधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बन गया है।

प्रदेश में जीएसटी पंजीयन आवेदनों के निस्तारण की औसत अवधि 8 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है। राज्य में 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन की व्यवस्था लागू है।

# असम में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश,

## शादी, तलाक और लिव-इन संबंधों के लिए एक समान कानून का प्रस्ताव

समाज जागरण

गुवाहाटी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में 'समान नागरिक संहिता (असम) 2026' विधेयक पेश किया। राज्य सरकार में मंत्री अतुल बोरा ने यह विधेयक सदन में प्रस्तुत किया। प्रस्तावित कानून के तहत राज्य के सभी निवासियों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों को नियंत्रित करने के लिए एक समान नागरिक कानूनी व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है।

हालांकि अनुसूचित जनजातियों को उनके संवैधानिक अधिकारों और परंपरागत संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है।

**धर्म आधारित कानूनों की जगह एक समान संहिता**

प्रस्तावित कानून का उद्देश्य विभिन्न धर्मों के अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के स्थान पर एक समान नागरिक संहिता लागू करना है। सरकार का दावा है कि इससे सभी समुदायों में लैंगिक न्याय, समानता और कानूनी एकरूपता सुनिश्चित होगी।

**एक विवाह अनिवार्य, तय की गई वैधानिक आयु**

विधेयक में एक विवाह व्यवस्था को अनिवार्य बनाया गया है। इसके तहत एक समय में केवल एक ही विवाह वैध माना जाएगा। विवाह की न्यूनतम कानूनी आयु पुरुषों के लिए इक्कीस वर्ष और महिलाओं के लिए अठारह वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही प्रस्तावित कानून सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को बनाए रखने की भी बात करता है। इसके अंतर्गत वैदिक विवाह, अहोम चकलोंग, सप्तपदी, निकाह, पवित्र मिलन और आनंद कारज जैसी परंपरागत विवाह पद्धतियों को मान्यता दी गई है।

**विवाह और तलाक का पंजीकरण होगा अनिवार्य**

विधेयक के अनुसार राज्य में सभी विवाह और तलाक का पंजीकरण अनिवार्य होगा। विवाह के साठ दिनों के भीतर दंपति को उप-पंजीयक के समक्ष विवाह ज्ञापन प्रस्तुत करना होगा।

तलाक के लिए क्रूरता, परित्याग और आपसी सहमति जैसे समान आधार निर्धारित किए गए हैं। इस-के अतिरिक्त पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की अभिरक्षा सामान्यतः माँ को दिए जाने का प्रावधान रखा गया है।

**उत्तराधिकार में महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार**

उत्तराधिकार संबंधी प्रावधानों में बिना वसीयत की संपत्ति के बंट-वारे के लिए लैंगिक समानता आधारित व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। पति-पत्नी, बच्चे और माता-पिता को समान रूप से 'श्रेणी-एक' वारिस माना जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक वयस्क और मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति को लिखित तथा गवाहों द्वारा प्रमाणित वसीयत बनाने का कानूनी अधिकार भी दिया गया है।

**लिव-इन संबंधों के लिए भी बने नियम**

प्रस्तावित कानून में लिव-इन संबंधों को लेकर भी स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। ऐसे संबंधों का एक महीने के भीतर पंजीकरण अनिवार्य होगा।

लिव-इन संबंधों से जन्म लेने वाले बच्चों को वैध माना जाएगा। वहीं छोड़े गए साथी को न्यायालय के माध्यम से आर्थिक भरण-पोषण मांगने का अधिकार मिलेगा।

**नियम तोड़ने पर सख्त दंड का प्रावधान**

विधेयक में नियमों के उल्लंघन पर कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता के तहत द्विविवाह और बहुविवाह के मामलों में सात वर्ष तक की कैद हो सकती है। जबरन, धोखे से या तथ्य छिपाकर किए गए वि-वाहों पर भी सात वर्ष तक की सजा और जुमार्ने का प्रावधान रखा गया है। निर्धारित समय सीमा के भीतर विवाह, तलाक या लिव-इन संबंध का पंजीकरण न कराने पर जुमार्ना लगाया जाएगा। वहीं फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर कारावास और आर्थिक दंड दोनों हो सकते हैं।

# चीन में शी जिनपिंग से मिले शहबाज शरीफ, ट्रंप की टिप्पणी और पाकिस्तान की कूटनीतिक चुनौती पर चर्चा तेज

समाज जागरण

बीजिंग/इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन की राजधानी बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

चीनी नेतृत्व की ओर से पाकिस्तान के साथ सहयोग को मजबूत करने और रणनीतिक स-झेदारी को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

**पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर बनी नजर**

पाकिस्तान इस समय गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में शहबाज शरीफ



की चीन यात्रा को आर्थिक और कूटनीतिक समर्थन जुटाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच पहले से ही चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत कई परियोजनाएं चल रही हैं।

**अमेरिका की टिप्पणी से बढ़ी हलचल**

इसी बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अब्राहम समझौते (अब्राहम अकॉर्ड्स) को लेकर दिए गए बयानों ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई चर्चा शुरू कर दी है। रिपोर्टों के अनुसार, इस संदर्भ में कुछ देशों पर समझौते से जुड़ने को लेकर दबाव या अपेक्षाओं की चर्चा भी सामने आई है।

अब्राहम अकॉर्ड्स के तहत इजरायल और कुछ अरब देशों के बीच संबंध सामान्य किए जाने की प्रक्रिया शामिल है।

### वैश्विक संकेतों से बाजार में जोरदार तेजी

# शेयर बाजार में चौतरफा खरीदारी, सेंसेक्स 1,073 अंक उछला, निफ्टी 24 हजार के पार बंद

समाज जागरण

मुंबई। वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने के संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार सोमवार को जोरदार तेजी के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में प्रमुख सूचकांकों ने मजबूत बढ़त दर्ज की।

कारोबारी सत्र के अंत में सेंसेक्स 1,073.61 अंक या 1.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,488.96 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 312.40 अंक या 1.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,031.70 पर बंद हुआ।

**बैंकिंग और वित्तीय शेयरों ने दी बाजार को रफ्तार**



बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली, जिसमें सबसे ज्यादा योगदान बैंकिंग और वित्तीय शेयरों का रहा।

*निफ्टी बैंक: 2.29% की तेजी*
*निफ्टी पीएसयू बैंक: 2.90% की तेजी*
*निफ्टी प्राइवेट बैंक: 2.09% की तेजी*

इसके अलावा अन्य प्रमुख सेक्टरों में भी मजबूती देखी गई–
निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज: *2.24%*
*निफ्टी ऑटो: 2.71%*
*निफ्टी रियल्टी: 1.50%*
*निफ्टी ऑयल एंड गैस: 1.34%*
*निफ्टी एनर्जी: 0.85%*
केवल निफ्टी एफएमसीजी 0.18% की गिर-ावट के साथ बंद हुआ।

**मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी**

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी मजबूती देखने को मिली–
निफ्टी मिडकैप 100: 0.94% की बढ़त के साथ 61,966.60
निफ्टी स्मॉलकैप 100: 1.37% की बढ़त के साथ 18,202.70

सेंसेक्स के प्रमुख गेनर्स और लूजर्स
सेंसेक्स पैक में कई बड़े शेयरों में खरीदारी देखने को मिली–
बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी और एशियन पेंट्स प्रमुख गेनर्स रहे।

वहीं इंफोसिस, टीसीएस, सन फार्मा और एचयूएल में गिरावट दर्ज की गई।

# स्वयं के प्रति क्रूरता तथा कठोरता श्रेष्ठ होने के प्रमुख अवयव

मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी विजय बाहर नहीं, भीतर होती है। अक्सर हम दुनिया को बदलने, समाज को सुधारने और दूसरों को सही ठहराने में लगे रहते हैं, परंतु एक सत्य हमेशा हमारे सामने खड़ा रहता है यदि हमने स्वयं को नहीं जीता, तो हमने कुछ भी नहीं जीता। पहले स्वयं को जीतिए, फिर जग को जीतिए,यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का मूल मंत्र है। क्योंकि मनुष्य का मन ही उसके किए गए कार्यों का सर्वोच्च निर्णायक होता है। यदि मन के भीतर ईमानदारी नहीं है, तो बाहरी सफलता भी खोखली प्रतीत होती है। मनुष्य को स्वयं के प्रति अत्यंत कठोर तथा क्रूर होना होगा तभी सफलता उसके सामने होगी।

महात्मा गांधी ने कहा था, ॒आप स्वयं वह परिवर्तन बनिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं॒ यह कथन हमें स्पष्ट संकेत देता है कि किसी भी परिवर्तन की शुरूआत बाहर से नहीं, भीतर से होती है। जब तक हम अपने विचारों, अपने कर्मों और अपने चरित्र को नहीं सुधारते, तब तक समाज को सुधारने की बात केवल एक आदर्श कल्पना बनकर रह जाती है। गांधी जी ने अपने जीवन में सत्य और अहिंसा का पालन पहले स्वयं किया, तभी वे करोड़ों लोगों के प्रेरणा स्रोत बने। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद का यह विचार भी अत्यंत प्रेरणादायक है

उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति की पहली शर्त क्या है? स्वयं के भीतर की कमजोरी, आलस्य और भ्रम पर विजय प्राप्त करना। विवेकानंद जी ने युवाओं को यह सिखाया कि आत्मबल ही सबसे बड़ी शक्ति है। जब मनुष्य अपने मन को नियंत्रित कर लेता है, तब उसके लिए कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता।

मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु बाहर नहीं, उसका अपना भ्रम, उसकी अपनी असत्यता होती है। जब हम स्वयं से झूठ बोलते हैं अपने दोषों को छिपाते हैं, अपनी कमियों को नजरअंदाज करते हैं तब हम अपने विकास के मार्ग को स्वयं ही अवरुद्ध कर देते हैं।

भगवान बुद्ध ने कहा था, आप खुद ही अपने दीपक बनिए। इसका अर्थ यही है कि आत्मचिंतन और आत्मसत्य ही वह प्रकाश है, जो हमें सही दिशा दिखाता है। यदि हम अपने भीतर के अंधकार को स्वीकार नहीं करेंगे, तो प्रकाश की खोज भी अधूरी रह जाएगी। समाज में श्रेष्ठ और महान लोग वही बने हैं, जिन्होंने पहले स्वयं को जीता।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जीवन इसका सजीव उदाहरण है। एक साधारण परिवार से उठकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुँचना केवल बाहरी परिस्थितियों का परिणाम नहीं था, बल्कि उनकी आंतरिक अनुशासन, ईमानदारी और आत्मविश्वास का फल था। उन्होंने कहा था, सपने वो नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते। यह सपना तभी साकार होता है, जब हम अपने भीतर की कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करने का साहस रखते हैं।

इसी तरह नेल्सन मंडेला ने अपने जीवन में 27 वर्ष जेल में बिताए, परंतु उन्होंने अपने भीतर की नफरत को जीत लिया। उन्होंने कहा था, मैं कभी हारता नहीं, या तो जीतता हूँ या सीखता हूँ। यह दृष्टिकोण केवल वही व्यक्ति अपना सकता है, जिसने स्वयं को साध लिया हो। मंडेला की यह आंतरिक विजय ही उन्हें एक महान नेता बनाती है। जब हम समाज में देखते हैं, तो पाते हैं कि जो लोग ईमानदारी, सच्चाई और आत्मसंयम के मार्ग पर चलते हैं, वही सच्चे अर्थों में सफल होते हैं। सफलता केवल धन, पद या प्रसिद्धि नहीं है; सफलता वह शांति है, जो हमें अपने भीतर मिलती है। यदि हमारा मन हमें दोषी ठहराता है, तो दुनिया की कोई भी प्रशंसा हमें संतुष्ट नहीं कर सकती। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपने मन के सामने सच्चे रहें।

आज के समय में, जब प्रतिस्पर्धा और दिखावे की होड़ बढ़ती जा रही है, तब स्वयं से सत्य बोलना और भी कठिन हो गया है। हम अक्सर दूसरों को प्रभावित करने के लिए एक ऐसा चेहरा बना लेते हैं, जो हमारा वास्तविक स्वरूप नहीं होता। लेकिन यह दिखावा अधिक समय तक नहीं टिकता। अंततः हमें अपने भीतर लौटना ही पड़ता है, और वहीं हमारा असली सामना होता है। यदि हम उस क्षण में स्वयं को सच्चा पाते हैं, तो वही हमारी सबसे बड़ी जीत होती है। इसलिए, हमें यह समझना होगा कि जीवन की असली दौड़ दूसरों से आगे निकलने की नहीं, बल्कि स्वयं से बेहतर बनने की है। हर दिन अपने आप से एक प्रश्न पूछिए क्या मैं आज कल से बेहतर बना हूँ? क्या मैंने अपनी किसी कमजोरी पर विजय प्राप्त की है? यदि उत्तर ॒हाँ॒ है, तो आप सही दिशा में हैं।

अंत में, यही कहना उचित होगा कि स्वयं की जीत ही सच्ची विजय है। जब मनुष्य अपने मन, अपने विचारों और अपने कर्मों पर नियंत्रण पा लेता है, तब वह न केवल अपने जीवन में सफल होता है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा बनता है।

तो आइए, हम संकल्प लें कि हम स्वयं से कभी झूठ नहीं बोलेंगे, अपने दोषों को स्वीकार करेंगे, और निरंतर आत्मसुधार के मार्ग पर चलेंगे। क्योंकि जब हम स्वयं को जीत लेते हैं, तब संसार की कोई भी शक्ति हमें पराजित नहीं कर सकती। यही जीवन का सार है पहले स्वयं को जीतिए, फिर जग को।

**संजीव ठाकुर वरिष्ठ पत्रकार लेखक चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415**

## बेटियों के जल्लादों का हिसाब कब?

बेटियों के जल्लादों का हिसाब कब होगा,
ये सोई हुई व्यवस्था का जवाब कब होगा।
हर रोज कहीं मासूमियत कुचली जाती है,
इंसाफ की चौखट पर क्यों चुप्पी छाती है।

यूं आँखों में आँसू लिए माँ पूछ रही है अब,
इन दरिंदों पर कानून का प्रहार होगा कब।
क्या? ट्वीशा, क्या? दीपिका एवं अब अनु,
इन देश के लोभियों को कहाँ-कहाँ पे गिनु।

नारे तो बहुत गूँजते रहते चौक-चौराहों पर,
लेकिन क्यों? सन्नाटा है सत्ता की राहों पर।
कब जागेगी मानवता, यूं शर्मिंदा होगा मन,
बेटियों के जल्लादों को नसीब न हो कफन।

बेटी तो घर की रौशनी, जीवन का सम्मान,
उससे ही तो महकता है हर आँगन-जहान।
जो हाथ उठे बेटियों पे, वो हाथ झुकेंगे अब,
इन अत्याचारों का आखिर अंत होगा कब?

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

# क्या गाय को 'राष्ट्रीय पशु' घोषित करने में कोई समस्या है?



महेन्द्र तिवारी

भारत में गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा मानी जाती है। भारतीय समाज में सदियों से गाय को माता का दर्जा दिया जाता रहा है। अनेक धार्मिक ग्रंथों, लोक परंपराओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गाय का विशेष महत्व रहा है। यही कारण है कि समय समय पर गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठती रही है। कई धार्मिक संगठनों, सामाजिक समूहों और कुछ राजनीतिक दलों ने यह मांग सार्वजनिक रूप से रखी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी एक मामले की सुनवाई के दौरान गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की आवश्यकता पर टिप्पणी की थी। इसके बावजूद भारत सरकार ने अब तक ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। इसके पीछे केवल राजनीतिक कारण नहीं बल्कि सामाजिक, संवैधानिक, आर्थिक और प्रशासनिक जटिलताएँ भी हैं।

भारत का वर्तमान राष्ट्रीय पशु बंगाल टाइगर है। इसे 1973 में शुरू किए गए प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत संरक्षण का प्रतीक बनाया गया था। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार देश में बाघ संरक्षण के लिए विशेष कानूनी और पर्यावरणीय ढांचा तैयार किया गया। आज भारत विश्व के लगभग 70 प्रतिशत बाघों का घर माना जाता है और देश में 50 से अधिक टाइगर रिजर्व स्थापित किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय पशु के रूप में बाघ केवल शक्ति और साहस का प्रतीक नहीं है बल्कि वह भारत की जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण नीति का केंद्र भी है। ऐसे में गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने का प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं बल्कि नीतिगत बहस का विषय बन जाता है।

भारत एक बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक देश है। यहाँ हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और अनेक आदिवासी समुदाय रहते हैं। हिंदू धर्म में गाय को पवित्र माना जाता है, लेकिन सभी समुदायों की मान्यताएँ समान नहीं हैं। पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों, केरल और गोवा जैसे क्षेत्रों में गोमांस भोजन का हिस्सा रहा है। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को अपनी संस्कृति और भोजन की स्वतंत्रता देता है। ऐसे में यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है तो कई लोग इसे एक धर्म विशेष की मान्यताओं को सरकारी पहचान देने के रूप में देख सकते हैं। आलोचकों का तर्क है कि धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में किसी धार्मिक प्रतीक को राष्ट्रीय पहचान बनाना संवैधानिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है।

हालांकि दूसरी ओर यह भी सच है कि भारतीय संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में अनुच्छेद 48 के अंतर्गत राज्यों को गोवंश संरक्षण और नस्ल सुधार के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। देश के अधिकांश राज्यों में गोहत्या पर किसी न किसी रूप में प्रतिबंध पहले से मौजूद है। केंद्र सरकार का पशुपालन और डेयरी विभाग भी गोवंश संरक्षण और पशुधन विकास के लिए कई योजनाएँ चला रहा है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाओं का उद्देश्य देशी नस्लों का संरक्षण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाना है। इससे स्पष्ट होता है कि गाय को पहले से ही विशेष सरकारी संरक्षण प्राप्त है। इसलिए समर्थकों का कहना है कि राष्ट्रीय पशु का दर्जा केवल उस सम्मान को औपचारिक रूप देने जैसा होगा जो भारतीय समाज में गाय को पहले से प्राप्त है।

लेकिन वास्तविक समस्या केवल सम्मान तक सीमित नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक राज्यों में आवारा पशुओं की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में किसान खुले घूमते पशुओं से परेशान हैं। जब गाय दूध देना बंद कर देती है या बूढ़ी हो जाती है तो गरीब किसान उसका पालन जारी नहीं रख पाते। परिणामस्वरूप उन्हें सड़कों या खेतों में छोड़ दिया जाता है। ये पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुँचाते हैं और सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। अनेक ग्रामीण इलाकों में रात भर खेतों की रखवाली करना किसानों की मजबूरी बन गया है। यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है और कानून और कठोर हो जाते हैं तो यह संकट और बढ़ सकता है, क्योंकि पशुओं के पुनर्वास के लिए पर्याप्त गौशालाएँ और संसाधन अभी उपलब्ध नहीं हैं।

भारत की कृषि व्यवस्था अभी भी छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित है। अधिकांश किसान सीमित आय और बढ़ती लागत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। एक बूढ़ी या अनुत्पादक गाय का पालन करना उनके लिए भारी आर्थिक बोझ बन जाता है। चारा, दवा और देखभाल पर लगातार खर्च होता है जबकि उससे कोई आय नहीं होती। यदि सरकार गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करती है तो संभव है कि पशुधन प्रबंधन से जुड़े नियम और कड़े हो जाएँ। इससे किसानों की आर्थिक कठिनाइयाँ और बढ़ सकती हैं। इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी बड़े निर्णय से पहले पशु आश्रय, चारे की व्यवस्था और किसानों के लिए आर्थिक सहायता की मजबूत नीति आवश्यक है।

गाय से जुड़ा एक बड़ा आर्थिक पक्ष चमड़ा और मांस उद्योग भी है। भारत दुनिया के प्रमुख चमड़ा उत्पादक देशों में शामिल रहा है। इस उद्योग से लाखों लोगों का रोजगार जुड़ा है। इनमें बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर और हाशिए पर रहने वाले समुदाय शामिल हैं। भारत में मांस निर्यात का बड़ा हिस्सा भैंस के मांस से जुड़ा होता है, लेकिन कठोर सामाजिक माहौल का प्रभाव पूरे उद्योग पर पड़ता है। यदि राष्ट्रीय पशु का दर्जा मिलने के बाद कानून और सामाजिक दबाव बढ़ते हैं तो रोजगार और व्यापार दोनों प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए आर्थिक विशेषज्ञ इस विषय को केवल धार्मिक दृष्टि से देखने के बजाय रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के संदर्भ में भी देखते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में गाय के नाम पर हिंसा और भीड़ द्वारा हमले की घटनाएँ भी सामने आई हैं। कई मामलों में गौ रक्षा के नाम पर लोगों को पीटा गया, अपमानित किया गया या उनकी हत्या तक कर दी गई। ऐसे मामलों ने देश की कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द पर गंभीर प्रश्न खड़े किए। समाजशास्त्रियों का मानना है कि यदि गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाता है तो कुछ कट्टर समूह इसे अपने सामाजिक अधिकार के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे प्रशासन और पुलिस के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी हो सकती हैं। कानून का शासन किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी आवश्यकता है और किसी भी प्रतीकात्मक निर्णय का मूल्यांकन इसी आधार पर किया जाना चाहिए।

वन्यजीव संरक्षण के दृष्टिकोण से भी यह बहस महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय पशु का दर्जा सामान्यतः उन जीवों को दिया जाता है जिनके संरक्षण की विशेष आवश्यकता होती है। बंगाल टाइगर संकटग्रस्त वन्यजीवों में शामिल रहा है और उसके संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाए गए। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण का गठन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत किया गया था। इसके विपरीत गाय एक पालतू पशु है जिसकी संख्या करोड़ों में है। इसलिए कुछ पर्यावरणविद मानते हैं कि राष्ट्रीय पशु का दर्जा वन्यजीव संरक्षण की भावना से जुड़ा होना चाहिए, न कि पालतू पशुओं से।

गाय भारतीय समाज में श्रद्धा, सेवा और ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह भी सच है कि भारतीय कृषि और डेयरी व्यवस्था में उसका योगदान ऐतिहासिक रहा है। लेकिन किसी पशु को राष्ट्रीय प्रतीक बनाना केवल भावनात्मक निर्णय नहीं होता। उसके पीछे संवैधानिक संतुलन, सामाजिक विविधता, आर्थिक प्रभाव, प्रशासनिक क्षमता और पर्यावरणीय दृष्टिकोण जैसे अनेक पहलुओं पर विचार करना पड़ता है। भारत जैसे विशाल और विविध देश में किसी भी राष्ट्रीय निर्णय का प्रभाव करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने की बहस केवल आस्था की बहस नहीं बल्कि भारत की लोकतांत्रिक और सामाजिक संरचना की परीक्षा भी है।

# प्रधानमंत्री मोदी की पांच देशों की सफल यात्रा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पांच देशों संयुक्त अरब अमीरात (यूएई ) नीदरलैंड, स्वीडन, नार्वे और इटली की छह दिवसीय यात्रा संपन्न हो चुकी है। पश्चिमी एशिया संकट सहित दुनियाभर में चल रही उथल -पुथल तथा चीन की विस्तारवादी नीतियों के दृष्टिगत प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा इन देशों से द्विपक्षीय संबंध सुधारने की दिशा में एक अहम पड़ाव बनी। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के दौरान उन्हें स्वीडन तथा नार्वे जैसे देशों ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देकर सम्मानित किया। नार्वे की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत - नार्डिक देशों के शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया। प्रधानमंत्री की पांच देशों की यात्रा के दौरान कुल 57 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के व्यापक कूटनीतिक, आर्थिक और सामरिक निहितार्थ हैं। इन यात्राओं का एक परोक्ष संदेश यह भी है अब भारत दुनिया के ताकतवर देशों की कूटनीति की छत्रछाया से बाहर निकल कर अपनी स्वतंत्र नीति पर चल रहा है।

यूएई की यात्रा - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा के प्रथम चरण में यूएई पहुंचे। यहाँ भारत और यूएई के मध्य सात समझौते हुए। इन समझौतों के अंतर्गत भारत व यूएई में संयुक्त तौर पर पेट्रो उत्पादों के रणनीतिक भंडार बनाए जाएंगे। यूएई भारत में दीर्घकालिक तौर पर एलपीजी आपूर्ति करेगा, पांच अरब डॉलर का नया निवेश करके भारत में सुपर कंप्यूटर क्लस्टर स्थापित करेगा। एक समझौता गुजरात के वाडीनार में शिप रिपेयरिंग क्लस्टर बनाने को लेकर भी है। इससे लाखों लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। दोनो देशों की कंपनियां मिलकर बहुत शक्तिशाली कंप्यूटर प्रणाली स्थापित करेंगी जो एआई ट्रेनिंग, रिसर्च और बड़े-बड़े मॉडल चालने के लिए प्रयोग की जाएगी। दोनों देशों के बीच रक्षा, औद्योगिक सहयोग, नवाचार उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास शिक्षा एवं सैन्य डॉक्ट्रिन, विशेष अभियान, अंतर -संचालन क्षमता, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, सुरक्षित संचार और सूचना आदान प्रदान के लिए एक व्यापक रणनीतिक ढांचा स्थापित करने की सहमति बनी है।

नीदरलैंड - अपनी यात्रा के अगले चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड पहुंचे जहां उनका भव्य व गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। भारत और नीदरलैंड के मध्य 17 द्विपक्षीय समझौतों से एक नया रिकॉर्ड बना। भारत और नीदरलैंड व्यापार और निवेश रक्षा और सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, खनिज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साथ मिलकर काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जे टेन के मध्य हूई वार्ता के बाद अलग- अलग क्षेत्रों में 17 समझौते हुए। हरित हाइड्रोजन के विकास पर सहमति के साथ दोनों देश संयुक्त रक्षा उपकरण प्रणाली घटकों और अन्य प्रमुख क्षमताओं के संयुक्त निर्माण के लिए रक्षा औद्योगिक रोडमैप स्थापित करने की संभावनाओं का भी पता लगाएंगे। इसमें प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संयुक्त उद्यमों की स्थापना शामिल है।

संयुक्त बयान के अनुसार दोनों पक्षों ने विज्ञान और नवाचार, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि जल प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संक्रमण , समुद्री विकास और जन संबंधों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। आव्रजन मोबिलिटी पर भी समझौता हुआ। इसके अंतर्गत कुशल भारतीय पेशेवरों के लिए नीदरलैंड में काम करने की प्रक्रियाओं को आसान व निष्पक्ष बनाया जाएगा। अवैध प्रवासन रोकने के लिए भी सहमति बनी है। नीदरलैंड के पास पानी के प्रबंधन की बेहतरीन तकनीक है जिसमें भारत के साथ सहयोग मजबूत होगा। समझौतों से अर्धचालक, अहम खनिज ,स्वास्थ्य, जल, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि व संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। इस दौरे की एक बड़ी बात यह रही कि नीदरलैंड के प्रधानमंत्री जेटेन ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगात आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को अटूट समर्थन का भरोसा दिया।

स्वीडन - प्रधानमंत्री नरेंद मोदी अपनी यात्रा के तीसरे चरण में स्वीडन पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने स्वयं प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। स्वीडन ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च सम्मान रॉयल ऑर्डरऑफ पोलर स्टार से सम्मानित किया। यह प्रधानमंत्री मोदी का 31 वां सम्मान है। भारत -स्वीडन संबंधों में प्रधानमंत्री मोदी के असाधारण योगदान और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया गया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और पारस्परिक व्यापार को बढ़ाने सहित व्यापक अवसरों और निवेश को बढावा देने पर चर्चा की।

नार्वे - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नार्वे यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 43 वर्षों के अंतराल के बाद की जाने वाली नार्वे यात्रा थी। प्रधानमंत्री मोदी ने नार्वे के शहर ओस्लो में भारत - नार्डिक शिखर सम्मलेन में भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी को नार्वे का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रास ऑफ द रॉयल नार्वेजियन आर्डर ऑफ मेरिट से सम्मनित किया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी को मिला 32 वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।भारत और नार्वे के बीच ग्रीन एनर्जी और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप समझौते पर सहमति बनी।नार्वे के साथ स्वास्थ्य और डिजिटल तकनीक क्षेत्र में भी समझौते हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक संघर्ष के बीच भारत और यूरोप के रिश्ते नए स्वर्णिम समय में प्रवेश कर रहे हैं।

इटली - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पांचवां और अंतिम पड़ाव इटली रहा, जहां भारत और इटली ने आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए विशेष रणनीतिक साझेदारी पर बल दिया। दोनों नेताओं ने भारत- इटली साझेदारी के संपूर्ण आयामों पर विस्तृत चर्चा की और आपसी संबंधों को दिशा देने के लिए वर्ष 2025 - 29 की कार्य योजना की समीक्षा की। दोनों नेताओं के मध्य भारत - ईयू के मध्य मुक्त व्यापार समझौते पर भी चर्चा हुई। इटली की पीएम मेलोनी ने इंडिया-मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनामिक कारिडोर जैसी बड़ी वैश्विक पहल पर सहयोग बढ़ाने पर बल दिया है। 2027 में ॒भारत - इटली ईयर ऑफ कल्चर एंड टूरिज्म॒ मनाने की योजना पर भी चर्चा की गयी। आतंकवाद के मुद्दे पर भारत - इटली ने आपसी सहयोग और प्रगाढ़ करने का निर्णय किया है। इटली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी एएफओ के मुख्यालय में आयोजित समारोह में एएफओ का एग्रिकोला मेडल प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान कृषि , खाद्य सुरक्षा, और ग्रामीण विकास में भारत के योगदान के लिए प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री की इटली यात्रा के दौरान भारत की मेलोडी टॉफी चर्चा में रही क्योंकि यह स्वदेशी उत्पाद प्रधानमंत्री ने इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को उपहार में दिया।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्राएं कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण थीं, इनमें सामरिक, कूटनीतिक तथा रणनीतिक संदेश छिपे हुए थे। इस यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी नए अवसरों व सप्लाई चेन के नए मार्गों की खोज करने गए थे। यदि यूएई के रास्ते यूरोप के देशों तक नया कॉरिडोर बन जाता है तो इससे भविष्य में व्यापार बहुत आसान हो जायेगा।

**प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित**
**फोन नं. - 9198571540**

# जंगलों की मौत का नया पता – सोशल मीडिया का काला बाजार

जंगलों का सन्नाटा अब पेड़ों में नहीं, मोबाइल स्क्रीन पर कैद दिखता है। दुर्लभ पक्षियों, अजगर, पेंगोलिन और बाघों के अंगों की तस्वीरें बताती हैं कि वन्य जीवन अब डिजिटल बाजार का माल बन चुका है। मानव जुड़ाव के लिए बने सामाजिक मंच आज अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी के सबसे सुरक्षित अड्डे बन गए हैं। उंगलियों की मामूली स्क्रॉलिंग के साथ यह काला कारोबार कानून और धरती की जैव संपदा–दोनों को निगल रहा है। ग्लोबल इनिशिएटिव अगेंस्ट ट्रांसनेशनल ऑर्गनाइज्ड क्राइम की रिपोर्ट वाइल्डलाइफ हैज अ फेसबुक प्रॉब्लम के अनुसार अप्रैल 2024 से मार्च 2026 के बीच 22 हजार से अधिक जंगली जीवों और उनके अंगों की ऑनलाइन खरीद-बिक्री के विज्ञापन मिले। इनमें लगभग 75 प्रतिशत गतिविधियां अकेले फेसबुक पर दर्ज हुईं, जिनका अवैध कारोबार करीब 6.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

ये केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उस डिजिटल अराजकता का चेहरा हैं जहां कानून, नैतिकता और प्रकृति हार रहे हैं। जैव संपदा से समृद्ध भारत अब वन्यजीव तस्करों का आसान ठिकाना बनता जा रहा है। पेंगोलिन की खाल, बाघ के नाखून, भालू की पित्ताशय तथा दुर्लभ पक्षियों और सरीसृपों का अवैध व्यापार सामाजिक मंचों पर खुलेआम चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, फेसबुक पर बिक्री के लिए मिले लगभग 84 प्रतिशत जीव ऐसे थे, जिनका अंतरराष्ट्रीय व्यापार कन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड इन एंडेंजर्ड स्पीशीज के परिशिष्ट-एक के तहत प्रतिबंधित है, फिर भी उनकी खरीद-बिक्री जारी है। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि इनमें आधे से अधिक प्रजातियां अत्यंत संकटग्रस्त या संकटग्रस्त श्रेणी में हैं। विडंबना यह है कि कठोर वन्यजीव कानूनों वाले भारत में भी फेसबुक जैसे मंचों पर ये नियम लगभग बेअसर हैं।

वन्यजीव तस्करी का यह अंधेरा केवल अपराधियों की चालाकी नहीं, सामाजिक मंचों की नाकामी भी है। फेसबुक का तंत्र अब तस्करों की ढाल बन चुका है। बंद समूह, गुमनाम खाते, संदिग्ध सामग्री को बढ़ावा देने वाले एल्गोरिदम और कमजोर निगरानी इस अपराध को खुली छूट दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 76 प्रतिशत अवैध गतिविधियां बंद समूहों में संचालित हो रही हैं। एक बार ऐसा विज्ञापन दिखते ही एल्गोरिदम वैसी ही और सामग्री फैलाने लगता है, जिससे अपराध का जाल लगातार फैलता जाता है। तस्कर कोड भाषा, प्रतीकों और विदेशी पालतू जैसे शब्दों से निगरानी को आसानी से धोखा दे देते हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि 2018 में कोएलिशन टू एंड वाइल्डलाइफ ट्रैफिकिंग ऑनलाइन से जुड़कर 80 प्रतिशत कमी का दावा करने वाला फेसबुक 2026 तक इस संकट को क्यों नहीं रोक सका।

वन्यजीव तस्करी केवल कुछ जीवों के घटते अस्तित्व का संकट नहीं, बल्कि पूरी प्रकृति पर प्रहार है। पेंगोलिन आज दुनिया का सबसे अधिक तस्करी किया जाने वाला स्तनपायी बन चुका है और भारत में इसकी दोनों प्रजातियां गंभीर खतरे में हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न, नए केंद्रों के संचालन और व्याख्याताओं के चयन के निर्देश

## छात्रों को निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने की व्यवस्था होगी और सुदृढ़

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 25 मई 2026। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2026-27 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूपीएससी, नीट, जेईई और यूपीपीसीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए संचालित निःशुल्क कक्षाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।




**तीन केंद्रों पर पहले से चल रही है योजना**

जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि जनपद में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए तीन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं–

डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय, सेक्टर-37, नोएडा

पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-93, नोएडा

गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा

इन केंद्रों पर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है।

**दादरी में नया केंद्र खोले जाने की स्वीकृति**

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मिहिर भोज बालक इंटर कॉलेज, दादरी में एक नया अभ्युदय केंद्र स्थापित किए जाने पर सहमति प्रदान की। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 15 जुलाई से सभी केंद्रों पर नियमित कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही केंद्रों के संचालन हेतु आवश्यक सामग्री की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश भी दिए गए।

**ऑनलाइन कक्षाओं और रिकॉर्डिंग व्यवस्था पर जोर**

जिलाधिकारी ने सभी केंद्रों में ऑनलाइन कक्षाओं की बेहतर निगरानी और रिकॉर्डिंग के लिए आवश्यक उपकरण एवं तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने की सहमति दी। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें एवं स्टेशनरी सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**व्याख्याताओं के चयन में पारदर्शिता के निर्देश**

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि शासनादेश के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से व्याख्याताओं का चयन किया जाए।

साथ ही पूर्व में चयनित व्याख्याताओं का भी पुनः साक्षात्कार कर उनकी योग्यता और दक्षता के आधार पर पुनः चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**कई वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित**

बैठक में जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के कोर्स कोऑर्डिनेटर दीपांशु सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनगणना-2027 के प्रथम चरण के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 25 मई 2026। जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु आज जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनगणना कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को इसे प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के उप निदेशक अभिमन्यु सिंह ने वर्तमान प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

**जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताया**

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि




प्रत्येक मकान सूचीकरण ब्लॉक की दैनिक समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के कार्य पर सतत निगरानी रखी जाए।

**प्राधिकरण क्षेत्रों की समीक्षा में नाराजगी**

बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में चल रहे जनगणना कार्य की भी समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रेटर नोएडा, नोएडा एवं यमुना विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (एसीईओ) की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित किया जाएगा तथा 24 घंटे के भीतर प्रगति में सुधार सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**बैठक में कई अधिकारी रहे उपस्थित**

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी अजीत कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला विज्ञान अधिकारी डोली कुमारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, चार्ज अधिकारी तथा जनगणना निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# थाना सेक्टर-39 पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## तमंचा बरामद, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गौशाला तिराहा कट के पास से पकड़ा। उसके कब्जे से एक तमंचा (.315 बोर) बरामद किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजशेखर, पुत्र शोभरन सिंह (उम्र लगभग 29 वर्ष) के रूप में हुई है। अभियुक्त मूल रूप से मानपुर नगरिया, न्योली, थाना सोरो, जनपद कासगंज का निवासी है, जबकि वर्तमान में वह सेक्टर-10, थाना फेस-1 क्षेत्र, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था।

इस मामले में थाना सेक्टर-39 पर मु0अ0सं0 237/26, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार

दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने

के लिए संपर्क करें।

न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र

200 रुपये रोज में।

**पीएम सूर्यघर योजना के तहत मिलेगी भारी सब्सिडी**

# आरडब्ल्यूए और ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में सोलर रूफटॉप स्थापना को लेकर अपील जारी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 25 मई 2026। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यू०पी०नेडा), विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद गौतमबुद्धनगर में सोलर रूफटॉप स्थापना को लेकर अपील जारी की गई है।

प्रभारी परियोजना अधिकारी यू०पी०नेडा गौतमबुद्धनगर लवेश कुमार सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि "पीएम सूर्यघरः मुफ्त बिजली योजना" भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

**बड़े भवनों पर सोलर प्लांट लगाना अनिवार्य**

योजना के अंतर्गत रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), ग्रुप हाउसिंग सोसायटी (जीएचएस), हाईराइज भवन, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थान, हाउसिंग एवं कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स तथा ऐसे भवन जिनका क्षेत्रफल 5 हजार वर्गमीटर या उससे अधिक है, में सोलर पावर प्लांट की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

**18,000 रुपये प्रति किलोवाट तक अनुदान**

भारत सरकार द्वारा इस योजना के तहत अधिकतम 500 किलोवाट क्षमता तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर 18,000 रुपये प्रति किलोवाट की दर से, अधिकतम 90 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

यह सब्सिडी सार्वजनिक उपयोग जैसे स्ट्रीट लाइट, वाटर पंपिंग, सोसायटी कार्यालय एवं साझा ईवी चार्जिंग स्टेशन आदि के लिए भी उपयोगी है।

**प्रत्येक घर को भी मिलेगा लाभ**

आरडब्ल्यूए और जीएचएस के लिए प्रति घर अधिकतम 3 किलोवाट क्षमता तक की व्यवस्था निर्धारित की गई है। उदाहरण के तौर पर, 50 फ्लैट वाली सोसायटी सामान्य क्षेत्र की क्षमता के अनुसार सब्सिडी का लाभ ले सकती है।

इसके अलावा, सोसायटी के निवासी अपने-अपने घरों की छतों पर भी व्यक्तिगत रूप से इस योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं।

**सोसायटियों से अपील**

प्रभारी परियोजना अधिकारी ने जनपद की सभी आरडब्ल्यूए एवं ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों से अपील की है कि वे अपने परिसरों में सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कराकर शासन द्वारा प्रदत्त अनुदान का अधिकतम लाभ उठाएं और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दें। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

## जनपद में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 25 मई 2026। जनपद की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संचालित विद्युत परियोजनाओं, निमार्णाधीन कार्यों तथा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही विद्युत सेवाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।



**विद्युत परियोजनाओं और उपकेंद्रों की स्थिति की समीक्षा**

बैठक के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों की वर्तमान स्थिति, लाइन विस्तार कार्यों तथा तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की।

इसके साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया गया।

**समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में विद्युत व्यवस्था को निरंतर सुचारु बनाए रखने के लिए सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने कहा कि आमजन को निर्बाध और बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता में शामिल है। साथ ही उन्होंने विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान तथा उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश भी दिए।

**बैठक में अधिकारी रहे उपस्थित**

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, उपजिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# जिला चिकित्सालय में जल्द उपलब्ध होंगे आर्थो सर्जरी के इम्प्लांट, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

## हड्डी रोगियों को समय पर इलाज की सुविधा मिलने की उम्मीद

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। जिला चिकित्सालय में आर्थोपेडिक (हड्डी रोग) सर्जरी के लिए उपयोग होने वाले इम्प्लांट की कमी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार इम्प्लांट की अनुपलब्धता के कारण भर्ती मरीजों को ऑपरेशन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

**आपूर्ति व्यवस्था को किया जा रहा सुदृढ़**

अब जनहित को ध्यान में रखते हुए आर्थो विभाग में उपयोग होने वाले इम्प्लांट की आपूर्ति प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। इससे मरीजों को समय पर सर्जरी की सुविधा मिल सकेगी और उन्हें बाहर से महंगे इम्प्लांट खरीदने की बाध्यता से राहत मिलेगी।

**मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार**

अस्पताल प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि संबंधित एजेंसियों और विभागों के सहयोग से जल्द ही इम्प्लांट की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी।

इसके बाद हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी और जिला अस्पताल की सर्जरी सेवाएं और अधिक प्रभावी बनेंगी।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओटीएस योजना लागू, फ्लैट आवंटियों को ब्याज और पेनल्टी में राहत

## 30 सितंबर 2026 तक उठा सकेंगे योजना का लाभ

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ईडब्ल्यूएस से लेकर 135 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के बहुमंजिला फ्लैट आवंटियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू कर दी है। इस योजना के तहत आवंटियों को बकाया प्रीमियम और लीज डीड के विलंब शुल्क पर लगाए गए ब्याज एवं पेनल्टी में बड़ी राहत दी जाएगी। इस संबंध में कार्यालय आदेश 22 मई को जारी किया गया है। योजना की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है।

**बोर्ड बैठक में मिली थी मंजूरी**

यह योजना ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 143वीं बोर्ड बैठक में 2 मई को मंजूर की गई थी। इसके तहत बकाया प्रीमियम राशि पर दंडात्मक ब्याज नहीं लिया जाएगा, जिससे हजारों आवंटियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

**विलंब शुल्क में 80 प्रतिशत तक छूट**

जिन फ्लैटों की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हुई है, उन पर लगाए गए विलंब शुल्क में 80 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवंटियों को 1,000 रुपये की प्रोसेसिंग फीस के साथ आवेदन करना होगा और शेष बकाया राशि एकमुश्त जमा करनी होगी।

**करीब 1500 फ्लैटों की रजिस्ट्री संभव**

इस योजना से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से निर्मित लगभग 1500 फ्लैटों की रजिस्ट्री पूरी होने की संभावना है। इसके साथ ही लगभग 200 करोड़ रुपये की बकाया राशि भी प्राधिकरण को प्राप्त हो सकती है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने आवंटियों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ लेकर बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करें और लीज डीड की प्रक्रिया पूरी करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# ईद-उल-अजहा को लेकर थाना दनकौर में पीस कमेटी की बैठक, शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर

## धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर। पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में तथा डीसीपी/एडीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में एसीपी तृतीय ग्रेटर नोएडा अरविन्द कुमार द्वारा थाना दनकौर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पर्व ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद किया गया।



**शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील**

बैठक के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियों से बचा जाए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**अफवाहों से बचने की सलाह**

बैठक में सभी से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। साथ ही लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की गई, ताकि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

# थाना फेस-1 पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, 105 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद

समाज जागरण

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। थाना फेस-1 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को ए-18, सेक्टर-6 नोएडा के पास से पकड़ा। उसके कब्जे से 105 टेट्रा पैक देशी शराब (उत्तर प्रदेश मार्का) बरामद की गई।




गिरफ्तार आरोपी की पहचान यूसुफ, पुत्र काले खां (उम्र लगभग 25 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी मूल रूप से ग्राम सोरई, थाना खंडोली, जनपद आगरा का निवासी है, जबकि वर्तमान में वह जे.जे. कॉलोनी, थाना फेस-1 क्षेत्र, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद शराब को कब्जे में लेकर मामले की आगे जांच की जा रही है।

# थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध चाकू बरामद

समाज जागरण

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी को मल्टीलेवल पार्किंग, बॉटेनिकल गार्डन के पास से पकड़ा। उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू बरामद किया गया।



**आरोपी की पहचान**

गिरफ्तार आरोपी की पहचान फिरोज, पुत्र फजलू (उम्र लगभग 33 वर्ष) के रूप में हुई है। आरोपी मूल रूप से खड्डा कॉलोनी, थाना कालिंदी कुंज, नई दिल्ली का निवासी है, जबकि वर्तमान में वह ग्राम असावर, थाना गुलावटी, जनपद बुलंदशहर में रह रहा था।

**चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद**

पुलिस के अनुसार बरामद मोटरसाइकिल संबंधित मुकदमा संख्या 11831/2026 के तहत दर्ज है, जो थाना चितरंजन पार्क, दक्षिण दिल्ली क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।

**मामला दर्ज, आगे की कार्रवाई जारी**

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 317(2) बीएनएस एवं 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में जनगणना-2027 की तैयारियां तेज, HLB का गठन पूरा

## प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरू कर दिया गया है, जो 22 मई 2026 से प्रारंभ होकर आगे निर्धारित अवधि तक चलेगा।

इस प्रक्रिया के तहत नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में कुल 2281 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) बनाए गए हैं। जनगणना कार्य के लिए 2046 प्रगणकों तथा 341 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

**कई कर्मियों ने अभी तक कार्य सामग्री प्राप्त नहीं की**

प्रशासन द्वारा फोन कॉल, संदेश एवं व्हाट्सएप के माध्यम से लगातार सूचना देने के बावजूद अभी तक लगभग 700 प्रगणक और 140 पर्यवेक्षकों ने जनगणना सामग्री प्राप्त नहीं की है और न ही कार्य प्रारंभ किया है। आज 25 मई 2026 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण ने समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी कर्मचारी 26 मई 2026 को दोपहर 12:00 बजे तक जनगणना सामग्री प्राप्त कर कार्य प्रारंभ नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी**

सीईओ ने निर्देश दिया है कि निर्धारित समय सीमा तक कार्य शुरू न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 5 एवं धारा 11 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। प्रशासन ने इस कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी संबंधित कर्मचारियों को तत्काल अपनी जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए हैं।

# नॉलेज पार्क क्षेत्र में व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

## मृतक की पहचान महोबा निवासी 32 वर्षीय शिवम के रूप में

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 25 मई 2026। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्रान्तर्गत एक पार्क में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। सूचना मिलते ही थाना नॉलेज पार्क पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही फील्ड यूनिट एवं फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया।

**मृतक की हुई पहचान**

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शिवम (उम्र लगभग 32 वर्ष), पुत्र किशोरी, निवासी जनपद महोबा के रूप में हुई है। मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही भी की जा रही है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# थाना दनकौर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, न्यायालय के गैर-जमानती वारंट पर हुई कार्रवाई

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। थाना दनकौर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

मामला वादी की तहरीर से संबंधित है, जिसमें आरोप है कि अभियुक्त ने वादी के चचेरे एवं मौसेरे भाइयों को गाड़ी से टक्कर मारकर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया था। इस मामले में थाना दनकौर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। एनआरआई सिटी अंडरपास से गिरफ्तारी

दिनांक 25 मई 2026 को थाना दनकौर पुलिस ने माननीय न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सचिन भड़ाना, पुत्र तेजपाल सिंह उर्फ तेजा भड़ाना (उम्र लगभग 28 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त को एनआरआई सिटी के सामने अंडरपास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त मूल रूप से ग्राम गुनपुरा, थाना दनकौर, जनपद गौतमबुद्धनगर का निवासी है।

# ईद-उल-अजहा को लेकर ग्रेटर नोएडा में पीस कमेटी की बैठक, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर। पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी ग्रेटर नोएडा डॉ. प्रवीन रंजन सिंह द्वारा एडीसीपी ग्रेटर नोएडा संतोष कुमार एवं समस्त थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, धर्मगुरुओं तथा संभ्रांत नागरिकों के साथ आगामी पर्व ईद-उल-अजहा के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

**आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील**

बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ संवाद करते हुए अधिकारियों ने अपील की कि सभी लोग त्योहार को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाएं।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सोशल मीडिया पर भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# निचलपुर और मंझोली में गुलदार का आतंक, कई पशुओं को बनाया शिकार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। थाना क्षेत्र के गांव निचलपुर और मंझोली में इन दिनों गुलदार का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन हो रहे हमलों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि लोग शाम ढलते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं, जबकि किसान खेतों और पशुशालाओं तक जाने से डरने लगे हैं। ताजा घटनाओं में गुलदार ने कई पशुओं को अपना शिकार बना लिया, जिससे पूरे इलाके में भय और गुस्से का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राम निचलपुर निवासी समरपाल सिंह के भैंस के बच्चे पर देर रात गुलदार ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक पशुओं के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद लोग लाठी-डंडे लेकर मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक गुलदार भैंस के बच्चे को मौत के घाट उतार चुका था। वहीं ग्राम मंझोली में बाबूराम और धर्मपाल सिंह के पशुओं पर भी गुलदार ने हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि एक बछड़े को मारकर गुलदार उसका काफी हिस्सा खा गया।

सुबह जब ग्रामीण खेतों और पशुशालाओं की ओर पहुंचे तो वहां खून के धब्बे, जानवरों के अवशेष और गुलदार के पंजों के निशान देखकर सहम उठे। लगातार हो रहे हमलों के चलते गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि महिलाएं और बच्चे अकेले बाहर निकलने से डर रहे हैं, जबकि पशुपालकों को रातभर जागकर अपने पशुओं की रखवाली करनी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई दिनों से वन विभाग को गुलदार की मौजूदगी और लगातार हो रहे हमलों की सूचना दी जा रही थी, लेकिन विभाग की ओर से कोई गंभीर कदम नहीं उठाया गया। अब लोगों में वन विभाग की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो कई पशुओं की जान बचाई जा सकती थी।

ग्राम प्रधान हरीश चौहान समेत क्षेत्र के लोगों ने वन विभाग से तत्काल इलाके में पिंजरा लगाने और गुलदार को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि गुलदार अब आबादी के बेहद करीब पहुंच चुका है, जिससे इंसानी जान का खतरा भी बढ़ गया है।

फिलहाल निचलपुर और मंझोली गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं और वन विभाग की कार्रवाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# बकरीद को लेकर स्योहारा ईदगाह कमेटी सतर्क, सुबह 7 बजे होगी ईद की नमाज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। ईद-उल-अजहा (बकरीद) के पावन पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से स्योहारा ईदगाह कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बकरीद की नमाज सुबह ठीक 7 बजे ईदगाह परिसर में अदा की जाएगी।



बैठक शनिवार रात नमाज-ए-इशा के बाद कमेटी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. तारिक रजा के आवास पर आयोजित हुई। बैठक की सरपरस्ती शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने की, जबकि अध्यक्षता ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष अहसन एडवोकेट ने की। संचालन सोहेल जफर द्वारा किया गया।

बैठक में ईदगाह परिसर की साफ-सफाई, नमाजियों की सुविधा, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कमेटी पदाधिकारियों ने नगरवासियों से अपील की कि सभी लोग समय से पहले ईदगाह पहुंचें और सड़कों अथवा सार्वजनिक मार्गों पर नमाज अदा करने से बचें, ताकि किसी को असुविधा न हो।

शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने कहा कि कुबार्नी के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा अवशेषों को नगर पालिका परिषद द्वारा लगाए गए वाहनों में ही डाला जाए। उन्होंने लोगों से त्योहार को भाईचारे, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाने की अपील की।

बैठक में यह भी तय किया गया कि नमाज के समय और अन्य आवश्यक निर्देशों की जानकारी आम जनता तक व्यापक रूप से पहुंचाई जाएगी, ताकि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी एसपी इकबाल उज्जमा, डॉ. नफीस उर रहमान, डॉ. अकरम अंसारी, मोहम्मद आसिफ मंसूरी, सरफराज सैफी, एडवोकेट नवेद उर रहमान, सय्यद अम्मार रजा, फिरोज अहमद, जाहिद हुसैन, डॉ. तफज्जुल समेत कई गणमान्य नागरिक और कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित बिजनौर दौरे को लेकर तैयारियां तेज

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद बिजनौर में आगामी 30 मई, 2026 को प्रस्तावित माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री योगी आदित्यनाथ जी के विकास खंड अफजलगढ़ के ग्राम आलमपुर गांवड़ी क्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई।




बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ करें तथा सौंपे गए कार्यों की प्रगति से समय-समय पर अवगत कराते रहें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्वीकृत पत्र आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हें सुव्यवस्थित रूप से स्टेज पर लाने और जिन योजनाओं एवं परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा, उनकी सूची विभागवार एवं पूर्ण विवरण के साथ तैयार करना सुनिश्चित करें, जिससे समय पर किसी भी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न होने पाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल का नियमित निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान हेलीकॉप्टर लेंडिंग, सभास्थल, प्रेस गैलरी, सैफ हाऊस, पार्किंग आदि स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था साहित सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण मानक के आधार पर तैयार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, लोनिवि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत , कृषि तथा अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस महारास एवं उद्धव प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। ह्लश्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञह्व के षष्ठम दिवस परम पूज्य महामृत्युंजय पीठाधीश्वर महाकाल उज्जैन के स्वामी श्री प्रणवपुरी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं प्रेममय प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा स्थल भक्ति संगीत, मधुर भजनों एवं ह्लराधे-राधेह्व तथा ह्लजय श्रीकृष्णह्व के जयकारों से भक्तिमय बना रहा।



कार्यक्रम का शुभारंभ कथा आयोजक ओमप्रकाश शर्मा द्वारा विधिवत पूजन एवं भव्य आरती के साथ किया गया, जिसके पश्चात महाराज श्री व्यासपीठ पर विराजमान हुए। कथा के दौरान उन्होंने नन्द बाबा एवं वरुण देव के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब वरुण देव के दूत नन्द बाबा को बांधकर ले गए, तब भगवान श्रीकृष्ण ने जाकर उन्हें मुक्त कराया। इस घटना के पश्चात वरुण देव ने नन्द बाबा से बार-बार क्षमा याचना कर उनका सम्मानपूर्वक सत्कार किया।

महाराज श्री ने कहा कि किसी भी पिता के लिए इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है कि उसकी संतान अपने सद्कर्मों से माता-पिता का सम्मान बढ़ाए। वहीं यदि संतान गलत मार्ग पर चलती है, तो माता-पिता को उससे बड़ा कोई दुख नहीं होता। उन्होंने बच्चों एवं युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सदैव ऐसे कार्य करने चाहिए, जिनसे माता-पिता को गर्व एवं प्रसन्नता का अनुभव हो।

कथा में आगे महारास प्रसंग का वर्णन करते हुए स्वामीजी ने कहा कि भगवान को अपने भक्त में अभिमान बिल्कुल पसंद नहीं है। जब भक्त के मन में अहंकार आने लगता है, तब प्रभु किसी न किसी माध्यम से उसका अभिमान दूर कर उसे पुनः भक्ति एवं विनम्रता के मार्ग पर ले आते हैं।

उद्धव प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं यह संदेश दिया कि संसार में प्रेम ही सर्वोपरि है। ज्ञान, वैभव और तर्क से ऊपर यदि कुछ है, तो वह सच्चा प्रेम एवं समर्पण है। भगवान तक पहुँचने का सबसे सरल मार्ग निष्काम प्रेम और भक्ति ही है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण एवं आरती में सम्मिलित होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

इस अवसर पर उद्योगपति देवीचरण अग्रवाल, ललितेश जैन, आर.एस.एस. के विभाग कार्यवाह बृजेश यादव, महानगर कार्यवाह गौरव, सह कार्यवाह अभिषेक, नगर संघचालक संजय जैन एवं नगर कार्यवाह अनुराग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीआईओएस फिरोजाबाद ने अश्वनी जैन को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

फिरोजाबादः- जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, सिविल लाइन दबरई पर जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार ने श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रवक्ता एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रस्तावित नवाचार के कार्यक्रमों की प्रदर्शनी, जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, राष्ट्रीय गणित दिवस, स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन पर जन जागरूकता कार्यक्रम, अंधविश्वास के विरुद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं के भ्रमण कार्यक्रम, विकसित भारत बिल्डथोन कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम, उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम के साथ जनपद के विभिन्न प्रशासनिक कार्यक्रमों में मंच संचालक की भूमिका हेतु प्रदान की गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।




धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अश्वनी कुमार जैन द्वारा विज्ञान को जन जन तक पहुंचाने के संकल्प को विद्यार्थियों के मध्य अत्यंत सार्थक ढंग से किया जा रहा है। जिसमें जनपद के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदर्शित कर रहे हैं। विकसित भारत बिल्डथोन कार्यक्रम में उनके मार्गदर्शन में श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के विद्यार्थियों की टीम वाशुदेव और विशु प्रताप ने सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में विजयी होकर भारत सरकार द्वारा 25000 रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। इसके साथ ही जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में जैन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं।

अश्वनी कुमार जैन ने जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार, जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, शिक्षक साथियों एवं मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए सभी से अपील की है कि विद्यार्थियों को इन्सपायर अवार्ड मानक योजना, विद्यार्थी विज्ञान मंथन, राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, विज्ञान एवं अन्य सभी विषयों से सम्बंधित प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक प्रतिभाग कराकर उनकी कार्य करने की क्षमता में वृद्धि करें।

# योगी सरकार का ऐतिहासिक फैसला, प्रधानों को बनाया जाएगा ग्राम पंचायतों का प्रशासक

**- नई पंचायतों के गठन अथवा छह माह की अधिकतम अवधि तक निवर्तमान प्रधान होंगे प्रशासक**

**- सीएम योगी के निर्देशानुसार सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी, 26 मई को खत्म हो रहा पंचायतों का कार्यकाल**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 25 मई। प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। इसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ही ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि नई ग्राम पंचायतों के गठन अथवा अधिकतम छह माह की अवधि तक निवर्तमान प्रधान ही पंचायतों का सामान्य प्रशासनिक कार्य संभालेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर निवर्तमान प्रधानों को ग्राम पंचायतों में बतौर प्रशासक नामित किए जाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है, जिसके अनुसार 27 मई 2026 से निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। प्रशासकों को केवल सामान्य और रूटीन कार्यों के निर्वहन की अनुमति होगी। उनके द्वारा कोई नीतिगत निर्णय पर नहीं लिया जा सकेगा।

**विशेष परिस्थितियों में लेंगे डीएम से स्वीकृति**

इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि अत्यावश्यक अथवा किसी विशेष परिस्थिति में नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता पड़ती है तो उस प्रस्ताव को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा और उनकी स्वीकृति के बाद ही निर्णय लिया जा सकेगा।

# हर्निया ऑपरेशन के बाद युवक की मौत, परिजनों का अस्पताल में हंगामा

## पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला कराया शांत, अस्पताल सीज

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना टूंडला क्षेत्र के अलीनगर केजरा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में हर्निया ऑपरेशन के बाद युवक की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में शव रखकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सीज कर दिया है।



जानकारी के अनुसार थाना टूंडला के नगला गुमान निवासी 33 वर्षीय उमेश उर्फ कन्हैया पुत्र रामनाथ हर्निया की बीमारी से पीड़ित था। परिजनों ने उसे 19 मई को अलीनगर केजरा स्थित एमएस अस्पताल में भर्ती कराया था। ऑपरेशन के बाद रविवार 24 मई को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घर पहुंचने के कुछ ही देर बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए सरकारी ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

गुस्साए परिजन शव को लेकर दोबारा एमएस अस्पताल पहुंचे और अस्पताल परिसर में शव रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत कराया। इसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर गई।

इधर सूचना पर एसीएमओ डॉ. केके वर्मा भी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान अस्पताल संचालक के दस्तावेजों की पड़ताल की गई, जिसमें पता चला कि अस्पताल को एलोपैथिक अस्पताल संचालित करने की अनुमति नहीं थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सीज कर दिया।

### स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में कई निजी अस्पताल बिना वैध पंजीकरण और अनुमति के संचालित हो रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग समय रहते कार्रवाई नहीं करता। लोगों का कहना है कि जब किसी मरीज की मौत हो जाती है, तभी विभाग सक्रिय होता है।

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सरकार की योजनाएं एवं विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता -राजकुमार चाहर

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद।भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर के नेतृत्व एवं वर्गाधिकारी विजय शिवहरे की उपस्थिति में प्रदेश एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ 25 मई 2026 को स्थानीय मोती इंपिरियल रिसोर्ट, उसायनी में विधिवत उद्घाटन के साथ हुआ। प्रशिक्षण महाअभियान का उद्घाटन राष्ट्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष एवं सांसद राजकुमार चाहर ने किया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन सात सत्र आयोजित किए गए।

प्रथम सत्र में सांसद एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में सदस्य विधान परिषद मानवेंद्र सिंह गुरुजी ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। तृतीय सत्र में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा ने संगठन के कार्य विस्तार पर विस्तृत जानकारी दी।

चतुर्थ सत्र में प्रदेश सह चुनाव अधिकारी अनिल चौधरी ने कार्य पद्धति एवं सिद्धांतों पर अपने विचार रखे। पंचम सत्र में प्रदेश मंत्री एवं सदस्य विधान परिषद तथा प्रशिक्षण वर्गाधिकारी विजय शिवहरे ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास एवं विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। छठवें सत्र में दीपक बघेल एवं गौरव वार्ष्णेय ने मीडिया प्रबंधन एवं सोशल मीडिया आईटी के विषय में कार्यकताओं को विस्तार से जानकारी दी। सातवें सत्र में पीलीभीत के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह ने बूथ प्रबंधन, मन की बात एवं ए आई कार्यक्रमों के संचालन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

प्रशिक्षण महाअभियान के उद्घाटन से पूर्व सांसद राजकुमार चाहर द्वारा भारतीय जनता पार्टी की विकास यात्रा एवं उपलब्धियों को दशार्ने वाली प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में पार्टी के इतिहास, विचारधारा एवं सरकार की प्रमुख योजनाओं को प्रदर्शित किया गया, जिससे कार्यकताओं को संगठन की पृष्ठभूमि एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त हो सके।



वर्गाधिकारी विजय शिवहरे ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत 12 सत्रों में कार्यकताओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना एवं संगठन को और अधिक मजबूत करना है।

महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने कहा कि यह अभियान कार्यकताओं के वैचारिक सुदृढ़ीकरण, व्यक्तित्व विकास एवं संगठन मजबूती के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने इसे पार्टी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताते हुए कहा कि इससे कार्यकर्ता भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होंगे।

प्रशिक्षण अभियान में मुख्य रूप से विधायक सदर नानक चंद अग्रवाल, मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर, शिव मोहन श्रोतीय राजेंद्र बौहरे दीपक गुप्ता कालू, आकाश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अंकित तिवारी, राजेश झा, देवेश भारद्वाज, रामनरेश कटरा, आनंद अग्रवाल, सुनील टंडन, राकेश शंखवार, पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा, गीता देवी दिवाकर, रानी गुप्ता, कन्हैया लाल गुप्ता, बीएल वर्मा, सुनील शर्मा, डॉ. लक्ष्मी नारायण यादव, अरविंद पचौरी, विवेक अग्रवाल, प्रमोद पाल बघेल, उदय प्रताप सिंह, शैलेंद्र गुप्ता, शालू, योगेंद्र बाबा, आशीष यादव, विष्णु सक्सेना, अनुपम शर्मा, आकृति सहयोगी, राम लड़ैती, लकी, पूनम शर्मा, विमलेश जाटव, राम अवतार गुर्जर, मंडल अध्यक्ष गौतम कुशवाह, लायक सिंह शंखवार, देश दीपक राजा, प्राचीन सेठ, शिवम दीक्षित, भारत सिंह बर्मा, अनार सिंह कुशवाहा, सत्य प्रकाश यादव सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 17 राज्यों के छात्र-छात्राएं यूपी में लेंगे फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी समेत अन्य विषयों में प्रशिक्षण

**- यूपीएसआईएफएस में 6 हफ्ते की समर इंटर्नशिप शुरू, 108 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा**

**- हमारा मुख्य उद्देश्य सर्टिफिकेट देना ही नहीं, कौशल विकास करना हैः डॉ. जीके गोस्वामी**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 25 मईः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी का हब बनकर उभर रहा है। अब यूपी अपने ही नहीं, दूसरे राज्यों के छात्र-छात्राओं को भी विभिन्न माध्यम से प्रशिक्षण दे रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ (यूपीएसआईएफएस) में ग्रीष्मकालीन (समर) इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार से हुई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित 17 राज्यों के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से कुल 108 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह सभी छात्र-छात्राएं छह हफ्ते तक विषय विशेषज्ञों द्वारा लॉ, फोरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल फोरेंसिक विषयों की गहनता से जानकारी व दक्षता प्राप्त करेंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ मिले निर्देश पर इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने किया। उन्होंने डेटा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में जिसके पास जितना डाटा रहेगा वह उतना ही सबल होगा। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के लिए बेहतर अवसर है, जिसके लिए आप में लगनशीलता होनी चाहिए। अगर लगन है तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यूपीएसआइएफएस में बिताये गए आपके छह हफ्ते आपके भविष्य के द्वार को खोलेगा, आपको अपनी योग्यता से ऐसे अवसर का लाभ लेना चाहिए।

# जैन साध्वी की दुर्घटना में हुई मौत के विरोध में जैन समाज द्वारा निकाला गया मोन जुलूस जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जैन साध्वी की दुर्घटना में हुई मौत के विरोध में नगर की समस्त जैन समाज द्वारा मोन जुलूस निकाला गया। तथा जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया गया। मोन जुलूस में जैन समाज के सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया।

कुछ दिनों पहले मध्य प्रदेश के रीवा जिले में पूज्य आर्यका श्रुति मति माता एवं पूज्य आर्यका उपसमिति मति माता का पद बिहार करते समय एक तेज रफ्तार से आती हुई कार द्वारा पीछे से टक्कर मार कर की गई हत्या के विरोध में सम्पूर्ण भारत वर्ष में आज प्रातः मोन जुलूस निकाल कर विरोध प्रकट किया। इसी क्रम में नगर में भी समस्त जैन समाज द्वारा आचार्य श्री सुरत्न सागर गुरुदेव के आदेशानुसार अत्तावाला जैन मंदिर से मोन जुलुस निकाला गया। यह मोन जुलूस सदर बाजार, बाग छिंगामल, विवेकानंद चौराहा, बस स्टैंड होते हुए श्री महावीर जिनालय पहुंचा। जुलूस में सेंकड़ों जैन समाज के सभी वर्ग महिलाओ पुरुष एवं बुजुर्ग और बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जुलूस में जैन समाज के लोग पुरुष श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं पीत वस्त्र पहन कर हाथों में ' श्रद्धांजलि नहीं, सुरक्षा का संकल्प ' दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो ', 'तप और त्याग की परंपरा का हम सबका संकल्प ' आदि अनेकों नारे लिखे हुए तख्तीयां लेकर चल रहे थे। श्री महावीर जिनालय पहुँच कर जुलूस एक सभा माँ परिवर्तित हो गया। जहां पर समाज के लोगों ने जिलाधिकारी महोदय रमेश रंजन को मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकारों से मांग की गई कि ' यह दुर्घटना नहीं है जानबूझकर कर की गई हत्या है अतः दोषियों पर ऐसी कठोर कार्यवाही हो की आगे आने वाले समय में भी कोई ऐसा दुस्साहस न करें। समाज द्वारा मांग की गई की अभी पिछले कुछ समय से ऐसी वीभत्स घटनायें अनेकों सामने आई हैं तथा जैन धर्म के साधु, साध्वी सदैव एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए सदैव पैदल ही बिहार करते हैं अतः केंद्र सरकार एवं देश की सभी राज्य सरकारें एक प्रोटोकॉल बनाकर उनके बिहार की सुरक्षा सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय ने भी जैन समाज को आश्वासत किया कि उनका यह ज्ञापन तत्काल केंद्र और राज्य सरकार को भेज कर तुरंत कार्यवाही के लिए अनरोध किया जायेगा।




जुलूस में अजय जैन एडवोकेट, अरुण जैन पीली कोठी, राजेंद्र प्रसाद जैन, चंद्र प्रकाश जैन, ललितेश जैन, विनोद जैन मिलेनियम, देवेंद्र जैन रसूलपुर, सपा राष्ट्रीय सचिव सतेंद्र जैन सोली, मनोज जैन दद्दा, दीपक जैन अत्तार, मनोज जैन जेपी, महेंद्र जैन गुल्ली, अशोक जैन भदावर, अतुल जैन, राहुल जैन एम आर, प्रदीप जैन पी पी, मनीष जैन किड्स, सौरभ जैन किड्स, संजीव जैन संजू, मयंक जैन माइक्रो, डॉ धीरेन्द्र जैन, राजेश जैन, के साथ सेंकड़ों जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

# लायंस क्लब टटीरी ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित, वंशक, यश व वत्सल को मिला जियालाल प्रेमवती सम्मान

### हाईस्कूल-इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पगड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया हौसला

**समाज जागरण**

अग्रवाल मंडी टटीरी। लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में सोमवार को लायंस क्लब अग्रवाल मंडी की ओर से मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ। पीएमजेएफ लायन ईश्वर अग्रवाल घेवर वालों द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में स्थापित जियालाल प्रेमवती सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों में गेटवे बागपत के वंशक गोयल पुत्र ब्रजेश गोयल, एंजेल्स स्कूल बागपत के यश मित्तल पुत्र सतीश मित्तल और डीपीएस गाजियाबाद के वत्सल



गर्ग पुत्र नितिन गर्ग शामिल रहे। सभी को पटका पहनाकर, पगड़ी ओढ़ाकर जियालाल प्रेमवती अग्रवाल प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। छात्रों के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। मंडल

अध्यक्ष पीएमजेएफ लायन विनय सिसोदिया व सलाहकार एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने छात्रों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि ऐसे सम्मान कार्यक्रम बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में लायन दीपक गोयल, लायन डॉ. रामलाल, सतीश जिंदल, लायन मनोज मित्तल, लायन अनिल गांधी, लायन डॉ. प्रदीप नेन, लायन डॉ. मयंक गोयल, डॉ. दीपक शर्मा, ब्रजेश गोयल, ज्योति गोयल, भारती गर्ग, सोनम समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीडीएस पब्लिक स्कूल में छात्राओं को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण बागपत।**

सीडीएस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी में किसान मसीहा एवं भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के पखवाड़े में नवोदय लोक चेतना कल्याण समिति वात्सल्य तथा पाव संस्था रजिस्टर्ड लखनऊ द्वारा विद्यालय की छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी सुखबीर सिंह राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय लोकदल अजय कुमार अमित फौजी नवोदय लोक चेतना कल्याण समिति के महासचिव देवेंद्र धामा आदि उपस्थित रहे। स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जीवन




चरित्र व शैक्षिक योग्यता तथा विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डालकर छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया। चौधरी सुखबीर सिंह ने बताया कि छात्र जीवन विद्यार्थियों के लिए संघर्ष एकाग्रता और चरित्र निर्माण का समय है, इस जीवन में हमें लक्ष्य को निर्धारित कर उसी की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। हमें चौधरी चरण सिंह जैसे महापुरुषों के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने विशिष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र बांटे तथा छात्रों को विभिन्न तरह की क्रिया-कलापों में रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छात्राएं ही आगामी देश का भविष्य हैं तथा मातृत्व शक्ति के बिना किसी भी देश का विकास संभव नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में खेल जगत में प्रशासनिक सेवा में सिविल सर्विस में सभी जगह मात्र शक्तियों का विशेष योगदान रहा है। छात्राओं को भी अपना भविष्य निर्माण के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संत कुमार धामा ने बताया कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जीवन आदर्श व्यक्तित्व का अनुसरण करना हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है और अपने जीवन में सफल पाने के लिए हमें उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संत कुमार धाम ईश्वर चौधरी सत्येंद्र शर्मा अलका मीनाक्षी शर्मा अमरदीप धाम विकास सर सोनू सिंह प्रीति धाम आदि अध्यापक- अध्यापिकाएं व सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में पढ़ाई व अनुशासन न छूटे, डॉ. राजीव खोखर ने छात्रों को दिए 10 जरूरी टिप्स

### दा स्पार्क पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य बोले- पानी खूब पिएं, जंक फूड से बचें, योग व किताबों को बनाएं दोस्त

**समाज जागरण**

बागपत। दा स्पार्क पब्लिक स्कूल बिटावदा के प्रधानाचार्य व शिक्षाविद् डॉ. राजीव खोखर ने ग्रीष्मकालीन अवकाश पर विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए महत्वपूर्ण संदेश जारी किया। डॉ. खोखर ने कहा कि अवकाश मौज-मस्ती के साथ शिक्षा की निरंतरता के लिए भी जरूरी है। विद्यार्थी रोज कुछ समय पढ़ाई को दें, सुबह जल्दी उठें और समय पर सोएं। भीषण गर्मी से बचने को खूब पानी पिएं, धूप में टोपी या छाते का



प्रयोग करें और जंक फूड की जगह पौष्टिक आहार लें। उन्होंने मोबाइल, टीवी व वीडियो गेम का सीमित इस्तेमाल करने, रोज योग, व्यायाम या खेलकूद से जुड़ने की सलाह दी। माता-पिता व बड़ों का सम्मान करने, घर के छोटे कार्यों में हाथ बटाने पर जोर दिया। रोज समाचार पत्र, प्रेरक कहानियां या महापुरुषों की किताबें पढ़ने, पौधे लगाने व जल संरक्षण करने को कहा। डॉ. खोखर ने गृहकार्य समय पर पूरा करने, चित्रकला-हस्तकला जैसी रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने और अनजान लोगों व जगहों से सावधान रहने की हिदायत दी। अभिभावकों से बच्चों के समय के सदुपयोग में सहयोग की अपील की।

# पक्षियों की सेवा को 151 अन्न-जल पात्र वितरित, एएसपी बोले- जीव सेवा से मिलता है परमार्थ

### धर्मसंघ के कार्यक्रम में नीरज शर्मा व पं. जय भगवान शर्मा ने भी की अपील, कहा- मुहिम से जुड़ें लोग

**समाज जागरण**

खेकड़ा। अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ खेकड़ा की ओर से बेजुबान पक्षियों की सेवा के लिए अवार्चीन इंटर कॉलेज प्रांगण में अन्न-जल पात्र वितरण समारोह हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह चौहान, पुरा महादेव के मुख्य पुजारी पं. जय भगवान शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि सुनील धामा, उद्यमी मुकेश गुप्ता व महामंत्री उमेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह में 151 श्रद्धालुओं व छात्र-छात्राओं को पक्षियों की सेवा के लिए अन्न-जल पात्र वितरित किए गए। एएसपी प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि जीवात्मा की सेवा ही परमार्थ का मार्ग है। बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा से परमात्मा खुश होते हैं। धर्मसंघ की यह पहल जिले में मिसाल बनेगी।




भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि धर्मसंघ की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाएं। पं. जय भगवान शर्मा ने कहा कि इस मुहिम से जुड़ने वाला व्यक्ति लोक-परलोक दोनों में पुण्य का भागी बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. जय भगवान शर्मा ने की, संचालन महामंत्री उमेश शर्मा ने किया। इस दौरान गुड्डू जैन, मनोज धामा चार्ली, आशु शर्मा, उमाशंकर शर्मा, अतुल रुहेला, अनिरुद्ध गौड़, हर्ष धामा, नवीन प्रधान, संदीप पाटिल, अरशद खान, किशनदत्त शर्मा, हरिओम, अरुण शर्मा, पिंटू तेवतिया, आशू यादव, प्राचार्य मीनाक्षी स्वामी, डब्बू मेंबर अशोक कौशिक, ब्रह्मानंद शर्मा, ओम दत्त शर्मा समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी टटीरी ने लगाया रक्तदान शिविर

**समाज जागरण बागपत।**

रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी डिस्ट्रिक्ट 3100 एवं जिला ब्लड बैंक बागपत के संयुक्त तत्वाधान में अग्रवाल मंडी टटीरी की अग्रवाल धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें रक्तदान करने के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर रोटेरियन पी डी जी अशोक गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 26 यूनिट रक्त एकत्रित



किया गया। रोटरी क्लब के पदाधिकारियो ने शिविर में आए सभी अतिथियों का पटका व माला पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मान किया। शिविर में ब्लड देने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष रोहित गोयल, प्रवीण कुमार टाटा स्काई, अध्यक्ष राजीव गोयल, सचिव संजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा, सुप्रसिद्ध समाजसेवी अंकुर शर्मा, ब्लड बैंक बागपत की जिला प्रभारी डॉक्टर ऐश्वर्या चौधरी, प्रवीण चौधरी, दीपक गोयल, मनोज जैन, प्रवीण गोयल, सोनू टटीरी, विनेश राजपूत, अमित गोयल, दीपक गुप्ता, दिनेश गुप्ता, प्रवीण मैथिली एवं सभी रोटेरियन उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई मीठे शरबत की छबील

### राहगीरों को शरबत पिलाकर दिया सेवा और मानवता का संदेश

**समाज जागरण बड़ौत।**

नगर के बावली रोड स्थित प्रतिष्ठान पर सोमवार को गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा मीठे शरबत की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी के बीच श्रद्धालुओं ने राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई और सेवा भाव का परिचय दिया।

गंगा दशहरा पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। इस अवसर पर दान-पुण्य, जल सेवा और जरूरतमंदों की सहायता को विशेष महत्व दिया जाता है। इसी भावना के साथ श्रद्धालुओं ने छबील लगाकर लोगों की सेवा की। छबील के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों, यात्रियों और स्थानीय लोगों ने मीठे शरबत का सेवन किया। गर्मी में ठंडा शरबत पाकर लोगों ने



श्रद्धालुओं के इस सेवा कार्य की सराहना की। पूरे आयोजन के दौरान सेवा, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्ण मोहन चौहान, मनोज खोखर, राजीव तोमर, रवि चौहान, रॉबिन राणा,सोनू चौहान, अंकित तोमर, अक्षय चौहान, ईशु चौहान, इंदर चौहान, आशुतोष चौहान, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, सत्येंद्र कुमार,वंश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बरनावा जैन मंदिर के समर्थन में एक जुट हुआ समाज, विरोधी ताकतों का डटकर करेंगे मुकाबला

**समाज जागरण बिनौली।**

बरनावा के श्री चंद्र प्रभू दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार को समग्र जैन समाज के लोगों की एक बैठक हुई। जिसमें विभिन्न शहरों से आये समाज के लोगों ने कुछ शरारती किस्म के लोगों पर मंदिर के भव्य निर्माण कार्य और विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाकर आक्रोश जताया, और मंदिर विरोधी तत्वों की साजिशों के खिलाफ एकजुटता का प्रस्ताव पास करके मंदिर निर्माण कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया। बैठक में दिल्ली, मेरठ, बागपत,



सरधना, खतौली, बड़ौत, बिनौली, गाजियाबाद, मोदीनगर, पानीपत से बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग पहुचें। यहॉ पर पंकज जैन ने बताया कुछ शरारती किस्म के लोग साजिशन झूठे आरोप लगाकर भव्य मंदिर निर्माण कार्य और विकास कार्य में बाधा उत्पन कर रहे हैं। जो बहुत ही चिंता का विषय हैं। समाज के लोगों ने उनके साथ बैठकर सहमति बनाने का भी प्रयास किया लेकिन वह नही माने। उन्होंने आरोप लगाया कि वे लोग समिति पर दबाव बनाकर अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद हासिल करना चाहते हैं। बैठक में पूर्व आईएएस एस के जैन, मुकेश जैन, सतेंद्र जैन, योगेश जैन, सुशील जैन ने मंदिर विरोधी तत्वों के द्वारा जगह जगह झूठी शिकायतें करने, झूठे मुकदमें दर्ज कराने की कड़े शब्दों में निंदा की और सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित करके इस तरह गलत हथकंडे अपनाने वाले और मंदिर की छवि खराब करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई करने के लिये वे हर समय मंदिर समिति के साथ हैं। बैठक में सुनील जैन, राजीव जैन, रमन जैन, प्रमोद जैन, विकास जैन, प्रदीप जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे। वही इस संबंध में दूसरे पक्ष के बरनावा के मोहित जैन का कहना था आज बैठक में उनका पक्ष नही सुना गया। उन पर लगाये गए सभी आरोप गलत हैं। मंदिर निर्माण और विकास कार्य के लिये वे पूर्ण रूप से मंदिर के लिये समर्पित हैं।

# लिफ्ट मांगकर बाइक सवार की जेब से उड़ाई नगदी

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक व्यक्ति से बाइक पर लिफ्ट लेने वाले युवक ने जेब से 400 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया और थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।गांव सुन्ना निवासी इकबाल सोमवार को किसी कार्य से कैराना गया हुआ था। और अपनी बाइक से वापस गांव लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में एक युवक ने उसे रोककर कांधला तक छोड़ने की बात कहते हुए लिफ्ट मांग ली। इंसानियत



के नाते इकबाल ने युवक को बाइक पर बैठा लिया।पीड़ित का आरोप है कि रास्ते में पीछे बैठे युवक ने उसकी जेब से 400 रुपये की नगदी निकाल ली। बाइक सवार थाना परिसर के निकट पहुंचा तो आरोपी उतरकर वहां से भागने लगा। इसी दौरान पीड़ित को जेब से रुपये गायब होने का पता चला। शक होने पर उसने युवक को पकड़ लिया और शोर मचा दिया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# जैन मिलन बडौत ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**समाज जागरण बागपत।**

जैन मिलन नगर बड़ौत द्वारा भारतीय जैन मिलन का स्थापना दिवस समारोह व जैन मिलन नगर बड़ौत का शपथ ग्रहण समारोह व हाईस्कूल एवं इंटर के जैन मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह भव्यता के साथ शगुन फार्म हाउस बडौत में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री वीर अजय कुमार जैन, फाउंडेशन के मंत्री वीर अविनाश जैन, विशिष्ट अतिथि अंशु जैन पुलिस क्षेत्राधिकारी बड़ौत, मुकेश जैन, नीरज जैन एवं अतुल जैन सभासद की गौरवमई उपस्थिति रही।



स्वागत अध्यक्ष वीर अनिल कुमार जैन ने सभी को तिलक लगा कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ सुनील जैन ने किया। महावीर प्रार्थना वरदान जैन एवं राजेश जैन भारती द्वारा की गई। राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन सहारनपुर द्वारा जैन मिलन नगर बड़ौत का शपथ ग्रहण कराया गया। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र जैन राजकमल ने भारतीय जैन मिलन के इतिहास के संबंध में बताया। इसके पश्चात बड़ौत क्षेत्र के हाईस्कूल और इंटर के मेधावी बच्चों (जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं) का सम्मान स्वागत अध्यक्ष अनिल जैन द्वारा किया गया। जैन मिलन नगर के अध्यक्ष विनय कुमार जैन, मंत्री अंचित जैन एडवोकेट, कोषाध्यक्ष विपिन जैन एवं कार्यकारी अध्यक्ष अनंत जैन द्वारा सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कमल दीप जिन्दल प्राचार्य द्वारा इस अवसर पर आचार्य विद्यासागर जी पर आधारित कविता प्रस्तुत की गई। संचालन भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वरदान जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नरेन्द्र जैन राजकमल, राजेश भारती, विनय जैन, प्रोफेसर महेंद्र जैन, सुमन जैन, संतोष जैन एडवोकेट, डॉक्टर राकेश जैन, मुकेश जैन, आशीष जैन सी ए, सुधीर कुमार जैन, मनोज जैन, सुनील जैन सहित लगभग 250 सदस्यों की उपस्थित रही।

# सरकारी अस्पताल में जन औषधि केंद्र शुरू, मरीजों को मिलेगी सस्ती दवा

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के सरकारी अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया।इस दौरान डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप मरीजों को बेहतर और सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जन औषधि केंद्र की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र पर बाजार की तुलना में कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध होंगी, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को राहत मिलेगी।उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में जन औषधि केंद्रों का विस्तार किया जा




रहा है, ताकि आर्थिक तंगी के कारण किसी मरीज को दवा के बिना न रहना पड़े। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना से भी करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि अब अस्पताल आने वाले मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अस्पताल परिसर में ही सस्ती दरों पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई कर्मचारी मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने नई दिल्ली में देश का सबसे बड़ा जैव चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कार्यक्रम " मेडिकल इनोवेशन पेटेंट मित्र : इनोवेटर्स - टू - इंडस्ट्री कनेक्ट " आयोजित किया

### मजबूत विज्ञान - उद्योग साझेदारी के माध्यम से भारत किफायती स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के वैश्विक स्रोत के रूप में उभर रहा है : केंद्रीय राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने पहले इनोवेटर-इंडस्ट्री प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया और उद्योग क्षेत्र को 41 सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित कीं जैव चिकित्सा अनुसंधान और टीका निर्माण को मजबूत करने के लिए देश में पहली बार निष्क्रिय केएफडी और चांदीपुरा वायरस बायोमटेरियल उद्योग क्षेत्र के भागीदारों को सौंपा गया है

भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों में वैश्विक नेता के रूप में उभरने की वैज्ञानिक क्षमता है : नीति आयोग सदस्य डॉ. गोबरधन दास

मेडिकल इनोवेशन पेटेंट मित्र स्वदेशी जैव चिकित्सा अनुसंधान को प्रयोगशालाओं से लोगों तक पहुंचाने की प्रक्रिया को गति प्रदान करता है : स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के अंतर्गत भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने आज नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में भारत के सबसे बड़े जैव चिकित्सा एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुविधा कार्यक्रम "मेडिकल इनोवेशन पेटेंट मित्रः इनोवेटर्स-टू-इंडस्ट्री कनेक्ट" का आयोजन किया।

इस अवसर पर आईसीएमआर मेडिकल इनोवेशन पेटेंट मित्र पहल के तहत जैव चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए समर्पित देश के पहले संरचित प्लेटफार्म की शुरूआत की गई। इस पहल का उद्देश्य मजबूत उद्योग साझेदारी के माध्यम से स्वदेशी जैव चिकित्सा अनुसंधान को सुलभ, वास्तविक दुनिया के स्वास्थ्य सेवा समाधानों में परिवर्तित करना है।

आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर गोबरधन दास भी उपस्थित थे।

राज्य मंत्री श्री जाधव ने कहा कि यह पहल भारतीय विज्ञान को उद्योग से जोड़ने की दिशा में एक निर्णायक कदम है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारी प्रयोगशालाओं में विकसित नवाचार ऐसी प्रौद्योगिकियों में तब्दील हों जो जन स्वास्थ्य को मजबूत करें और विकसित भारत को आगे बढ़ाएं। भारत स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों का उपभोक्ता होने से आगे बढ़कर किफायती और नवोन्मेषी स्वास्थ्य समाधानों का वैश्विक स्रोत बनने की ओर अग्रसर है,।

इसमें आईसीएमआर जैसे संस्थानों और उद्योग क्षेत्र की मजबूत साझेदारी शामिल है।

नीति आयोग के सदस्य डॉ. गोबरधन दास ने कहा कि भारत के पास स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों में वैश्विक नेता के रूप में उभरने की वैज्ञानिक क्षमता और नवाचार इकोसिस्टम के पास मौजूद है। मेडिकल इनोवेशन पेटेंट मित्र बौद्धिक संपदा की रक्षा करने, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को सक्षम बनाने और स्वदेशी नवाचारों को प्रयोगशालाओं से समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव डॉ. राजीव बहल ने कहा, "मेडिकल इनोवेशन पेटेंट मित्र आईसीएमआर की अत्याधुनिक अनुसंधान को प्रयोगशालाओं से आगे बढ़कर उद्योग क्षेत्र की साझेदारी और प्रभावशाली प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

इस कार्यक्रम के दौरान, 'इंडियन बायोमेडिकल पेटेंट लैंडस्केप रिपोर्ट' और 'टेक्नोलॉजी कंपेंडियम' भी जारी किए गए। यह देश के बायोमेडिकल नवाचार, बौद्धिक संपदा और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आईसीएमआर संस्थानों और नवप्रवर्तकों द्वारा उद्योग भागीदारों को 41 सार्वजनिक

स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों का सौंपा जाना इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण रहा। इससे उनके विकास, उत्पादन और व्यावसायीकरण बढ़ावा मिलेगा। इन प्रौद्योगिकियों में उन्नत निदान, टीके, चिकित्सा उपकरण और जैव चिकित्सा समाधान शामिल हैं जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं पर बल देते है। हस्तांतरित प्रौद्योगिकियों में टाइफाइड और पैराटाइफाइड के लिए ग्लाइकोकॉन्जुगेट और रिकॉम्बिनेंट टीके, साथ ही

जापानी एन्सेफलाइटिस, तपेदिक और चेचक जैसी बीमारियों के लिए निदान प्रौद्योगिकियां शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान निष्क्रिय केएफडी और चांदीपुरा वायरस सहित जैव सामग्री को उद्योग क्षेत्र के भागीदारों को सौंपा गया। इससे देश के जैव चिकित्सा अनुसंधान और विनिर्माण इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी। इस आयोजन में आईसीएमआर संस्थानों, शोधकताओं और स्टार्टअप्स द्वारा विकसित निदान, उपचार और चिकित्सा उपकरणों में 100 से अधिक प्रौद्योगिकियों को दशार्या गया। साथ ही नवप्रवर्तकों और उद्योग हितधारकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद को सुगम बनाया गया।

इनोवेटर्स-टू-इंडस्ट्री कनेक्ट" पहल मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी के साथ विकसित भारत 2047 के लिए भारत के बायोमेडिकल क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# होमगार्ड पर चालक से मारपीट का आरोप, पालिका कर्मियों का प्रदर्शन

– नायब तहसीलदार का हमराह है होमगार्ड, कार्रवाई व माफी की मांग, २४ घंटे का अल्टीमेटम



**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) नगरपालिका में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत चालक के साथ नायब तहसीलदार के हमराह होमगार्ड द्वारा मारपीट और अभद्रता किए जाने का आरोप लगा है। इसी को लेकर पालिका में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि 24 घंटे के भीतर कार्रवाई और माफी नहीं मिलने पर आंदोलन किया जाएगा। साथ ही, नगर की सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी।

सोमवार शाम करीब पांच बजे नगरपालिका परिसर में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी की। बताया कि पालिका में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत चालक मेहरबान रविवार शाम पानीपत रोड पर एंटी स्मॉग वाहन के साथ ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान वाहन तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर बंद हो गया। आरोप है कि तभी वहां पहुंचे नायब तहसीलदार के हमराह एक होमगार्ड ने चालक मेहरबान के साथ मारपीट की। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों के साथ भी गाली-गलौज की गई तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। घटना से पालिका कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष दीपक कुमार पाहिवाल ने कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर संबंधित होमगार्ड द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई और उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे तथा सफाई व्यवस्था भी बंद कर दी जाएगी। बाद में कर्मचारियों ने घटना के संबंध में कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)ऑल इंडिया मजलिस -ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के विस्तार और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पार्टी की नीतियों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मेहताब चौहान तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव डॉ. नीरज बौद्ध उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में जिला एवं प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों के बीच संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीतियों पर गहन मंथन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत किया जाएगा। इस दौरान जिला महासचिव चौधरी जावेद, सचिव नासिर हसन, मोमीन चौधरी, मौलाना शहजाद, रिजवान अंसारी, याकूब फौजी, इरफान, कारी शहजाद, एडवोकेट नौशाद मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर जगह- जगह लगाई गई छबील



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिलेभर में गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर जगह जगह मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान भीषण गर्मी में लोगों को शर्बत पिलाकर पुण्य कार्य किया गया। सोमवार को जिलेभर में गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर अनेकों सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा जगह जगह मीठे पानी की छबील लगाई गई। शहर के करनाल रोड पर एएसपी सुमित शुक्ला द्वारा गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर शर्बत वितरण किया गया। जिसमें सैकडों आने जाने वाले लोगों को ठंडा शर्बत वितरित कर गर्मी में प्यास बुझाई गई। इस दौरान समाज सेवा में उनकी पत्नी, बच्चे और अन्य पुलिसकर्मी भी लगे रहे। वही दूसरी ओर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला शामली अंतर्गत झिंझाना नगर इकाई द्वारा सेवार्थ विद्यार्थी अभियान के तहत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से राहगीरों एवं जरूरतमंद लोगों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान की गई। परिषद कार्यकताओं ने लोगों को शीतल पेय वितरित कर सेवा भाव का संदेश दिया। इस दौरान नगर मंत्री अंश मित्तल, नगर छात्रा प्रमुख अंशिता शर्मा, नगर सह मंत्री यश शर्मा एवं विनय तोमर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक।



**समाज जागरण**

**शामली। (फुरकान जंग)**

जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आलोक यादव ने कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत आपूर्ति, लाइन लॉस, ट्रांसफार्मरों की स्थिति एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने तथा जर्जर विद्युत लाइनों के मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आमजन को बिजली संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए विभागीय अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहकर नियमित

निरीक्षण करें।जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।इस दौरान विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विद्युत वीरेंद्र सिंह ,समस्त अधिशासी अभियंता सभी उप खण्ड अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश वाली जमीन पर कब्जे का आरोप

--सीएम से शिकायत, मुकदमा दर्ज के बाद गिरफ्तारी नहीं, दर्जनो पर कार्रवाई की मांग



**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी व्यापारी ने हाईकोर्ट के यथास्थिति आदेश वाली जमीन पर कब्जे और तोड़फोड़ के मामले में सोमवार को मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि दबाव के चलते पुलिस ने लंबे समय तक कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कस्बा निवासी व्यापारी अजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि उनकी करीब 1000 वर्ग गज भूमि को लेकर न्यायालय में वाद विचाराधीन है। मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 21 अक्टूबर 2022 को यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। आरोप है कि इसके बावजूद 15 और 16 फरवरी 2026 की रात कुछ लोग जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे और मकान की दक्षिण दिशा की दीवार गिरा दी। इसके बाद 18 फरवरी को दीवार की ईंटें भी ट्रॉली में भरकर ले गए।विरोध करने पर उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की वीडियो मोबाइल फोन में सुरक्षित है।पीड़ित ने सूचना 112 पुलिस को दी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बाद में पुलिस अधीक्षक शामली को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी गई। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 16 मई 2026 को लोकेश गोयल उर्फ पिंटू समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।पुलिस ने मामले में लोकेश गोयल उर्फ पिंटू, अरविंद कुमार, नत्थूमल जैन, अनीश, शाहिद, जिशान, जियालाल, कमल चावला, इजहार, शिवकुमार, अरुण कुमार और रितेश कुमार को नामजद किया है। पीड़ित का कहना मुकदमा दर्ज के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई पीड़ित ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

# मेले को निरस्त कराने की मांग को लेकर डीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) नगर पालिका परिषद कैराना के सभासदों ने प्रस्तावित मेले को निरस्त कराने की मांग को लेकर डीएम के नाम एक ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपा। सभासदों का कहना है कि कस्बे में मेले की आवश्यकता नहीं है और पूर्व में आयोजित मेले के दौरान कई अप्रिय घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

सोमवार को दिए ज्ञापन में सभासदों ने बताया कि विगत वर्ष नवंबर 2025 में आयोजित मेले के दौरान झूले से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि विवाद एवं झगड़ों के चलते दो मुकदमे भी दर्ज हुए थे। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। सभासदों ने आरोप लगाया कि पहले मेला आयोजन से नगर पालिका को लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त होता था, लेकिन पिछले कुछ समय से विभिन्न विभागों की मौन सहमति से बिना उचित प्रक्रिया के मेला आयोजित कराया जा रहा है, जिससे पालिका को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस स्थान पर मेला प्रस्तावित है, वहां से 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन गुजर रही है। इसके अलावा उक्त स्थल रोडवेज स्टैंड के निकट होने के कारण पानीपत, देहरादून, दिल्ली सहित अन्य शहरों के लिए आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ध्वनि प्रदूषण, बिजली एवं ईंधन की अधिक खपत, आम लोगों पर आर्थिक बोझ तथा असामाजिक तत्वों की सक्रियता जैसी समस्याओं का भी उल्लेख किया गया है। सभासदों का कहना है कि मेले को लेकर नगर पालिका बोर्ड से भी कोई स्वीकृति नहीं ली गई है। इस अवसर पर सभासद तौसीफ चौधरी, राजपाल, कोमल रानी, अंजू, वासिद, उम्मेद, फुरकान चौधरी, मोहसीन अली, नौशाद, सदाकत आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर की हड़ताल



**समाज जागरण**

शामली। ( फुरकान जंग ) नगर पालिका कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को कार्य बहिष्कार कर हडताल की। सफाई कर्मचारियों के हडताल पर चले जाने से पूरे शहर की साफ सफाई व्यावस्था ठप्प रही वही कार्यालयों में भी कामकाज न होने पर शहर के नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा।

पिछले चार दिनों से स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ एवं उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका कर्मचारियों का शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन चल रहा था, लेकिन कर्मचारियों की मांगे न माने जाने पर सोमवार को दोनों यूनियन के आहवान पर नगर पालिका कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर हडताल शुरू कर दी। रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को लगातार दूसरे दिन शहर में साफ सफाई न होने से जगह जगह कूडे के ढेर लगे रहे। शहर के बाजारों गांधी चौक, नया बाजार, बडा बाजार, कबाडी बाजार व विभिन्न चौराहों पर कूडा नही उठाये जाने से शहर के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडा। इसके अलावा नगर पालिका कर्मचारियों ने नगर पालिका के सभी कार्यालयों में भी कार्य बंद रखा। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि नगर पालिका के बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाये। इसके अलावा डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन देने, आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को 18 हजार रुपये मासिक वेतन प्रदान करने तथा संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिए जाने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर, महासचिव विनोद निर्वाल, उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, अश्वनी तेश्वर, राजन पाहिवाल, जितेंद्र टांक, धर्मेंद्र झंझोट, जोगेश पाहिवाल, जितेंद्र चन्द्रा, दीपक चन्द्रा, सचिन तेश्वर, संजय बिडला मौजूद रहे।

## अपना घर आश्रम के निकट मिला अज्ञात शव, फैली सनसनी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के करनाल रोड स्थित अपना घर आश्रम के निकट अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने शव के पास से एक बैंग व नशे की सिरीज बरामद की है। सोमवार सवेरे शहर कोतवाली क्षेत्र के करनाल रोड स्थित अपना घर आश्रम के निकट एक युवक का शव पडा देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की तलाशी लेते हुए उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया। मृतक के पास एक बैंक मिला, जिसमें बीएसईएस यमुना पावर कंपनी गोकुलपुरी डिवीजन दिल्ली कंपनी का एक आई कार्ड जिस पर नितीश भारद्वाज नाम लिखा है बरामद हुआ। पुलिस ने उक्त पते पर युवक की जानकारी करने का प्रयास किया, लेकिन जांच में उक्त कार्ड फर्जी पाया गया। बैग से कुछ प्रसाद और कपडे भी बरामद हुए। पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त न होने पर शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा का कहना है कि सोशल मीडिया और माध्यमों से शव के शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बच्चे देश के भविष्य के निमार्ता, एनपी सिंह

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनपी सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें देश का भविष्य निमार्ता बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, मेहनत एवं लगन के साथ विभिन्न क्षेत्रों



में सफलता प्राप्त करने के सूत्र भी बताए। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मात-पिता तुम्हें वंदन एवं स्कूल चले हम समूह नृत्य की सभी आगंतुकों, प्रबंधक समिति एवं मुख्य अतिथि ने सराहना की। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधक सुशील कुमार गर्ग, अध्यक्ष राजीव संगल, नंदकुमार कंसल एवं प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# गंगा दशहरा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

– यमुना नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, डीएम-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) गंगा दशहरा के पावन अवसर पर यूपी–हरियाणा बॉर्डर पर यमुना नदी पर आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। जहां लाखों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। डीएम व एसपी ने घाट पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सोमवार प्रातः पांच बजे से ही यमुना घाट पर श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए थे। देखते ही देखते घाट श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने पवित्र यमुना जल में स्नान कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में पुष्प अर्पित कर यमुना मैय्या की पूजा भी की। साथ ही भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी तथा भगवान शिव-पार्वती की आराधना भी की गई। महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाकर धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं, जिसके चलते गंगा दशहरा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं ने ब्राह्मणों को वस्त्र, मिष्ठान और दक्षिणा भेंट कर पुण्य अर्जित किया। यमुना तट पर लगे मेले में बच्चों के चेहरे पर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने खिलौने, मिठाइयां और अन्य सामान की खरीदारी की, जबकि महिलाओं ने भी मेले में जमकर खरीदारी की। सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। डीएम आलोक यादव व एसपी एनपी सिंह ने यमुना घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, एसडीएम शिवाजी यादव, सीओ हेमंत कुमार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री भी लगातार घाट पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा करीब 25 निजी गोताखोरों के साथ पीएसी की फ्लड यूनिट भी यमुना घाट पर मुस्तैद रही।

## कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपा। जिसमें उन्होने महोबा में दलित युवती की अपहरण कर दुष्कर्म करने के बाद हत्या किए जाने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी करने और कडी कार्यवाही करने की मांग की है। सोमवार को जिला कांग्रेस कमैटी के पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान के नेतृत्व में प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित करते एक



ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि महोबा में नीट की परीक्षा की तैयारी कर रही दलित युवती का टयूशन जाते समय कुछ दरिंदों ने अपहरण कर लिया। जिसको शारीरिक प्रताडना एवं अमानवीय कृत्य लगातार 16 दिनों तक किया गया। उन्होने मांग की कि ऐसे दरिंगों की जल्द गिरफ्तारी की आये और उनके मकानों को ध्वस्त किया जाये। आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाये और कडी से कडी सजा की जाये। इस अवसर पर वीरपाल सिंह, डा. रामलाल सिंह, प्रमोद कश्यप, जावेद, प्रदीप कश्यप, शाहरूख आदि मौजूद रहे।

# डिलीवरी में अवैध वसूली के आरोप में स्टाफ नर्स व आशा को नोटिस

**समाज जागरण कांधला।**

नगर के सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिला से डिलीवरी के दौरान दवाइयों के नाम पर अवैध वसूली के आरोपों को लेकर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। चिकित्सा प्रभारी ने स्टाफ नर्स और आशा कार्यकर्ता को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही शिकायतकर्ता और उसके परिजनों के बयान भी दर्ज किए गए हैं।थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी आदिल ने दो दिन पूर्व सरकारी अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए आरोप लगाया था कि स्टाफ नर्स दीक्षा और आशा कार्यकर्ता पूजा ने उसकी गर्भवती पत्नी की डिलीवरी के दौरान दवाइयों के नाम पर रुपये मांगे। आरोप है कि रुपये नहीं देने पर महिला और उसके परिजनों के साथ दुर्व्यवहार किया गया।सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए स्टाफ नर्स दीक्षा और आशा पूजा को नोटिस जारी किया। दोनों से पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं शिकायतकर्ता आदिल और उसके परिजनों के बयान भी दर्ज किए गए हैं।चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संबंधित कर्मचारियों से जवाब मांगा गया है और जांच रिपोर्ट जल्द ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजी जाएगी।

## एसपी के निरीक्षण से पूर्व थाने में तैयारिया,रिकॉर्ड दुरुस्त करने में जुटा स्टाफ



**समाज जागरण कांधला।**

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के प्रस्तावित निरीक्षण को लेकर थाना परिसर में सोमवार को दिनभर तैयारियों का दौर चलता रहा। निरीक्षण से पहले थाना पुलिस ने परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया, वहीं लंबित विवेचनाओं और अभिलेखों को भी दुरुस्त करने का कार्य किया गया।सोमवार को थाना परिसर में पुलिसकर्मी साफ-सफाई करते नजर आए, कार्यालय, मालखाना, बैरक और परिसर के अन्य हिस्सों को व्यवस्थित किया गया। इसके साथ ही थाने में रखी फाइलों और रिकॉर्ड को भी व्यवस्थित करने का कार्य किया गया। पुलिसकर्मी लंबित विवेचनाओं से संबंधित दस्तावेजों को अपडेट करने और अभिलेखों को सही ढंग से संधारित करने में जुटे रहे।पुलिस अधीक्षक सोमवार शाम थाने का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, लंबित मामलों की स्थिति, कानून व्यवस्था और थाना परिसर की व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। इसे लेकर थाना स्टाफ पूरी सतर्कता के साथ तैयारियों में लगा हुआ है।थाना परिसर में अधिकारियों की आवाजाही भी बढ़ी रही और अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण को लेकर पूरे दिन थाना परिसर में हलचल का माहौल बना रहा।

# छुरे के साथ एक दबोचा

**समाज जागरण**

कैराना। रविवार रात पुलिस शामली बाईपास के निकट से जाने वाली रजवाहा पटरी पर गश्त क रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को रोककर तलाशी ली, जिसके कब्जे से एक छुरा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी वासिल निवासी गांव टपराना थाना झिंझाना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# अवैध हथियार के मामले में दोषी को सजा

**समाज जागरण**

कैराना। अवैध हथियार बरामदगी के मामले में न्यायालय ने एक दोषी को सजा सुनाई। वर्ष 2004 में शामली कोतवाली पुलिस ने मुस्तकीम निवासी गांव तावली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। उक्त मुकदमे की सुनवाई न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट में चल रही थी। सोमवार को न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए जेल में बिताई अवधि के कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# फिरोजपुर मंडल के 2 टिकट चैकिंग स्टाफ को साइक्लिंग में उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु 'महाराजा रणजीत सिंह अवॉर्ड' से सम्मानित

**(रघुनंदन पराशर /समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,25 मई : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने सोमवार को कहा कि फिरोजपुर मंडल के अमृतसर में कार्यरत टीट-ीआई अमरजीत सिंह तथा जलंधर सिटी में कार्यरत टीटीआई रणबीर सिंह को साइक्लिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए पंजाब सरकार द्वारा प्रतिष्ठित महाराजा रणजीत सिंह अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।





यह पुरस्कार पंजाब सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च खेल सम्मान है।'महा-राजा रणजीत सिंह अवॉर्ड' किसी खिलाड़ी को जीवन में केवल एक बार उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन , उपलब्धियों तथा खेलों में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। साइक्लिंग के क्षेत्र में दोनों खिला-ड़ियों ने अपने प्रदर्शन से रेलवे का नाम गौरवान्वित किया है।अंतर्राष्ट्रीय साइकिल चालक अमरजीत सिंह ने वर्ष 2018 में नई दिल्ली में आयोजित एशिया कप की टीम स्प्रिंट स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। वर्ष 2019 में थाईलैंड में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप की स्प्रिंट स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया। वर्ष 2020 में 1 किमी टाइम ट्रायल स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। वर्ष 2022 गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 10 वर्षों तक लगातार सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया हैं तथा एक किलोमीटर टाइम ट्रायल में व्यक्तिगत राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी है। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता रेलवे के खिलाड़ियों एवं युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के टिकट चैकिंग स्टाफ सदस्य जिन्हें महाराज रणजीत सिंह अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# जल संरक्षण एवं किसानों के हित में भाजपा सरकार निरंतर कर रही कार्य : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

## पूर्व कृषि मंत्री ने लाखों रुपए की लागत से सिवानी गौशाला से रानीवाली जोहड़ी तक पाइपलाइन कार्य का किया शुभारंभ, विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भी हुए शामिल

**पूर्व कृषि मंत्री गांव बिठण में पूर्व चेयरमैन रामशरण शर्मा की पत्नी एवं सोनू सरपंच मिट्ठी की दादी के निधन पर किया शोक व्यक्त**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-सिवानी/लोहारू, 25 मई। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों के दौरे पर रहे तथा कई सामाजिक एवं जनहित कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सिवानी के तोशाम रोड स्थित गौशाला से रानीवाली जोहड़ी तक पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान के साथ-साथ जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन के माध्यम से संरक्षित जल को किसानों के लिए सिंचाई कार्य में उपयोग किया जाएगा, जिससे किसानों को खेती में लाभ मिलेगा और जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगा। सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं पर सरकार द्वारा 85% तक अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों और गरीब वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा किसान हित को सर्वोपरि रखते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा देश का ऐसा राज्य है जहां सर्वाधिक 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।

पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश स-रकार गांव, गरीब, किसान और युवा के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। सरकार की नीतियों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अपने दौरे के दौरान जेपी दलाल गांव गुरेरा पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायत समिति अध्यक्ष उग्रसेन बीरड़ा के वि-वाह समारोह में शिरकत कर उनको सुखमय एवं खुशहाल जीवन का आशीर्वाद दिया। इसके अलावा उन्होंने गांव बिठन पहुंचकर पूर्व चेयरमैन रामशरण शर्मा की पत्नी एवं सोनू सरपंच मिट्ठी की दादी के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी।

इस अवसर पर सेठ राजेश केडिया, मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र जांगड़ा, सुनील सिरसी,मार्केट कमेटी के अध्यक्ष संजय राहड़, पूर्व चेयरमैन अनिल झाझरिया, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष संजय नेहरा, सिवानी पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन राजकुमार जांगड़ा,रामकुमार सिंघानी,वीरेंद्र लाम्बा,रघुबीर भाम्भू,मनोज बिधनोई, पूर्व अध्यक्ष सुरेश खटक, जिला पार्षद विक्रम जांगड़ा, पवन अग्रवाल सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बहल में धूमधाम से शुरू हुई संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

## कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ, श्रद्धालुओं ने लिया धर्म लाभ

**दैनिक समाज जागरण , जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 25 मई। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में सोमवार को संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर बहल में 25 मई से 31 मई 2026 तक आयोजित होने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई, जिसमें महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुईं। कलश यात्रा में राहुल सिंघल, कुसुम सिंगल, विनोद सिधनवा वाले, उर्मिला, मंजू सिंघल, प्रमिला, श्यामलाल शास्त्री, हरिकिशन, प्रेम शर्मा सहित अनेक माताएं एवं बहनों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन कथा दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा ज्ञान महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करवाएंगे।

कथा वाचक साध्वी अजीता महाराज ने बताया कि मलमास के पावन अवसर पर आयोजित इस कथा का उद्देश्य लोगों को धर्म एवं संस्कारों से जोड़ना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लेने की अपील की। यह धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासी बहल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

# शिव मंदिर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## तोशाम पुलिस ने चोरी हुआ पीतल का घड़ा व नाग किया बरामद, आरोपी पहले भी कई मामलों में शामिल

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

तोशाम। थाना तोशाम पुलिस ने प्राचीन शिव मंदिर में चोरी की वा-रदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया पीतल का घड़ा और पीतल का नाग भी बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निर्देशानुसार जिले में चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना तोशाम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार सतबीर निवासी तोशाम ने थाना तोशाम में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह बस स्टैंड तोशाम के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर की देखभाल करता है। शिकायतकर्ता के अनुसार 21 मई 2026 की रात वह मंदिर के मुख्य गेट व मंदिर के ताले लगाकर घर चला गया था। अगले दिन सुबह



मंदिर पहुंचने पर मुख्य गेट और मंदिर के ताले टूटे मिले तथा दान पात्र, पीतल का घड़ा और पीतल का नाग चोरी मिला।

शिकायत मिलने पर थाना तोशाम में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले में उप निरीक्षक जगदीश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को बवानी खेड़ा चुंगी क्षेत्र, तोशाम से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकित पुत्र पालाराम निवासी दिनोदा जिला जींद हाल निवासी तोशाम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया एक पीतल का घड़ा और एक पीतल का नाग बरामद किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की पूर्ति के लिए उसने मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना तोशाम में पहले भी चोरी के तीन मामले दर्ज हैं।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेशानुसार उसे जिला कारागार भेज दिया गया।

# स्वामीनाथन आयोग लागू करने में भाजपा और कांग्रेस दोनों की नीयत में खोट : विनोद झोरड़

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) झोर-ड़ खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद झोरड़ ने कहा है कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के दिल में खोट है ।उन्होने भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 4 अक्टूबर 2006 को स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया था ,लेकिन मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने भी अपने कदम पीछे खींच लिए थे यह कहकर कि स्वामीनाथन आयोग की सारी सिफारिशें व्यावहारिक नहीं और 2014 तक कांग्रेस ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लटकाए रखा ।

विनोद झोरड़ ने कहा 2014 से भारतीय जनता पार्टी ने भी स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू नहीं होने दिया जबकि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि MSP को कानून बनाएंगे।

झोरड़ ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने वादा किया था कि सत्ता में आते ही स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करेंगे। आयोग की मुख्य



सिफारिश थी कि किसानों को उनकी फसल की लागत पर 50% मुनाफा जोड़कर MSP दी जाए। लेकिन 12 साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने यह वादा पूरा नहीं किया।

**मुख्य बिंदुः**

1. वादाखिलाफी का आरोपः विनोद झोरड़ ने कहा कि C2+50% फामूर्ले के हिसाब से MSP देना तो दूर, सरकार कई फसलों पर लागत भी पूरी नहीं दे रही। ऊपर से खाद, बीज, डीजल के दाम दोगुने हो गए।
2. किसान की हालत खराबः लागत बढ़ी, आमदनी घटी। किसान कर्ज के बोझ में दबा है। मजदूर को गांव में काम नहीं मिल रहा। सरकार सिर्फ कागजों में किसान की आय दोगुनी कर रही है।
3. मांगः सरकार तुरंत स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को पूरी तरह लागू करे। C2+50% के हिसाब से सभी फसलों पर MSP की गारंटी का कानून बनाए। फसल खरीद की पक्की व्यवस्था हो, ताकि मंडी में लुटाई बंद हो।

विनोद झोरड़ ने कहा कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करके वोट लेना और फिर मुकर जाना किसानों के साथ सरासर धोखा है। अब जनता जाग चुकी है मौजूदा राजनीतिक दलों का जिस दिन विकल्प मिल गया उसी दिन लोग इनका सूपड़ा साफ कर देंगे।

# केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने बेंगलुरु में हुई समीक्षा बैठकों के दौरान एजेंसियों को लंबित खनन और अन्वेषण परियोजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया

## श्री रेड्डी ने बेंगलुरु में जीएसआई, एनआईआरएम और आईबीएम की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की और गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी का आशीर्वाद प्राप्त किया

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को मंत्रालय के अधीन सभी खनन एवं अन्वेषण एजेंसियों को लंबित परियोजनाओं में तेजी लाने और भारत की खनिज सुरक्षा एवं रणनीतिक विकास उद्देश्यों को सुदृढ़ करने के लिए मिशन-मोड दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। श्री जी. किशन रेड्डी ने बेंगलुरु में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), राष्ट्रीय रॉक मैकेनिक्स संस्थान (एनआई आरएम), भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) और रिमोट सेंसिंग और एरियल सर्वे (आर-एसएएस) विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकों की एक श्रृंखला की अध्यक्षता करते हुए कहा, सभी संगठनों को लंबित परियोजनाओं को तेजी से पूरा करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और दक्षता प्रत्येक संस्थागत प्रक्रिया की नींव बनें। भारत की जनता और भारत सरकार इस सेक्टर में कार्यरत प्रत्येक एजेंसी से गति, जवाबदेही और स्पष्ट परिणाम की अपेक्षा करती है। इन बैठकों में खनिज अन्वेषण में तेजी लाने, वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय क्षमताओं को मजबूत करने, टिकाऊ खनन कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने और संस्थागत प्रयासों को विक-सित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ संयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। श्री रेड्डी ने समीक्षा के दौरान देश भर में जारी परियोजनाओं, प्रौद्योगिकीय प्रगति और अन्वेषण कार्यकलापों, विशेष रूप से दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई), लिथियम, निकेल, कोबाल्ट, टंगस्टन, वैनेडियम और प्लैटिनम समूह तत्व (पीजीई) सहित महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के क्षेत्र का आकलन किया। इन संगठनों ने भारत की खनिज सुरक्षा और रणनीतिक विकास उद्देश्यों को सुदृढ़ करने के लिए लागू की जा रही संसाधन संवर्धन, खनिज लक्ष्यीकरण, वैज्ञानिक सर्वेक्षण, खान स्थिरता, भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों और उन्नत अन्वेषण प्रणालियों पर विस्तृत जानका-री प्रस्तुत की।

# पंजाब में नगर निकाय के आम चुनाव 2026: 7555 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

चंडीगढ़,25 मई : पंजाब में 8 नगर निगमों,76 नगर परिषदों व 21 नगर पंचायतों के लिए 26 मई को चुनाव हो रहे हैं।इन चुनावों में प्रदेश की सभी राजनीतिक पार्टियों के साथ -साथ कुल 7555 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों के साथ -साथ आजाद उम्मीदवार अपनी -अपनी का दावा कर रहे हैं लेकिन यह तो समय ही बताएगा कि ऊंट किस ओर करवट लेता है। यह तो परिणाम आने पर ही सही पता चलेगा। यह नगर निकाय चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक पा-र्टियों ने एडी चोटी का जोर लगाया है। क्योंकि पंजाब में 2017 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और राजनीतिक पार्टियों का मानना है कि इन चुनावों के परिणाम का आम जनता पर प्रभाव पड़ेगा।पंजाब राज्य चुनाव आयोग के अनुसार 26 मई को होने वाले नगर निकाय आम चुनाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं।इन चुनावों में कुल 7555 उम्मीदवार मैदान में हैं जिसमें आम आदमी पार्टी के 1802 उम्मीदवार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1550, शिरोमणि अकाली दल 1251, भारतीय जनता पार्टी 1316, बहुजन समाज पार्टी 96 और 1528 उम्मीदवार निर्दलीय व 13 उम्मीदवार अन्य दलों के शामिल हैं।

# नि:शुल्क शिविर लगाने से जीवन में सुख, शांति व सौभाग्य की होती है प्राप्ति : रुलिया राम सिंगला

**मन्नू शर्मा पराशर/ समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,25 मई : क्षेत्र की प्रसिद्ध मानवता को समर्पित अग्रणीय भारत विकास परिषद इकाई जैतो द्वारा सभी क्षेत्रों में काम कर रही है। इस कड़ी के तहत ही पंचायती गौशाला में भारत विकास परिषद जैतो के अध्यक्ष रूलिया राम सिंगला गीजीवाला की अध्यक्षता में एक निशुल्क चैकअप शिविर आयोजित किया गया जिसमें 170 लोगों की शूगर चैकअप व 10 लोगों की जनरल बीमारी का चैकअप किया गया। इस शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन अमनदीप पुन्नी थे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रूलिया राम सिंगला गीजीवाला ने कहा कि जरूरतमंदों और गरीबों को मुफ्त चिकित्सा और दवाइयाँ उपलब्ध कराने से उनका स्वास्थ्य सुधरता है। इस लिए हम सभी को मानवता की सेवा के लिए



अधिक से अधिक काम करना चा-हिए और अपनी समरथा के अनुसार आर्थिक सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों व असहाय लोगों की दुआओं से जीवन में सुख, शांति और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।ङ्कशास्त्रों में 'वैद्यदान' (इलाज का दान) को अन्नदान और वस्त्रदान से भी श्रेष्ठ माना गया है। इससे कर्मों का शुद्धिकरण होता है। उन्होंने कहा कि आज चैकअप करवाना बहुत महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा बाजार में जो महंगें टैस्ट है वह आधे खर्च पर किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भारत विकास परिषद पंजाब के सदस्य विजय सिंगला बिसनंदी वाले, कृष्ण मित्तल कोषाध्यक्ष,गगन सिंगला गीजीवाला सिधांषू जिंदल सचिव, जगदीश बांसल चंदभानिया, रिंकू बिंदल सहित अन्य उपस्थित थे।

# बिना OTP के खाते से 1.81 लाख रुपये उड़ाए

## ढिगावा निवासी युवक साइबर ठगी का शिकार, साइबर थाना भिवानी में मामला दर्ज

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

ढिगावा/भिवानी। ढिगावा जाटान निवासी एक युवक के बैंक खाते से बिना ओटीपी और पिन नंबर के 1 लाख 81 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम भिवानी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढिगावा जाटान निवासी नवीन कुमार पुत्र लकेश्वर, जो निजी व्यवसाय करता है, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एसबीआई बैंक खाता उसके मोबाइल नंबर से लिंक है। 18 मई 2026 को दोपहर करीब 3:52 बजे उसके मोबाइल पर 35 हजार रुपये डेबिट होने का मैसेज आया। इसके बाद जब उसने अपना गूगल पे चेक किया तो पता चला कि 15 मई 2026 को उसके खाते से 40 हजार रुपये, 40 हजार रुपये और 10 हजार रुपये की तीन ट्रांजेक्शन हो चुकी थीं। वहीं 18 मई 2026 को भी 35 हजार रुपये, 35 हजार रुपये और 21 हजार रुपये की तीन अन्य ट्रांजेक्शन की गई थीं।

पीड़ित के अनुसार उसने इनमें से कोई भी ट्रांजेक्शन नहीं की। अज्ञात साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते से कुल 1 लाख 81 हजार रुपये धोखाधड़ी से निकाल लिए।

घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई तथा ऑनलाइन परिवाद भी दर्ज कराया। शिकायत मिलने पर थाना साइबर क्राइम भिवानी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि बैंक खातों और डिजिटल पेमेंट ऐप्स की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें।

# Meesho कस्टमर केयर बनकर युवक से 1.87 लाख रुपये की ठगी

## रिफंड के नाम पर साइबर ठगों ने तीन बैंक खातों से उड़ाए रुपये, भिवानी साइबर थाना में मामला दर्ज

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेट फॉर्म मीशो से सामान मंगवाने के बाद रिफंड के नाम पर एक व्यक्ति से 1 लाख 87 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। साइबर थाना भिवानी पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव सिरसा घोघड़ा निवासी जयबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 10 मई 2026 को मीशो से दो सामान ऑनलाइन ऑर्डर किए थे। इनमें से एक सामान डिलीवर हो गया, जबकि दूसरा उपलब्ध नहीं था। पीड़ित ने बताया कि उसने गूगल पर सर्च कर मीशो कंपनी का मोबाइल नंबर प्राप्त किया और उस नंबर पर कॉल की। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने खुद को कंपनी का कर्मचारी बताते हुए कहा कि दो घंटे के भीतर रिफंड कर दिया जाएगा।

इसके बाद पीड़ित के मोबाइल पर एक अन्य नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को सभंकर रॉय बताते हुए कहा कि वह मीशो कंपनी से बोल रहा है और मोबाइल पर कुछ ऑप्शन भेज रहा है, जिन पर क्लिक करते जाना है। पीड़ित उसके बताए अनुसार प्रक्रिया करता रहा। कुछ दिन बाद जब पीड़ित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में पैसे निकलवाने पहुंचा तो उसे पता चला कि उसके खाते से 73 हजार 900 रुपये निकल चुके हैं। इसके अलावा उसके एक्सिस बैंक खाते से 15 हजार रुपये और पंजाब नेशनल बैंक खाते से 99 हजार रुपये निकाले जा चुके थे। पीड़ित के अनुसार किसी अज्ञात साइबर ठग ने उसके तीनों बैंक खातों से कुल 1 लाख 87 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली। शिकायत मिलने पर थाना साइबर क्राइम भिवानी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि किसी भी ऑनलाइन रिफंड या बैंकिंग प्रक्रिया के दौरान अनजान नंबरों पर भरोसा न करें और मोबाइल पर आने वाले लिंक या ऑप्शन पर बिना पुष्टि क्लिक न करें।

# खेड़ा बस स्टैंड पर संयुक्त किसान मोर्चा का धरना पांचवें दिन भी जारी

## पावर ग्रिड मुआवजे में भेदभाव का आरोप, २६ मई को बड़ी बैठक कर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

सिवानी। गांव खेड़ा के बस स्टैंड पर संयुक्त किसान मोर्चा का धरना सोमवार को पांचवें दिन भी लगातार जारी रहा। धरने की अध्यक्षता किसान नेता राजेश झाझड़िया ने की। धरने में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और ग्रामीण मौजूद रहे।

धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता दयानंद पूनियां ने कहा कि स-रकार किसानों की जायज मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। किसानों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने की बजाय सरकार दमनकारी रवैया अपना रही है।

उन्होंने कहा कि हिसार जिले में पावर ग्रिड द्वारा किसानों को एक टावर के लिए 20 लाख रुपये से लेकर 35 लाख रुपये तक मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि बिजली तारों के लिए भी प्रति किला 35 लाख रुपये तक दिए जा रहे हैं। इसके विपरीत




सिवानी क्षेत्र में एक टावर के केवल 4 लाख रुपये तथा तारों के लिए प्रति किला मात्र 7 लाख रुपये दिए जा रहे हैं, जो किसानों के साथ सरासर भेदभाव है।

किसान नेताओं ने स्पष्ट कहा कि सिवानी तहसील के किसान इस भेदभाव को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो 26 मई, मंगलवार को एक बड़ी बैठक आयोजित कर आंदोलन को और तेज करने का फैसला लिया जाएगा। धरने को किसान नेता आजाद मीरां, राजबीर सिहाग, अनिल भेरा, जंगबीर ढांडा, कुलदीप बड़वा, राकेश, सोमबीर, मीर सिंह, कर्ण सिंह और संतलाल सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

# हरहुआ ब्लाक के 18 गांवो में बनेगा ओपेन जिम

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकास खंड के 18 ग्राम पंचायतों में ओपेन जिम बनाया जाएगा।



बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा व एडीओ पंचायत रवि सिंह ने बताया कि सीडीओ के निर्देश पर विकास खंड के 18 ग्राम पंचायतों में ओपेन जिम निर्माण हेतु स्थान का तलाश कर लिया गया है। जिसमें चक्का ,अटेसुआ ,उदयपुर , चमाव ,हरहुआ ,वाजिदपुर, गहुरा ,रामगांव ,तेवर , सुतबलपुर ,महदेपुर ,पुआरी कला ,अहिरान ,पश्चिमपुर नोनौटी , औसानपुर समेत 18ग्राम पंचायत शामिल हैं जहां ओपेन जिम बनाया जाएगा। गांवो के संबंधित ग्राम सचिवों द्वारा जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव ब्लाक कार्यालय पर भेज दी गयी है। जिसे सीडीओ कार्यालय भेजी जाएगी। ओपेन जिम का निर्माण सीएसआर फंड से किया जाएगा। जिम बनने से बच्चे, युवा सभी को इसका लाभ मिलेगा। जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है। सम्बंधित गांवों के सचिवों को कार्य का निर्देश दिया जा चुका है।

# पीस कमेटी की बैठक हुआ संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। आगामी बकरीद पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार शाम रामेश्वर चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक डीसीपी गोमती जोन नीतू कादयान



की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीसीपी नीतू कादयान ने उपस्थित लोगों से प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बकरीद के दौरान किसी भी विवाद अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।डीसीपी ने सड़क पर नमाज अदा न करने की विशेष हिदायत दी। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि किसी स्थान पर नमाज अदा करने वालों की संख्या अधिक हो, तो दूसरी शिफ्ट में नमाज अदा कराई जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, अफवाह या भ्रामक संदेश साझा न करने की अपील की और ऐसी किसी भी जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा।प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक में मौजूद लोगों से आपसी सौहार्द, भाईचारा और शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर एसडीएम राजातालाब शांतनु कुमार सिनसिनवार, एडीसीपी नृपेंद्र कुमार, एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार, एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ राजेश सिंह, नायब तहसीलदार दीपाली मौर्य सहित कई ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राजगढ़ थाना क्षेत्र में रेलवे पुल के नीचे अज्ञात शव मिलने से सनसनी शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

**समाज जागरण**

मीरजापुर /राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदिहार गांव के पास सोमवार सुबह चोपन-चुनार रेल मार्ग के किनारे बन रहे नवनिर्मित रेलवे पुल के नीचे एक लहूलुहान अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची राजगढ़ थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त करने में जुट गए। और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी हुई है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानों का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाये जाने पर मनी खुशी ,दी बधाई

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी ।राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन वाराणसी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह जिलामहामंत्री मधुवन यादव के नेतृत्व में वाराणसी जनपद के 694 ग्राम प्रधानों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा पंचायतों का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाये जाने एवं ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में जिम्मेदारी दिये जाने के निर्णय पर खुशी जाहिर व्यक्त करते हुए बधाई देते हुए आभार प्रकट किया गया।

द्वय वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के मुखिया का यह निर्णय गांव, गरीब, किसान एवं पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को निरंतर गति मिलेगी तथा जनता को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के सभी ग्राम प्रधान इस निर्णय से उत्साहित एवं गौरवान्वित हैं। पंचायत प्रतिनिधियों पर विश्वास जताकर सरकार ने लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने का कार्य किया है।

राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन वाराणसी के समस्त प्रधानों एवं पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी के प्रति पुनः धन्यवाद, आभार प्रेषित किया।

प्रमुख रूप से मधुवन यादव, जगापट्टी के प्रधान घनश्याम सिंह यादव,प्रधान अनौरा दीपक चौहान ,प्रधान घमहापुर पवन कुमार सिंह,मुर्दहा रविन्द्र यादव,प्रधान भेलखा संजीव कुमार सोमबंशी, प्रधान हरहुआ अनवर उर्फ अन्नू ,प्रधान आयर सूर्यप्रकाश मौर्य 'भीम',पुरबपुर प्रधान ओमप्रकाश ,प्रधान दासेपुर सोनू प्रसाद,प्रधान मोहनपुर संजय सिंह, प्रधान राजापुर अनुज चौबे परमेश नारायण,प्रधान रामनरेश यादव,प्रधान औरा विद्योत्मा देवी,प्रधान गहनी शशिकला ,भटौली प्रधान जय देवी,राजनारायण पटेल,प्रधान करोमा अलका यादव,भगत यादव, गोसाईपुर मोहाव अनुराधा मौर्य, प्रधान बेरवां आशीष राजभर , प्रधान सिंहापुर अमित सिंह 'नीलू', चौका शिवानी सिंह,उदय सिंह

प्रधान प्रतिनिधि रामप्रसाद, भगत यादव, सहित अन्य ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते हुए बधाई दी।

# दो बाइको की टक्कर में बाइक सवार महिला व पुरुष गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के बस्तरा स्थित ज्ञान गंगा पेट्रोल पम्प के पास सोमवार की सुबह दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से बाइक सवार महिला व पुरुष घायल हो गए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा 108 के कर्मियों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जंहा पर उपचार चल रहा है ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी 60 वर्षीय राम बहादुर बाइक से अपने साथ गांव



निवासी 40 वर्षीय शकुंतला के साथ मिजापुर कचहरी जा रहे थे की जैसे ही लालगंज के बस्तरा ज्ञान गंगा पेट्रोल पम्प के पास पहुँचे की सामने से आ रहे सवार ने अचानक बाइक मोड़ दिया जिससे बाइक सवार की बाइक सामने वाले की बाइक से टकरा गई जिससे बाइक सवार राम बहादुर व शकुंतला दोनों घायल हो गए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस 102 के चालक अशोक व ईएमटी आवेश ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जंहा पर दोनों का उपचार चल रहा है

# बाइक और ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार युवक की हुई मौत, बाइक चालक की हालत गंभीर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमड़गंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगज हलिया मार्ग स्थित गलरा गांव में बाइक और ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक गंभीर रूप घायल हो गया। घटना के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवारों को उपचार हेतु एंबुलेंस से अस्पताल भेजा।गलरा गांव निवासी 25 वर्षीय रविशंकर गलरा गांव के ही अपने साथी 24 वर्षीय राजू के साथ बाइक से प्रयागराज जिले के कोरांव गए थे। रात में बाइक से दोनों लोग अपने घर वापस लौट रहे थे जैसे ही गलरा गांव मोड़ के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकराते हुए सड़क पर गिर पड़े। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एसआई टीपी सिंह, अंसार अहमद व मनोज कुमार राय ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी हलिया भेजा। जहां बाइक सवार राजू को देखते ही डा॰ विमल सिंह ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक चालक रविशंकर की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मृतक राजू दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था क्षेत्र के रतेह गांव स्थित पेट्रोल पंप पर अपने साथी रविशंकर के साथ सेल्समैन का कार्य करता था। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार चौकी अंतर्गत पतार कला गांव में चौराहे के समीप सोमवार को दोपहर में टीन सेट की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार जयकर गांव निवासी श्याम नारायण पतार कला चौराहे पर टीन सेट में किराना और जनरल स्टोर का दुकान है। गैस पर चाय बनाते समय संदिग्ध परिस्थितियों अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख अफरा-तफरी मच गई। तत्काल फायर ब्रिगेड व पीआरबी 112 को सूचना दी गई। ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद आग बुझाई। लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। श्यामनरायण ने बताया कि आग में दो मोटरसाइकिल, फ्रिज , पंखा और दुकान मे रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया लगभग तीन लाख का नुकसान हो गया है । वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद यादव ने लेखपाल को इसकी सूचना दे दी है।

# प्रधानों का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाए जाने पर प्रधानों में हर्ष

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी ।वाराणसी जनपद के 694 ग्राम प्रधानों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा पंचायतों का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाये जाने एवं ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में जिम्मेदारी दिये जाने के निर्णय पर खुशी जाहिर व्यक्त करते हुए बधाई देते हुए आभार प्रकट किया गया।भोपतपुर ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान श्याम प्यारी पांडेय ने कहा कि प्रदेश के मुखिया का यह निर्णय गांव, गरीब, किसान एवं पंचायत व्यवस्था को



मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को निरंतर गति मिलेगी तथा जनता को सीधा लाभ प्राप्त होगा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के सभी ग्राम प्रधान इस निर्णय से उत्साहित एवं गौरवान्वित हैं। पंचायत प्रतिनिधियों पर विश्वास जताकर सरकार ने लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने का कार्य किया है।अपने ग्राम पंचायत में बचे कार्य को पूर्ण करने के लिए हमे एक वर्ष और मिला हैं,जिसमे हम बचे हुए कार्य को पूरा करने का प्रयास करूंगी।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर बना साहस, मस्ती और सीख का संगम- डॉक्टर सानंद सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**





जब परीक्षा का तनाव उतरा, तब शुरू हुआ रोमांच का नया अध्याय। गाजीपुर जनपद के नामी विद्यालय सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में फीज्ड समर कैंप 2026' का धमाकेदार आगाज हुआ। सुबह 6:30 बजे से 9:30 बजे तक स्कूल का मैदान एडवेंचर पार्क में बदल गया, जहाँ बच्चों ने साहस की नई उड़ान भरी।

सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉक्टर सानंद सिंह, काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, डायरेक्टर अमित रघुवंशी और सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने माँ सरस्वती और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद फीता काटकर समर कैंप का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस समर कैंप की सबसे खास बात यह रही कि दिल्ली से प्रशिक्षित जांबाज ट्रेनर्स ने विद्यार्थियों को ज़िपलाइन से हवा में उड़ना, दीवार चढ़ाई से ऊँचाई का डर मिटाना और रस्साकशी से टीम की ताकत सिखा रहे हैं। जॉर्बिंग रोलर का रोमांच, कमांडो नेट की चुनौती, जादू शो की मस्ती और स्नो डांस की ठंडक, यानी पूरे 20 से ज्यादा एक्टिविटी का तूफान बच्चों के जोश को दोगुना कर रहा है।

इसी क्रम में समर कैंप के महत्व को बताते हुए डॉक्टर सानंद सिंह ने कहा कि इन गतिविधियों से बच्चों का समूह विकास के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता, भावनात्मक संतुलन और नेतृत्व क्षमता में भी जबरदस्त वृद्धि होती है। ये अनुभव बच्चों को तनावमुक्त रखकर उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं। उन्होंने रोजाना का मानसिक तनाव और सिलेबस का भारी भरकम दबाव से ऊपर उठकर इस समर कैंप का पूर्ण रूप से आनंद उठाने की सलाह भी विद्यार्थियों और शिक्षकों को दिए।

प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने सभी अतिथिगण और विद्यार्थियों का समर कैंप में स्वागत करते हुए कहा की"हमारा मकसद किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर बच्चों को जीवन की असली चुनौतियों के लिए तैयार करना है। यह कैंप सिर्फ खेल नहीं, जिंदगी की ट्रेनिंग है। यहाँ बच्चा गिरकर उठना, डर को हराना और दोस्तों के साथ जीतना सीखेगा। मेरा सभी अभिभावकों से आग्रह है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएँ और अपने बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल परिवार से जुड़ें। अंत में उन्होंने सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉ सानंद सिंह, सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधक डॉक्टर प्रीति सिंह, सभी अतिथिगण, ट्रेनर्स टीम और उसके प्रभारी कौशल सिंह, शिक्षकगण, अभिभावकगण तथा विद्यार्थियों का, इस समर कैंप को सफलता की ओर अग्रसर करने के लिए आभार जताया और साथ ही उन्होंने बताया कि इस भव्य समर कैंप का समापन कल किया जाएगा।

उक्त अवसर पर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय ,रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी , उपप्रधानाचार्य आवेश कुमार, कोऑर्डिनेटर अमित सिंह, अवनीश राय, सीसीए हेड प्रतिमा कुशवाहा समेत सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हर घर नल योजना के तहत बरौधा बाजार में होगी जलापूर्ति, घर-घर पानी पहुंचाने को तेज हुआ कार्य

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया जल जीवन मिशन योजना के तहत बरौंधा क्षेत्र में अब दो सौ एमएम की एचडीपी पाइप लाइन के माध्यम से घर-घर पेयजल आपूर्ति की जाएगी। योजना का कार्य पूर्ण होते ही बरौंधा के सभी मजरों में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि बरौंधा बाजार में हर घर नल योजना के तहत पानी न मिलने की समस्या को देखते हुए कार्यदायी संस्था एनसीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील कुमार ने रविवार को स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।उक्त निर्देश के क्रम में सोमवार को जूनियर हाईस्कूल बरौंधा से पंचायत भवन तिराहा तक दो सौ एमएम एचडीपी पाइप बिछाने के लिए जेसीबी द्वारा नाली खुदाई का कार्य शुरू करा दिया गया। पाइप लाइन बिछाने के लिए तेजी से कार्य कराया जा रहा है।



एनसीसी के अवर अभियंता लवकुश प्रसाद मिश्रा ने बताया कि बरौंधा के सभी मजरों में पानी पहुंचाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर घर-घर लगाए गए नल कनेक्शन सुचारु रूप से चालू हो जाएंगे। भीषण गर्मी के दौरान लोगों को पानी के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए दिन-रात कार्य कराया जा रहा है।

गौरतलब है कि बरौंधा बाजार में जलापूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल समेत जिले के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से अवगत कराया था। वहीं भाजपा नेता सौरभ प्रजापति, मंडल महामंत्री मनीष सोनी, मुरारी केशरी, शेरू मोदनवाल तथा लक्ष्मण चौरेसिया सहित अन्य ग्रामीणों ने आधी-अधूरी जलापूर्ति का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील कुमार ने रविवार को बरौंधा की विभिन्न बस्तियों का निरीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर जलापूर्ति सुचारु कराने का निर्देश दिया था। सोमवार से पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ होने के बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही उनके घरों तक नियमित पानी आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

# खरीफ-2026 की तैयारी समय से पूरी करें, किसानों को हर जरूरी संसाधन उपलब्ध हो: मुख्यमंत्री

**- विकास खंडों में लगने वाली साप्ताहिक चौपालों के साथ किसान मेला का भी हो आयोजनः मुख्यमंत्री**

**- दलहन, तिलहन और श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश**

**- यूपी आईटीएस की तर्ज पर कृषि विभाग भी आयोजित करे अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी**

**- खरीफ-2026 में 302.62 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य**

**- 2.29 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी**

**- पीएम किसान और फसल बीमा योजनाओं का लाभ समय से दिलाने के निर्देश**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 25 मईः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कृषि विभाग की विभिन्न प्रस्तावित कार्ययोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि खरीफ-2026 की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक और तकनीकी सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, पारदर्शी व्यवस्था और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए दलहन, तिलहन और श्रीअन्न की खेती को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सूखा संभावित क्षेत्रों के लिए अग्रिम कार्ययोजना तैयार रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर किसानों को वैकल्पिक फसलों के बीज उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर कृषि विभाग को भी अपनी विशेषताओं की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी लगानी चाहिए।

बैठक में बताया गया कि खरीफ-2026 में 110.65 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल और 302.62 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान उत्पादन का लक्ष्य 224.25 लाख मीट्रिक टन रखा गया है, जबकि बाजरा, मक्का, अरहर और मूंगफली के उत्पादन में वृद्धि का लक्ष्य तय किया गया है। बैठक में बताया गया कि खरीफ-2026 के लिए 2.29 लाख क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 24 मई 2026 तक 1.26 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध कराया जा चुका है। धान के लिए 80 हजार क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को समय-समय पर कृषि संबंधी तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि टेक्स्ट मैसेज, सोशल मीडिया, दूरदर्शन, आकाशवाणी और अन्य माध्यमों से किसानों तक जानकारी पहुंचाई जाए। साथ ही कम अवधि और सूखा सहनशील प्रजातियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा आगामी जून माह से सभी विकास खंडों में चौपाल लगाई जाएगी। इन चौपालों के साथ ही किसान मेला भी लगाई जाए। किसानों को हर योजना का लाभ मिले और उन्हें प्रगतिशील खेती से जोड़े जाने का प्रयास हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग के अंतर्गत सभी विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों, मंडियों, वेयरहाउस आदि के आस-पास साफ-सफाई होनी चाहिए आवश्यकतानुसार इनकी रंगाई कराई जाए। इन केंद्रों तक पहुंचने के लिए अच्छी कनेक्टिविटी होनी चाहिए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के लगभग 18 से 20 जनपद सूखे की दृष्टि से संवेदनशील हैं। धान एवं मूंगफली के लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र के प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए दलहन, तिलहन और श्रीअन्न फसलों के अतिरिक्त बीजों की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रस्तावित सीड पार्क को प्रारम्भ करने की दिशा में तेजी के निर्देश दिए। उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जमाखोरी, कालाबाजारी और उर्वरकों के डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने संतुलित उर्वरक उपयोग और जैविक विकल्पों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। बैठक में बताया गया कि 24 मई 2026 तक प्रदेश में 36.44 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध रहे तथा 28.26 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध स्थिति में हैं। उर्वरक प्रवर्तन अभियान के तहत 4025 छापे डाले गए, 81 लाइसेंस निलंबित किए गए तथा 9 एफआईआर दर्ज कराई गईं।

मुख्यमंत्री ने कृषि योजनाओं में डिजिटल तकनीक के उपयोग को और बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सरल तरीके से उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि एग्रीस्टैक योजनांतर्गत 24 मई 2026 तक 2.29 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी की जा चुकी है। किसान पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि बुंदेलखंड सहित जल संकट वाले क्षेत्रों में ऐसी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि बुंदेलखंड के सभी विकासखंडों में गौ-आधारित प्राकृतिक खेती कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में 23,500 हेक्टेयर क्षेत्र में रसायन मुक्त खेती की गई तथा 21,934 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्यमंत्री ने मक्का उत्पादन को बढ़ावा देने तथा उससे जुड़े उद्योगों के साथ समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 में मक्का क्षेत्रफल 11.39 लाख हेक्टेयर रहने का अनुमान है तथा वर्ष 2027-28 तक 32.84 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाए तथा बीमा दावों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश के किसानों को 99,032 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की जा चुकी है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2025-26 तक 80.61 लाख किसानों को 6454.57 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान की गई है। कृषि उत्पादों के निर्यात पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल मानकों का ध्यान रखते हुए उत्पाद को तैयार कराया जाए। वहीं मंडी समिति की योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी समितियों को किसानों के हित में आधुनिक, पारदर्शी और सुविधायुक्त बनाया जाए, कृषि विपणन व्यवस्था को और मजबूत करें।

# पंचकोशी यात्रियों की सेवा करने से भगवान की पूजा के बराबर पुण्य फल मिलता है: राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा

## राज्य मंत्री ने इस नेक कार्य का किया सराहना, यात्रियों को पिलाया पानी।

**समाज जागरण**

वाराणसी। पंचक्रोशी परिक्रमा मार्ग के दूसरे पड़ाव भीमचण्डी में ग्राम प्रधान विजय गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को शाम 5 बजे महिला उत्थान समिति द्वारा लगाए गए निशुल्क प्याऊ के कैंप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने पंचकोशी यात्रियों को पानी पिलाया। जिसके दौरान राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने इस भीषण गर्मी एवं धूप में पंचकोशी यात्रियों के प्यास बुझाने के लिए किये जा रहे इस पुण्य की काम का काफी सराहना करते हुए कहा कि यात्रियों की सेवा करना भगवान की पूजा से बढ़कर पुण्य फल मिलता है। ग्राम प्रधान विजय गुप्ता तथा विनय पांडेय ने



राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा को अंगवस्त्र के साथ पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।इस दौरान ग्राम प्रधान विजय गुप्ता,विनय पांडेय, प्रवीण सिंह गौतम, गौरव पटेल, मधु शर्मा पांडे अजय विश्वकर्मा, राजू प्रजापति, रामचंद्र गौतम, अनिरुद्ध विश्वकर्मा, ललित कुमार, चुन्नीलाल, विजय पांडेय एडवोकेट, विनय उपाध्याय एडवोकेट,लालू राय,जय हिन्द, सीताराम पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# 3 किमी पैदल रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा

जैन संतो पर हमले का मौन विरोध

**समाज जागरण**

बुढार । गत दिवस रीवा शहर में 2 जैन साध्वियां पर सीधे गाड़ी से टक्कर मारकर जान बूझ की गई हत्या के एक विरोध में आज 25 को संपूर्ण भारतवर्ष मैं मैं मोहन रैलियां निकालकर प्रशासन के आल्हा अधिकारियों के समक्ष ज्ञापन सोपा गया। इस संदर्भ में बुढार नगर में भी जैन मंदिर से लगभग 3 किलोमीटर पैदल चलकर करीब धूप में तहसीलदार महोदय को साधु सेवा सुरक्षा हेतु ज्ञापन सोपा गया।




अपनी दोस्त जैन साध्वियों कि जानबूझकर गाड़ी से टक्कर मारकर की गई हत्या को लेकर जैन समाज में इतना अधिक आक्रोश भरा हुआ है की समाज का बच्चा-बच्चा महिलाएं पुरुष प्रत्येक घर देखे व्यक्ति स्वेच्छा से जुलूस में मौन रहकर अपना विरोध प्रकट करता हुआ नजर आया।

बुढार जैन समाज ने अपनी कुछ मांगों के साथ प्रशासन से मांगे रखी है कि जब भी जैन साधु या संत जो कि सिर्फ पैदल ही भ्रमण कर अपनी धर्म प्रभावनन के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पैदल ही नंगे पैर भ्रमण करते हैं उन्हें मार्ग में व्यवस्थित सुरक्षा प्रदान की जाए एवं रीवा में हुई 2 जैन साधनों की जानबूझकर की गई हत्या की। निष्पक्ष जांच कराई जाए

# कटनी की ऐतिहासिक लल्लू तलैया' पर भू-माफियाओं का शिकंजाः अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा शहर का अहम जलस्रोत*

**समाज जागरण**

कटनी। शहर की ऐतिहासिक और कभी पानी से लबालब रहने वाली लल्लू तलैया' इन

दिनों अतिक्रमणकारियों के सीधे निशाने पर है। एक समय जो तलैया शहर के एक बड़े हिस्से के भूजल स्तर (ग्राउंडवाटर लेवल) को बनाए रखने और प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र हुआ करती थी, वह अब अवैध पक्के निर्माण और कचरा फेंकने के अड्डे में तब्दील होती ज। लगातार हो रहे इस अतिक्रमण से तलैया का दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। हालांकि वर्तमान में नगर निगम के द्वारा सफाई कार्य को मूर्त रूप देते हुए कुछ मशीन लगाई गई है।

अस्तित्व खोती तलैया और पाटे जा रहे जलस्रोत

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, पिछले कुछ समय में तलैया के कैचमेंट एरिया (जल भराव क्षेत्र) में तेजी से अवैध कब्जे हुए

हैं। अतिक्रमणकारियों द्वारा तलैया के किनारों पर मिट्टी डालकर और रातों-रात पक्के निर्माण करके जलस्रोत को पाटा जा रहा है। इसका सीधा असर न सिर्फ शहर के पर्यावरण और बायोडायवर्सिटी पर पड़ रहा है, बल्कि आसपास के रिहायशी इलाकों में पानी की किल्लत भी शुरू हो गई है। तलैया के आसपास रहने वाले पुराने लोग बताते हैं कि यह तलैया आजादी के पहले का है और पूर्व में यहां नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमा गणेश प्रतिमा एवं कजलिया पर्व मनाया जाता था।

***तेज होता अवैध निर्माण**

तलैया की बेशकीमती जमीन पर भू-माफिया और रसूखदार लोग सक्रिय हैं, जो नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से निर्माण कार्य कर रहे हैं।

* *प्रशासनिक अनदेखीः* स्थानीय निवासियों द्वारा नगर निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक धरातल पर कोई ठोस 'एंटी-एंक्रोचमेंट' (अतिक्रमण विरोधी) कार्रवाई नहीं की गई है।

प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

शहर के पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक कार्यकताओं और जागरूक नागरिकों ने अब जिला प्रशासन (कलेक्टर) और नगर निगम कमिश्नर से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। मांग की जा रही है किः

1. प्रशासन तुरंत एक राजस्व टीम भेजकर तलैया की मूल सीमा का सीमांकन Demarcation) करे।
2. अवैध रूप से बनाए गए कब्जों को चिह्नित कर उन्हें तत्काल ध्वस्त किया जाए।
3. तलैया का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कराकर इसे संरक्षित किया जाए।

**निष्कर्ष :**

जलस्त्रोतों का संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अब देखना यह है कि क्या कटनी का जिला प्रशासन और नगर निगम कुंभकर्णी नींद से जागकर तलैया को बचाने के लिए कोई सख्त कदम उठाता है, या फिर शहर की यह धरोहर हमेशा के लिए कंक्रीट की नींव के नीचे दफन हो जाएगी।

# गंगा दशमी पर ग्राम नेमुहा में निकली भव्य कलश यात्रा, जल संरक्षण का दिया संदेश

**समाज जागरण चन्नौडी/**

बुढार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम नेमुहा में गंगा दशमी के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामूहिक जल स्त्रोत पूजन, शिव मंदिर में जलाभिषेक, स्वच्छता अभियान एवं भव्य कलश यात्रा का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम जन अभियान परिषद के सम्भागीय समन्वयक भीम सिंह डामोर एवं जिला समन्वयक विवेक पांडेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम स्थित शंकर मंदिर परिसर में जल स्त्रोत पूजन के साथ हुई, जहां ग्रामीणों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लिया। इसके पश्चात शिव मंदिर में विधि-विधान से जलाभिषेक किया गया। महिलाओं एवं युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली, जिससे पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया।



इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। अभियान का उद्देश्य लोगों में जल के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा पारंपरिक जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर पराग सिंह धुर्वे, सरपंच लखन सिंह, सचिव दिवान सिंह, बाबूलाल यादव,नवांकुर संस्था श्री बजरंग ग्राम विकास समिति चन्नौडी सचिव सुरेश मिश्रा सदस्य रुही बेगम प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अभिलाष चतुवेर्दी, सचिव दीपेश शर्मा, सूरज नामदेव, राहुल द्विवेदी, रामानुजन कुशवाहा, पप्पू नामदेव, सुधीर मिश्रा, मनोज द्विवेदी, श्री नारायण चौधरी , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, समिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई तथा जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

# रनेह थाने में लापरवाही की परतें उजागर, पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर उठे बड़े सवाल

## एसपी के औचक निरीक्षण में तीन पुलिसकर्मी निलंबित, मगर थाना प्रभारी की जवाबदेही पर सस्पेंस अब भी बरकरार

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/रनेह। जिले में पुलिस व्यवस्था को अधिक जवाबदेह

और अनुशासित बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी लगातार थानों और चौकियों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार सुबह उन्होंने थाना रनेह पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जहां कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में लापरवाही पाए जाने पर प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह, आरक्षक सौरभ और ब्रजेश




ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस कार्य, मालखाना, हवालात, थाना परिसर की साफ-सफाई, भवन व्यवस्था एवं रिकॉर्ड संधारण की भी बारीकी से जांच की गई। इस दौरान थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, लेकिन कार्रवाई के बाद अब थाना प्रभारी की भूमिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

स्थानीय स्तर पर चचाएं तेज हैं कि जब थाने की कार्यप्रणाली में लापरवाही और अव्यवस्था उजागर हुई, तो जवाबदेही केवल अधीनस्थ कर्मचारियों तक ही सीमित क्यों रही। लोगों का कहना है कि थाने की समूची व्यवस्था और अनुशासन की जिम्मेदारी थाना प्रभारी की होती है, ऐसे में उनकी भूमिका पर भी स्पष्ट कार्रवाई या जवाबदेही तय होनी चाहिए। गौरतलब है कि थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन पूर्व में भी विवादों और शिकायतों को लेकर चर्चा में रहे हैं। उनके कार्यकाल में दो बार थाने के घेराव और विरोध प्रदर्शन की स्थिति बन चुकी है। उस समय वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच के आश्वासन जरूर दिए गए, लेकिन जांच और कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब एक बार फिर निरीक्षण में अनियमितताएं सामने आने के बाद पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली और जवाबदेही को लेकर चचाओं का दौर तेज हो गया है।

# पटेरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 10 किलो 900 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/पटेरा दमोह एसपी आनंद कलादगी के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पटेरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 किलो 900 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति अवैध रूप से



गांजा लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर 25 मई 2026 को थाना पटेरा पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई की और आरोपी घनश्याम पिता पूरन सिंह लोधी (50 वर्ष) निवासी सारंगपुरा थाना पटेरा को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 62 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना पटेरा में अपराध क्रमांक 167/26 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी गांजा कहां से लेकर आया था और इसे कहां खपाने की तैयारी थी।

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी पटेरा उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह गुर्जर, उप निरीक्षक संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक रूपलाल, आरक्षक नीतेश, आरक्षक गब्बर सिंह राजपूत, आरक्षक सुरेश लोधी तथा साइबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम के सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए बधाई दी है।

# नोहटा थाने में बकरी ईद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

नोहटा। आगामी बकरी ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस थाना नोहटा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार राजेश साहू थाना प्रभारी अभिषेक पटेल नोहटा सरपंच प्रतिनिधि लाल सिंह (लंबरदार ) उप सरपंच मुन्नालाल राय महबूब मुल्लाजी राजू भाईजान इसराइल खान इसरार खान जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर




ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा करने से बचें। पुलिस प्रशासन द्वारा त्योहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं और असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इस दौरान नगर की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन देते हुए नगर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की बात कही। शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई। बैठक का समापन आपसी सद्भाव, भाईचारे एवं शांति बनाए रखने के संदेश के साथ हुआ।

# पानी-बिजली संकट से जूझ रहा रनेह गांव

नल सूखे, ट्रांसफार्मर जले, हैंडपंप उगल रहे हवा

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/रनेह भीषण गर्मी के बीच जिले का रनेह गांव इन दिनों पानी और बिजली के गंभीर संकट से जूझ रहा है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए करीब एक किलोमीटर दूर तक जाना पड़ रहा है, जबकि बिजली व्यवस्था लगातार चरमराने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गांव में संचालित नल-जल योजना लगभग दम तोड़ चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई




मोहल्लों में हफ्तों तक पानी नहीं पहुंचता। यदि कभी सप्लाई होती भी है तो मात्र 15 से 20 मिनट तक बेहद कम दबाव के साथ पानी आता है, जिससे लोगों की जरूरत पूरी नहीं हो पाती। पानी की किल्लत के चलते कई परिवार तालाब का दूषित पानी इस्तेमाल करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने पंचायत पर जल वितरण में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के कुछ हिस्सों में जरूरत से अधिक पानी छोड़ा जाता है, जिससे पानी नालियों में बहता रहता है, जबकि कई मोहल्लों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। हैंडपंप भी जवाब देने लगे हैं और कई स्थानों पर सिर्फ हवा निकल रही है। दूसरी ओर बिजली संकट ने ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ा दी है। गांव में लंबे समय से फॉल्ट, टूटे खंभे और जर्जर तारों की समस्या बनी हुई है। अब लगातार ट्रांसफार्मर जलने की घटनाओं ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार अब तक गांव में तीन ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। इनमें से एक ट्रांसफार्मर करीब 20 दिन बाद बदला गया, जबकि दो ट्रांसफार्मर अब भी खराब पड़े हैं।

बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए ग्रामीण मजबूरी में दूसरे ट्रांसफार्मरों से लाइन जोड़कर अस्थायी व्यवस्था कर रहे हैं। इससे अन्य ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है और उनके भी खराब होने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीण मोहित चौरसिया ने बताया कि सरकार हर घर नल की बात करती है, लेकिन उनके घरों में नलों से सिर्फ हवा निकलती है। पानी के लिए रोज दूर तक जाना पड़ता है। वहीं नीतेश राय ने कहा कि बिजली की स्थिति इतनी खराब है कि कब आएगी और कब चली जाएगी, इसका कोई भरोसा नहीं रहता। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने, खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने और गांव में नियमित बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोत पूजन एवं जल जागरूकता कलश यात्रा व जल चौपाल आयोजित की गई

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नेतृत्व में प्रदेशभर में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवान्कुर संस्था उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था द्वारा ग्राम पंचायत हरदुआ मुड़र के ग्राम शीशपुर पट्टी स्थित कुआं जल स्त्रोत पूजन एवं कलश यात्रा व जल चौपाल आयोजित की गई इस कार्यक्रम के दौरान जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। समाज सेवी राहुल पाठक ने बताया कि ग्रामीणों जनों को जल संरक्षण के महत्व एवं जल स्त्रोतों की नियमित देखरेख के प्रति सजग होना होगा, जिसमें अभियान जल गंगा अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर कलश यात्रा के आयोजित की गई। ग्रामवासियों के साथ जल चौपाल का आयोजन भी किया गया। चौपाल में जल



संरक्षण के प्रति जनसहभागिता बढ़ाने पर चर्चा की गई। उप सरपंच से भगवान दास यादव ने बताया कि ग्रामीण जनों ने अभियान को सफल बनाने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया इस कार्यक्रम में भगवान दास यादव, संतोष यादव, नन्हे भई यादव, सालक राम यादव, खुमान यादव, गणेश यादव, गुड्डू यादव, खिलान यादव, दशरथ यादव, कन्नू यादव, हल्के यादव, सुनील यादव, काशीराम यादव, हजू यादव, रामदास यादव लक्ष्मण यादव, मुन्ना रैकवार, प्रशांत यादव, कृष्ण कुमार शर्मा मनोज अयाची, प्रियांशु अयाची, पीहू अयाची, हेमेन्द्र सिंह चंदेल वाटर एड, वारे लाल यादव, कल्लू यादव, हरि सिंह, विहारी सिंह, देवेन्द्र, माया रानी यादब, दीप्ति अयाची, प्रवीण यादव, दिप्पू, संदीप अन्नया यादव, हनुमत सिंह, हरिबाई सेन, राजू सेन, जय सिंह, सालकराम प्यासी, जितेन्द्र यादव, गुलाव यादव, खिलान यादव आदि की उपस्थिति रही।

# फर्जी अनुबंध के आधार पर मेरा किया जा रहा दुष्प्रचार-मानक पटेल

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गत दिनों राजकुमार दुबे द्वारा फर्जी अनुबंध के आधार पर मीडिया में किया जा रहे दुष्प्रचार एवं सुनियोजित आपराधिक षड़यंत्र के तहत मीडिया में प्रकाशित की जा रही खबरे भ्रमक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष की छवि खराब करने को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों ने माननीय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष



मानक पटेल ने कहा जो आरोप दो अखवारों में दो पत्रकार द्वारा यह लिखा गया है कि मैने डेढ़ करोड़ रुपए उधार लेकर मुकरने का आरोप लगाया गया जो सरासर झूठ है समाचार पत्रों में वर्णित दिनांक 28.01.2014 का कथित अनुबंध पत्र मेरे द्वारा निष्पाषित नहीं किया न ही उस पर मेरे हस्ताक्षर है यह मेरे लेटरहेड की कूटरचना कर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर तैयार किया गया दस्तावेज है इसका एकमात्र उदेश्य मेरी सामाजिक एवं राजनैतिक छवि धूमिल करना है उन्होंने बताया कि राजकुमार दुबे द्वारा 2018 में भी जे.सी.बी. मशीन को लेकर मेरे विरूद्ध झूठी शिकायत की गई थी जो पुलिस जांच में असत्य पाई गई यदि 1.50 का अनुबंध सही होता तो वर्ष 2018 की शिकायत में इसका उल्लेख अवश्य होता 28.01.2014 से मेरे उपर राशि बकाया थी तो उन्होंने पिछले 12 वर्ष तक किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं की। उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते है कि किसी मीना सिंह एवं संजय सिंह के साथ मिलकर यह फर्जी दस्तावेज तैयार किये गये है। जो किसी विरोधी राजनीतिक दल के इशारे पर मेरी छबि धूमिल की जा रही है किन्तु वह भी संबंधितों पर मानहानि का दावा करेगे। इस अवसर पर नितिन मिश्रा, संजय चौरसिया, रजनी ठाकुर, रोहन पाठक, विजय बहादुर, लालचंद राय, बबलू भटट, वीरेन्द्र राजपूत, कमला निषाद, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, प्रदीप पटेल, शमीम कुरैशी, बसंत कुशवाहा, दृगपाल सींग, एमएम. राही, डी.पी. पटेल, मदन सुमन, मुकेश रोहितास, अजय जाटव, खिल्लू ठाकुर पार्षद, जीशान पठान, हेमराज, ए.के. चिश्ती सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

# केंद्रीय मंत्री श्री जयंत चौधरी ने 2026 ताइपे कैपिटल कप वर्ल्डस्किल्स इनविटेशनल टूनार्मेंट के लिए भारतीय दल को रवाना किया

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी ने 26 से 28 मई 2026 तक ताइवान के ताइपे में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल प्रतियोगिता - 2026 ताइपे कैपिटल कप वर्ल्डस्किल्स इनविटेशनल टूनार्मेंट - में भाग लेने जा रहे भारतीय दल को रवाना किया।

पांच सदस्यीय भारतीय दल, जिसे भविष्य के वैश्विक चैंपियन के रूप मे देखा जा रहा है, इस टूनार्मेंट में लगभग 15 देशों के प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। ये प्रतियोगिता वर्ल्डस्किल्स शंघाई 2026 से पहले एक अभ्यास प्रतियोगिता के रूप में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य वैश्विक कौशल विकास, तकनीकी उत्कृष्टता, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कार्यबल नवाचार को बढ़ावा देना है, साथ ही प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्रदान करना है। इस अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) की सचिव श्रीमती देबाश्री मुखर्जी तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुणकुमार पिल्लई सहित मंत्रालय और एनएसडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री जयंत चौधरी ने उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्कृष्टता के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बाइक से टक्कर ने कानपुर में कराई बाप - बेटे की हत्या, एक गिरफ्तार, दो की तलाश, तीसरा गंभीर

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। दो बाइकों की टक्कर ने कानपुर में पिता - पुत्र की हत्या करवा दी,जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल अस्पताल में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दो फरार है। उनकी तलाश भी लगातार की जा रही है। दोहरा हत्याकांड के रूप में हड़कंप मचा देने वाली यह घटना नौबस्ता थाना क्षेत्र में हुई। यहां घर लौट रहे पिता और उनके दो बेटों पर दबंगों ने चाकू और हेलमेट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में पिता शिवनारायण त्रिवेदी और उनके बेटे शिवम की मौत हो गई, जबकि दूसरा बेटा सत्यम गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। सरेशाम हुई इस दोहरी हत्या से पूरे इलाके में सनसनी और दहशत का माहौल है। जिसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक किदवई नगर की मार्बल मार्केट में नौकरी करने वाले चकेरी थाना क्षेत्र के सजारी निवासी शिवनारायण त्रिवेदी घटना के समय अपने बेटों शिवम और सत्यम के साथ काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नौबस्ता क्षेत्र में यशोदा नगर बाईपास के पास दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर के




बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। मौके पर पहुंची पुलिस को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दूसरी बाइक पर सवार तीन युवकों ने अचानक चाकू निकालकर शिव नारायण और उनके दोनों बेटों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हेलमेट से भी जमकर वार किए गए। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। जिसके बाद राहगीरों की सूचना पर नौबस्ता पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को तत्काल हैलट अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने शिव नारायण और शिवम को मृत घोषित कर दिया। सत्यम की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

वारदात के बाद दो आरोपी मौके से फरार हो गए। जबकि तीसरे को मौजूद भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। अब पुलिस दोनों फरार आरोपियों की भी तलाश कर रही है। वहीं क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस भी तैनात की गई है।

# थाना फेस-1 पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़, 25 हजार का इनामी अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार

## सोते समय परिवार पर हमला करने का था आरोप, एक महिला की हुई थी मृत्यु

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। थाना फेस-1 पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी और वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है।

दिनांक 23/24 मई 2026 की रात्रि में अभियुक्त द्वारा सुरेंद्र शर्मा, उनकी पत्नी संजू देवी एवं दो पुत्रियों पर सोते समय धारदार हथियार से हमला किया गया था।

इस हमले में सुरेंद्र शर्मा, उनकी पत्नी तथा दोनों पुत्रियां घायल हो गई थीं, जबकि उपचार के दौरान संजू देवी की मृत्यु हो गई थी।

इस गंभीर घटना के बाद थाना फेस-1 पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु कई पुलिस टीमें गठित की गई थीं। आरोपी पर 25,000 रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।



**पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तारी**

आज दिनांक 25 मई 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि उक्त घटना में वांछित अभियुक्त क्षेत्र में मौजूद है।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान अभियुक्त हरनाम सिंह, पुत्र माखन लाल को सेक्टर-14 गंदे नाले की पटरी के पास मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में अभियुक्त घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

अभियुक्त के कब्जे से निम्नलिखित सामग्री बरामद हुई–

01 तमंचा (.315 बोर)
01 खोखा कारतूस
01 जिंदा कारतूस
चोरी की 01 स्कूटी

अभियुक्त का विवरण
हरनाम सिंह, पुत्र माखन लाल
निवासीः ग्राम मगरासा, थाना भूता, जनपद बरेली
वर्तमान पताः हरौला, थाना फेस-1, गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 233/2026 धारा 105/110/333 बीएनएस, थाना फेस-1
मु0अ0सं0 298/2022 धारा 60/63 आबकारी एक्ट, थाना फेस-1
ई-एफआईआर संख्या 202600053289, थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

# थाना दादरी पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार

## पुलिसकर्मी से लूट की घटना में शामिल था आरोपी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। थाना दादरी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में अभियुक्त घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

दिनांक 20/21 मई 2026 की रात्रि में अभियुक्तों द्वारा सादा वस्त्रों में अपने घर जा रहे एक पुलिसकर्मी को सवारी देने के बहाने कार में बैठाया गया। इसके बाद अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पुलिसकर्मी के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।

घटना की सूचना मिलते ही थाना दादरी पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया।



आज दिनांक 25 मई 2026 को थाना दादरी पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त को पेरीफेरल अंडरपास के पास चिटहरा नहर के समीप मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रंजीत कुमार, पुत्र रामसेवक, निवासी ग्राम जिटोली, थाना निधौली कलां, जनपद एटा के रूप में हुई है।

**बरामदगी**

01 तमंचा (.315 बोर)
01 खोखा कारतूस
01 जिंदा कारतूस
घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार (रजि. नंबर वढ82अळ4295)

आपराधिक कार्रवाई

इस संबंध में थाना दादरी पर मु0अ0सं0 0223/2026, धारा 352, 351(इ), 309(6) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त के दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**आगे की कार्रवाई**

पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है तथा अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

## गंगा स्नान से दस प्रकार के पापों का होता है शमन

# गंगा दशहरा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व : पंडित राजेश अग्निहोत्री

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। भागवत प्रवक्ता पंडित राजेश अग्निहोत्री ने गंगा दशहरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का पर्व अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन गंगा स्नान एवं गंगा पूजन करने से मनुष्य के दस प्रकार के पापों का शमन होता है।

उन्होंने कहा कि भारत भूमि धन्य है, जहां पवित्र गंगा नदी अविरल प्रवाहित होती है। शास्त्रों में गंगाजल को मनुष्यों के लिए अमृत के समान बताया गया है।

**शास्त्रों में वर्णित दस पाप**

पंडित अग्निहोत्री के अनुसार गंगा दशहरा पर स्नान एवं पूजन करने से निम्न दस पापों से मुक्ति मिलने की मान्यता है–

कायिक (शारीरिक) पाप
बिना दिए दूसरे की वस्तु लेना
शास्त्र-वर्जित हिंसा करना
पर-स्त्री गमन करना
मानसिक पाप
दूसरे के धन को अन्यायपूर्वक लेने का विचार
दूसरों के अनिष्ट का चिंतन
नास्तिक बुद्धि रखना
वाचिक (वाणी से जुड़े) पाप
कटु वचन बोलना
असत्य बोलना
परनिंदा करना
निष्प्रयोजन बातें करना

उन्होंने ब्रह्मपुराण का श्लोक उद्धृत करते हुए कहा–



"ज्येष्ठ मासे सिते पक्षे दशमी हस्तसंयुता।
हरते दश पापानि तस्माद् दशहरा स्मृता।।"

गंगा तक न पहुंच सकें तो ऐसे करें पूजन

पंडित राजेश अग्निहोत्री ने बताया कि जो लोग गंगा तट तक नहीं पहुंच सकते, वे घर पर या किसी जलाशय में गंगाजल मिलाकर गंगा माता का स्मरण करते हुए स्नान और पूजन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस दिन भगवान शिव, राजा भगीरथ एवं हिमालय का पूजन करना भी शुभ माना जाता है।

**गंगा स्नान के दौरान रखें इन बातों का ध्यान**

उन्होंने गंगा स्नान के दौरान कुछ आवश्यक सावधानियां भी बताईं–

गंगा में साबुन, तेल, शैम्पू आदि का प्रयोग न करें।
वस्त्र रहित होकर स्नान न करें।
गीले वस्त्र गंगा जल में न निचोड़ें।
गंगा में शरीर को रगड़कर स्नान न करें। गंगा में गंदगी, निर्माल्य या अन्य अपशिष्ट न डालें। शौच, कुल्ला अथवा अनुचित गतिविधियां गंगा तट पर न करें।

# आईएमएस-डीआईए में डिजाइन वर्कशॉप का आयोजन, छात्रों ने सीखी रचनात्मकता और नवाचार की बारीकियां

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। आईएमएस डिजाइन एंड इनोवेशन अकादमी (आईएमएस-डीआईए) में डिजाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को डिजाइन शिक्षा की रचनात्मक और व्यावहारिक दुनिया से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में ईचर स्कूल, कृष्णा विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा संत सुजान सिंह स्कूल के कुल 76 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।



डिजाइन शिक्षा नवाचार और उद्यमिता का माध्यम : चिराग गुप्ता

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आईएमएस के वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में डिजाइन केवल कला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नवाचार, उद्योग और उद्यमिता का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है।

उन्होंने कहा कि डिजाइन शिक्षा छात्रों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने के लिए प्रेरित करती है। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं, नई तकनीकों और उभरते करियर अवसरों से परिचित कराना है।

उन्होंने छात्रों को अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच को सकारात्मक दिशा में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

**छात्रों ने सीखी डिजाइन थिंकिंग और स्केचिंग**

आईएमएस-डीआईए के डीन प्रोफेसर डॉ. एमकेवी नायर ने बताया कि कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को डिजाइन थिंकिंग, स्केचिंग, मटेरियल एक्सप्लोरेशन, स्पेशल क्रिएटिविटी, स्टोरीटेलिंग तथा प्रोडक्ट एस्थेटिक्स से जुड़ी गतिविधियों में शामिल किया गया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों की रचनात्मक सोच को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें भविष्य के करियर विकल्पों को समझने का अवसर भी प्रदान करती हैं।

**कई डिजाइन विषयों पर हुई विशेष गतिविधियां**

कार्यशाला में फैशन डिजाइन, कम्युनिकेशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, ज्वेलरी डिजाइन एवं लग्जरी प्रोडक्ट डिजाइन जैसे विषयों पर विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## प्राकृतिक खेती और आत्मनिर्भर भारत पर हुई चर्चा

# ग्वालियर में भव्य कृषि सम्मेलन आयोजित, निधि सिंह को पूर्व ब्लैक कैट कमांडर्स ने किया सम्मानित

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्वालियर, मध्य प्रदेश। ग्वालियर-चंबल संभाग में कृषि, सहकारिता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य कृषि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिस एशिया वर्ल्ड एवं मिस यूनिवर्स इंडिया निधि सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

यह सम्मेलन वेंकटेश्वरा को-ऑपरेटिव पावर एंड एग्रो प्रोसेसिंग लिमिटेड के तत्वावधान में मैन सिटी के पास स्थित ग्रेट कैसल रिसॉर्ट में आयोजित किया गया।



**राम दरबार भेंट कर किया सम्मानित**

कार्यक्रम में पूर्व रिटायर्ड ब्लैक कैट कमांडर्स एवं सेना से जुड़े सम्मानित व्यक्तियों द्वारा निधि सिंह को राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में मौजूद अतिथियों ने उनके सामाजिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

**किसानों को बताया देश की रीढ़**

अपने संबोधन में निधि सिंह ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और किसानों की समृद्धि से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने तथा आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में सहकारिता आधारित विकास और कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

**युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश**

सम्मेलन में युवाओं, महिलाओं एवं पूर्व सैनिकों को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हैं निधि सिंह**

कार्यक्रम में बताया गया कि निधि सिंह को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 3700 से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। वे अमेरिका, उज्बेकिस्तान, जापान, रूस और वियतनाम सहित कई देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वर्तमान में वे भारतीय मानव अधिकार परिषद महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में भी सामाजिक कार्य कर रही हैं।

**कई गणमान्य लोग रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में व्यवस्थापिका अध्यक्ष डॉ. शिवाजी राव डॉल सहित विभिन्न सामाजिक, कृषि एवं सहकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सम्मेलन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत करना बताया गया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को वितरित किया शीतल जल

# गंगा दशहरा पर संतुष्टि सेवा फाउंडेशन ने लगाया मीठे पानी का छबीला

नोएडा। गंगा दशहरा एवं नौतपा के प्रथम दिवस के अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए संतुष्टि सेवा फाउंडेशन द्वारा जनसेवा और पुण्य कार्य के उद्देश्य से मीठा पानी वितरण सेवा का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम नोएडा सेक्टर-21 स्थित मेन रोड, जेवीसीसी क्लब के निकट आयोजित किया गया, जहां राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों को मीठा और शीतल जल वितरित किया गया।



**भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद के साथ हुआ शुभारंभ**

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद के साथ किया गया। सेवा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर गर्मी से राहत पाई और आयोजन की सराहना की।

**फाउंडेशन टीम ने निभाई सक्रिय भूमिका**

संतुष्टि सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन पोरवाल एवं उनकी टीम के सदस्यों – मनमोहन पोरवाल, टीटू भैया, अशोक कुमार, अरविंद चौधरी, डॉ. शैलेंद्र पोरवाल तथा सुरेंद्र गर्ग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**कई गणमान्य लोग रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चौहान, शशिधर उपाध्याय, पीसी पंचोली, शैलेंद्र बरनवाल, सेक्टर-21 चौकी प्रभारी अंकित बाजपेयी, राधा कृष्ण गर्ग, सुधीर पोरवाल, धर्मवीर बंसल, सरवन गुप्ता (भोला), अमित पोरवाल, उदय सिंह, राजकुमार शर्मा एवं रवि पोरवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**जनहित कार्य की हुई सराहना**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भागीदारी निभाई और संतुष्टि सेवा फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे इस जनहित एवं सेवा कार्य की प्रशंसा की।

# एमिटी में लगेगा विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर डॉ. सत्यपाल सिंह और डॉ. महेश शर्मा रहेंगे मुख्य अतिथि

नोएडा। केंद्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सुसंस्कृत बनाने के उद्देश्य से एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-44 नोएडा में विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 30 मई से 6 जून 2026 तक आयोजित होगा।

**युवाओं में संस्कार निर्माण हमारा लक्ष्य : अनिल आर्य**

परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान युवाओं को मातृ-पितृ भक्त, ईश्वर भक्त एवं देशभक्त बनाने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में चरित्रवान और संस्कारित युवाओं का निर्माण समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या इस बात का संकेत है कि नई पीढ़ी में माता-पिता के प्रति सेवा भावना में कमी आई है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है।

**युवाओं को दिया जाएगा आत्मरक्षा प्रशिक्षण**

प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने बताया कि शिविर में 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 200 युवकों को शामिल किया जाएगा। शिविर में प्रतिभागियों को योगासन, दंड-बैठक, लाठी प्रशिक्षण, जुडो-कराटे, बॉक्सिंग तथा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



इसके साथ ही युवाओं को वैदिक संस्कृति एवं भारतीय संस्कारों की भी जानकारी दी जाएगी।

**एमिटी परिवार के सानिध्य में होगा आयोजन**

यह शिविर शिक्षाविद डॉ. अमिता चौहान एवं डॉ. अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। वहीं मुख्य व्यायाम शिक्षक सौरभ गुप्ता के निर्देशन में गाजियाबाद से भी 50 युवक शिविर में भाग लेंगे।

**उद्घाटन समारोह 31 मई को**

राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र भाई ने बताया कि परिषद् को कार्य करते हुए 48 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। शिविर का उद्घाटन समारोह 31 मई को प्रातः 11 बजे एमिटी ऑडिटोरियम, सेक्टर-44 नोएडा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद आनंद चौहान करेंगे।

इस अवसर पर डॉ. जयेन्द्र आचार्य, गायत्री मीना, मेजर जनरल आर.के.एस. भाटिया, कर्नल कर्ण खरब, कर्नल संजय खरबंदा, राम लुभाया महाजन, डॉ. डी.के. गर्ग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

**6 जून को होगा समापन समारोह**

शिविर का समापन समारोह 6 जून 2026 को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

## गंगा दशहरा पर जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था ने किया शरबत वितरण

# भीषण गर्मी में राहगीरों को पहुंचाई राहत

नोएडा। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था द्वारा राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों ने नोएडा के ग्राम अगाहपुर मेन दादरी मार्ग तथा सदरपुर कॉलोनी में लोगों को शीतल शरबत वितरित किया।

संस्था द्वारा आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और भीषण गर्मी के बीच राहत महसूस की।



**कई वर्षों से जारी है सेवा अभियान**

संस्था के संस्थापक दीपांशु शर्मा ने बताया कि गंगा दशहरा एवं निर्जला एकादशी जैसे पावन पर्वों पर संस्था पिछले कई वर्षों से लगातार जनसेवा के ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है।

उन्होंने कहा कि तपती गर्मी में राहगीरों को ठंडा शरबत उपलब्ध कराना संस्था का उद्देश्य है, ताकि लोगों को गर्मी और प्यास से राहत मिल सके।

**2000 लोगों ने लिया शरबत का आनंद**

कार्यक्रम के दौरान लगभग 1500 से 2000 लोगों ने शरबत ग्रहण किया। स्थानीय लोगों ने संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना की।

**कार्यकर्ताओं ने निभाई सक्रिय भूमिका**

इस अवसर पर निशु उपाध्याय, अनमोल सहगल, आर्यन शुक्ला, निखिल रेक्सवाल, हैप्पी पंडित, मनीष पांडेय, तुषार गुप्ता, हर्ष नंबरदार, कार्तिक शर्मा, रमन शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# प्रदेशवासियों की सुरक्षा और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित ह्यजनता दर्शनह्न कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सम्मान और समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का तय समयसीमा के भीतर प्रभावी और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

**शिक्षा और स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता**

ह्यजनता दर्शनह्न में शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कई मामले सामने आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित हो और हर जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

**बिना भेदभाव सभी को मिले न्याय**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने राजस्व और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों का भी शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

**महिलाओं से किया संवाद, गर्मी से बचाव की दी सलाह**

'जनता दर्शन' में आई महिलाओं से मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनका हालचाल जाना। उन्होंने महिलाओं से कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में स्वयं तथा परिवार के बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने सलाह दी कि अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें और खानपान का विशेष ध्यान रखें।

# पटना में गंगा किनारे अवैध कब्जों पर प्रशासन का 'बुलडोजर'

## अतिक्रमण मुक्त होगी सरकारी जमीन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ गंगा तट की सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन ने अब कमर कस ली है। कंगनघाट से लेकर दानापुर तक गंगा की उपजाऊ और असर्वेक्षित सरकारी जमीन पर हुए अवैध निमार्णों को हटाने के लिए प्रशासन ने व्यापक स्तर पर अभियान छेड़ दिया है। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी निजी दावेदारी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में गंगा की धारा उत्तर की ओर खिसकने से जो नई जमीन उभरी थी, उस पर भूमाफियाओं और अवैध कब्जा धारकों ने झोपड़ियां, मकान और गोदाम बना लिए थे। इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने इन सरकारी जमीनों की अवैध खरीद-बिक्री तक शुरू कर दी थी। प्रशासन के अनुसार, पिछले पंद्रह दिनों से विशेष टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। क्षेत्रवार जिम्मेदारी तय कर निगरानी बढ़ा दी गई है और स्थायी-अस्थायी ढांचों को ध्वस्त किया जा रहा है। यह अभियान केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के विकास और जन-सुरक्षा से जुड़ा है। प्रशासन ने यहाँ महत्वपूर्ण सड़क निर्माण, तटबंध परियोजनाएं और पर्यटन विकास की योजनाएं प्रस्तावित की हैं। साथ ही, मानसून के दौरान बाढ़ और कटाव के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने उन इलाकों को खाली कराना अनिवार्य माना है जहाँ जान-माल का जोखिम बना रहता है। प्रशासन की सख्ती के बाद भूमाफियाओं और अवैध कब्जाधारकों में हड़कंप मच गया है। कई स्थानों पर लोग स्वयं अपने निर्माण हटा रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता और कठोरता के साथ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आम जनता से सरकारी जमीन पर कोई निर्माण न करने और अवैध खरीद-बिक्री की अफवाहों से बचने की अपील की है। आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज होगा, ताकि गंगा तट को अतिक्रमण मुक्त कर शहर के सौंदर्यीकरण और विकास की योजनाओं को गति दी जा सके।

# पटना के मखनियाकुआं में बिजली पोल में लगी भीषण आग, दो मोटरसाइकिलें खाक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र स्थित घनी आबादी वाले मखनियाकुआं इलाके में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बिजली पोल में अचानक भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई यह आग इतनी भयावह थी कि उसने देखते ही देखते पोल के पास खड़ी दो मोटरसाइकिलों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों बाइकें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय बिजली के तारों से अचानक तेज चिंगारी निकलने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे पोल को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों के साथ तारों में हुए जोरदार धमाकों ने स्थानीय निवासियों और छात्रावासों में रह रहे छात्रों के बीच दहशत पैदा कर दी। ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोग जान बचाने के लिए घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। आग की तपिश इतनी तीव्र थी कि पास के मकानों की दीवारों और खिड़कियों को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही आपातकालीन सेवा 112 और अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। दमकल की दो गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एहतियात के तौर पर इलाके की बिजली आपूर्ति तुरंत काट दी गई थी, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। पीरबहोर थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट को ही आग का कारण माना जा रहा है। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। इस घटना ने पटना की पुरानी और जर्जर बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मखनियाकुआं समेत आसपास के कई इलाकों में बिजली के तार काफी पुराने और लटक रहे हैं, जो हादसों को न्योता दे रहे हैं। निवासियों ने बिजली विभाग से जर्जर तारों को अविलंब बदलने और नियमित जांच की मांग की है। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी के बढ़ते दबाव के कारण तारों पर लोड अधिक है, ऐसे में विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है।

# पटना के नौबतपुर में युवा व्यवसायी ने कार में खुद को मारी गोली, मौत से इलाके में सनसनी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के नौबतपुर थाना अंतर्गत दरियापुर इलाके में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। यहाँ एक 25 वर्षीय युवा व्यवसायी ने अपनी कार के भीतर ही खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बेऊर निवासी जयजनम राय के पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई है। विकास दरियापुर में 'देवप्रसाद ट्रेडर्स' नाम की सीमेंट, छड़ और गिट्टी की दुकान का संचालन करते थे। जानकारी के अनुसार, सोमवार को विकास हमेशा की तरह अपनी कार से दरियापुर स्थित दुकान पर पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक कार के भीतर से गोली चलने की जोरदार आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। जब लोग दौड़कर कार के पास पहुंचे और अंदर देखा, तो विकास लहूलुहान अवस्था में सीट पर पड़े थे। आनन-फानन में घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नौबतपुर थाना प्रभारी मंजीत कुमार ठाकुर दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस ने तुरंत युवक को कार से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटनास्थल से वारदात में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।युवक की असमय मौत से परिजन गहरे सदमे में हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी मंजीत ठाकुर ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है। फिलहाल, आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की गहराई से तफ्तीश कर रही है। साक्ष्यों को जुटाने के लिए मृतक के मोबाइल फोन के कॉल डिटेल्स (CDR) और अन्य डिजिटल सबूतों की बारीकी से जांच की जा रही है। घटना के बाद से स्थानीय व्यवसायियों में शोक की लहर है।

# बकरीद पर्व को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**समाज जागरण, संवाददाता**



चांडिल : आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को चांडिल अनुमंडल कार्यालय सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय ने की। इस दौरान नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी नितिन शिवम् गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने, विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं सामाजिक सौहार्द कायम रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, त्याग एवं सामाजिक सद्भाव का प्रतीक पर्व है। सभी लोग प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन एवं पुलिस को दें।

नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी नितिन शिवम् गुप्ता ने भी उपस्थित लोगों से आपसी समन्वय एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है और इसमें आम लोगों की सहभागिता बेहद जरूरी है।

बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस बल की तैनाती, गश्ती अभियान एवं विधि-व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को सूचित करें।

बैठक के दौरान अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया ताकि पर्व के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में भाईचारा एवं शांति बनाए रखने में वे सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक में पर्व के दौरान जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

बैठक के अंत में अनुमंडल प्रशासन की ओर से सभी लोगों से प्रेम, भाईचारे एवं आपसी सौहार्द के साथ बकरीद पर्व मनाने की अपील की गई।

# साकची पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार, पांच चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**समाज जागरण 25.05.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर के साकची थाना पुलिस को मोटरसाइकिल चोरी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी चोरी की बाइकों के नंबर प्लेट बदल देते थे और पहचान छिपाने के लिए इंजन तथा चेचिस नंबर को खरोंचकर उन्हें दूसरे लोगों को बेचने का काम करते थे।

मिली जानकारी के अनुसार साकची थाना कांड संख्या-40/2026, दिनांक 20 मई 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। 20 मई को करीम सिटी कॉलेज के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर साकची थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वाहन चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। साथ ही गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई।

वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक नगर, जमशेदपुर के निर्देश पर मामले के उद्भेदन के लिए एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने लगातार तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शमशाद आलम को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने बाइक चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। साथ ही उसने अपने सहयोगी अरुण मुखर्जी का नाम भी पुलिस को बताया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। आरोपियों ने बताया कि वे साकची थाना क्षेत्र समेत शहर के विभिन्न इलाकों से मोटरसाइकिल चोरी करते थे। चोरी के बाद बाइक की पहचान मिटाने के लिए नंबर प्लेट बदल दी जाती थी। इसके अलावा इंजन और चेचिस नंबर को भी खरोंचकर अस्पष्ट कर दिया जाता था, ताकि वाहन की पहचान नहीं हो सके। बाद में इन बाइकों को कम कीमत पर बेच दिया जाता था।





गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल पांच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों में हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस (JH 05M 8546), हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस (JH 05Q 8264), हीरो होंडा पैशन प्रो (JH 05BE 5485), हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर (JH 05BS 0273) तथा हीरो होंडा स्प्लेंडर प्रो (JH 01F 1394) शामिल हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन वाहनों की चोरी किन-किन थाना क्षेत्रों से की गई थी और इन्हें किन लोगों को बेचा जाना था।

गिरफ्तार आरोपियों में शमशाद आलम (23 वर्ष), पिता मो. इस्लाम, निवासी स्काई टच अपार्टमेंट, आजादनगर तथा अरुण मुखर्जी, पिता दिलीप मुखर्जी, निवासी समता नगर, मानगो शामिल हैं। पुलिस दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि गिरोह के अन्य सदस्य भी शहर में सक्रिय हो सकते हैं।

इस पूरे अभियान में साकची थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव समेत कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य अपराधियों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है।

स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। लोगों का कहना है कि शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं से आम नागरिक परेशान थे। ऐसे में पुलिस की यह सफलता अपराधियों के खिलाफ एक बड़ा संदेश है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वाहन पार्क करते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# रोहिणीबेड़ा में जातीय तनाव फैलाने का आरोप, ग्रामीणों ने उपायुक्त से की कार्रवाई की मांग

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर के पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका अंचल अंतर्गत रोहिणीबेड़ा मौजा के ग्रामीणों ने गांव में बाहरी व्यक्तियों द्वारा जातीय विवाद फैलाने और अशांति उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया गया है।

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि रोहिणीबेड़ा मौजा प्राचीन काल से सोहदा गाड़ी क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसे कपाड़ा गाड़ी घाट के नाम से भी जाना जाता है।



गांव में स्थित मां रंकिनी धान स्थानीय लोगों की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र है। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थल वर्षों से धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन हाल के दिनों में कुछ बाहरी लोग यहां माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोग जातिवाद का सहारा लेकर गांव में विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मां रंकिनी धान एवं आसपास की वन भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि कई ऐसे लोग, जो मूल रूप से रोहिणीबेड़ा मौजा के निवासी नहीं हैं, गलत तरीके से वन पट्टा प्राप्त कर यहां रह रहे हैं और गांव की सामाजिक एकता को प्रभावित कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि जिन लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, उनके पैतृक गांवों में पर्याप्त जमीन-जायदाद मौजूद है, इसके बावजूद वे रोहिणीबेड़ा की वन भूमि पर कब्जा जमाए हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति न केवल सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला है, बल्कि इससे गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना भी प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक विशेष समूह के लोग मां रंकिनी धान के नाम पर जातीय भावनाओं को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। इससे गांव में भय, तनाव और असुरक्षा का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और अवैध कब्जा करने वाले तथा जातीय तनाव फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने यह भी आग्रह किया कि गांव की शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन नियमित निगरानी रखे।

ग्रामीणों ने ज्ञापन की प्रतिलिपि पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक को भी सौंपी है। आवेदन पर गांव के कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे गांव में शांति, सामाजिक सौहार्द और पारंपरिक संस्कृति को बनाए रखना चाहते हैं तथा प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने पद्म पुरस्कार पाने वाली विभूतियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**– खेल, चिकित्सा, कला समेत अनेक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वालों को मिला सम्मान**

**– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में किया सम्मानित**

**– पद्म विभूषण से अलंकृत वायलिन वादिका एन. राजम व दिवंगत फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देयोल के परिजनों को भी बधाई दी**



लखनऊ, 25 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पद्म पुरस्कार पाने वाली विभूतियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सोमवार को नई दिल्ली में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर पद्म विभूषण से अलंकृत वायलिन वादिका एन. राजम एवं दिवंगत फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देयोल के परिजनों को भी बधाई दी।

**डॉ. ठकराल के शोध कार्य मानवता के लिए अमूल्य निधि**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा आयुर्वेद के अनन्य साधक एवं प्रख्यात शोधकर्ता डॉ. केवल कृष्ण ठकराल जी को चिकित्सा के क्षेत्र में 'पद्म श्री' से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई। छह दशकों की दीर्घ साधना, ब्रोंकियल अस्थमा उपचार में 'कर्ण वेधन' जैसी युगांतरकारी तकनीक का विकास और प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति को वैश्विक प्रतिष्ठा दिलाने वाले आपके शोध कार्य मानवता के लिए अमूल्य निधि हैं।

**प्रो. श्याम सुंदर के समर्पण, शोध और सेवा भावना को राष्ट्र की आदरपूर्ण अभिव्यक्ति है यह सम्मान**

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध कालाजार विशेषज्ञ प्रो. श्याम सुन्दर जी को ह्यपद्म श्रीह्व से सम्मानित किया जाना अत्यंत गौरव का विषय है। कालाजार के उपचार हेतु प्रथम प्रभावी मौखिक दवा के विकास एवं त्वरित निदान परीक्षण विकसित कर आपने चिकित्सा अनुसंधान और मानव सेवा में ऐतिहासिक योगदान दिया है। यह सम्मान आपके समर्पण, शोध और सेवा भावना को राष्ट्र की आदरपूर्ण अभिव्यक्ति है, हार्दिक बधाई।

**आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं डॉ. सिंह के कार्य**

मुख्यमंत्री ने कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु उत्तर प्रदेश के गौरव डॉ. अशोक कुमार सिंह जी को 'पद्म श्री' सम्मान से अलंकृत किए जाने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने लिखा कि धान की उन्नत प्रजातियों के विकास, कृषि अनुसंधान एवं किसान हित में आपके द्वारा किए गए अभिनव कार्य 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। आपकी यह गौरवपूर्ण उपलब्धि समस्त देशवासियों के लिए हर्ष एवं गर्व का विषय है।

**प्रो. राजेंद्र प्रसाद का उत्कृष्ट योगदान संपूर्ण राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय**

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति द्वारा वरिष्ठ चिकित्सक प्रो. (डॉ.) राजेंद्र प्रसाद जी को चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु 'पद्म श्री' सम्मान से विभूषित होने पर हार्दिक बधाई दी। सीएम ने कहा कि टीबी एवं एमडीआर-टीबी उपचार के क्षेत्र में पिछले पांच दशकों की आपकी निस्वार्थ एवं समर्पित सेवा सराहनीय है। लाखों मरीजों को नवजीवन प्रदान करने और जनस्वास्थ्य के प्रति आपका उत्कृष्ट योगदान संपूर्ण राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आपका यह सम्मान चिकित्सा जगत में सेवा, समर्पण और मानवता के उच्चतम मूल्यों का अभिनंदन है।

**प्रो. बुद्ध रश्मि मणि का भगीरथ प्रयास हर देशवासी के लिए प्रेरणापुंज**

मुख्यमंत्री ने भारतीय पुरातत्व एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु उत्तर प्रदेश के गौरव प्रो. बुद्ध रश्मि मणि जी को 'पद्म श्री' सम्मान से अलंकृत किए जाने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने लिखा कि अयोध्या और सारनाथ जैसी हमारी पावन धरोहरों के पुनरुत्थान तथा भारतीय संस्कृति को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित करने का आपका भगीरथ प्रयास हर देशवासी के लिए प्रेरणापुंज है। आपके इस अप्रतिम पुरुषार्थ का अभिनंदन!

**प्रवीण की उपलब्धि प्रेरणा का उज्ज्वल स्रोत**

सीएम ने खेल जगत में उत्कृष्ट योगदान हेतु उत्तर प्रदेश के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता एवं लगातार पैरालंपिक पदक जीतने वाले सबसे युवा दिव्यांग हाई जंप खिलाड़ी प्रवीण कुमार को 'पद्म श्री' सम्मान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सीएम ने लिखा कि आपकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि उत्तर प्रदेश सहित सम्पूर्ण देश के युवाओं और दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का उज्ज्वल स्रोत है। आपके समर्पण, संघर्ष और अनुशासन ने भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया है।

# जेलों को सुधार, पुनर्वास और कौशल विकास का प्रभावी केंद्र बनाया जाए: मुख्यमंत्री

**– केवल पेशेवर अपराधी, माफिया को जेलों में रखने की जरूरत, छोटे अपराधों में ओपन जेल की परिकल्पना उपयोगी**

**– 75 वर्ष से अधिक आयु, असाध्य रोगियों, बच्चों संग महिला बंदियों व जमानत राशि न जमा कर पाने वाले कैदियों की सूची तैयार करें: मुख्यमंत्री**

**– ओपन जेल की परिकल्पना को साकार करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए: मुख्यमंत्री**

**– प्रदेश की जेलों में ओवरक्राउडिंग दर 1.77 से घटकर 1.03 हुई**

**– सात नए कारागार शुरू, छह निमार्णाधीन; बंदी क्षमता में लगातार बढ़ोतरी**

**– 6200 सीसीटीवी, ड्रोन कैमरे और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मजबूत हुई जेल सुरक्षा व्यवस्था**

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 25 मईः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कारागार विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जेलों को केवल बंदी रखने का स्थान नहीं, बल्कि सुधार, पुनर्वास और कौशल विकास का प्रभावी केंद्र बनाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश की सभी कारागारों में सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, प्रशिक्षण, तकनीकी सुदृढ़ीकरण और पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक, पारदर्शी व्यवस्था और सुधारात्मक गतिविधियों के माध्यम से कारागारों को नई पहचान दी जाए।

बैठक में बताया गया कि विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से बंदियों की समयपूर्व रिहाई की व्यवस्था को गति दी गई है। वर्ष 2012 से 2016 के बीच 273 बंदियों को समयपूर्व रिहाई मिली थी, जबकि वर्ष 2017 से 2021 के बीच यह संख्या बढ़कर 2882 और वर्ष 2022 से 2026 के बीच 3846 हो गई। जुमार्ना जमा कर रिहा होने वाले बंदियों की संख्या भी वर्ष 2012-16 के 2823 की तुलना में वर्ष 2017-2026 के दौरान बढ़कर 6231 हो गई।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के कैदियों, असाध्य रोगों से ग्रस्त कैदियों, बच्चों के साथ जेल में बंद महिला कैदियों और जमानत राशि जमा न कर पाने के अभाव में जेल में बंद कैदियों की सूची तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने 'ओपन जेल' की परिकल्पना को विशेष महत्व देते हुए इसे साकार रूप में लाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल केवल पेशेवर अपराधी और माफिया के लिए होनी चाहिए। छोटे अपराधों के लिए 'ओपन जेल' उपयोगी होगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जेलों में ओवरक्राउडिंग कम करने के लिए निमार्णाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने नए कारागारों और बैरकों के निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की 70 जेलों में क्षमता 58,400 थी जबकि बंदियों की संख्या 96,383 थी और ओवरक्राउडिंग दर 1.77 थी। वर्तमान में प्रदेश में 77 कारागार संचालित हैं, जिनकी कुल क्षमता 77,673 है तथा बंदियों की संख्या 79,782 है। ओवरक्राउडिंग दर घटकर 1.03 रह गई है।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 से अब तक चित्रकूट, अंबेडकरनगर, संतकबीरनगर, इटावा, प्रयागराज, श्रावस्ती और बरेली समेत सात नए कारागार संचालित किए गए हैं, जिससे 10,495 बंदियों की अतिरिक्त क्षमता विकसित हुई है। इसके अतिरिक्त अमेठी, महोबा, हाथरस, कुशीनगर, जौनपुर और हापुड़ में छह नए कारागारों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिनकी कुल क्षमता 6,156 होगी। कई प्रस्तावित जेलों के लिए भूमि क्रय और पंजीकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री ने बहुमंजिला कारागारों के निर्माण को प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेलों में सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 से 2026 के बीच प्रदेश की जेलों में 6200 सीसीटीवी कैमरे, 24 बैगेज स्कैनर, 30 ड्रोन कैमरे, 84 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, 195 बॉडी वार्न कैमरे और अन्य आधुनिक सुरक्षा उपकरण स्थापित किए गए हैं। सभी जेल बैरकों में सीसीटीवी कैमरे तथा मेनवॉल पर वायर फेंसिंग कराई गई है। न्यायालयों में पेशी के लिए 83 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इकाइयां स्थापित हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कारागारों में बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास और उत्पादन गतिविधियों को और बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सुधारात्मक प्रयासों से बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में बताया गया कि लखनऊ, आगरा, नैनी, बरेली, वाराणसी, फतेहगढ़, गोरखपुर, उन्नाव और अन्य कारागारों में सिलाई, दरी, कम्बल, फिनायल, काष्ठ कला, मसाला, प्रिंटिंग, हैंडीक्राफ्ट, रेडीमेड गारमेंट, एलईडी बल्ब, पॉटरी, कार्पेट और विभिन्न हस्तशिल्प उद्योग संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश की 37 जेलों में वन जेल वन प्रोडक्ट आधारित इकाइयां संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेलों में बंदियों के स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सकारात्मक वातावरण के लिए योग, खेलकूद, कृषि और गौसंवर्धन जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में प्रदेश की 17 जेलों में गौशालाएं संचालित हैं, जहां कुल 1265 गोवंश संरक्षित हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि जेलों की कृषि भूमि वर्ष 2020 में 584.51 एकड़ से बढ़कर वर्तमान में 624.14 एकड़ हो गई है। कृषि फार्मों में सब्जी और आलू उत्पादन 81,270 क्विंटल से बढ़कर 86,720 क्विंटल तक पहुंच गया है। बैठक में बताया गया कि विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 3647 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रचलित है। वर्ष 2017 से अब तक 4055 नियुक्तियां दी गई हैं तथा विभिन्न पदों पर कुल 2868 पदोन्नतियां प्रदान की गई हैं। मुख्यमंत्री ने रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

# गाछपाड़ा में 2.86 करोड़ की सड़क बनी भ्रष्टाचार की मिसाल

- गाछपाड़ा-नूनिया टोली मार्ग पर उखड़ी गिट्टियां, 5 साल के मेंटेनेंस दावे की खुली पोल
- सड़क बनते ही शुरू हुई टूट-फूट, अब गहरे गड्ढों में तब्दील; ग्रामीणों ने उठाई उच्चस्तरीय जांच की मांग



**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज**

बिहार सरकार जहां ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क विकास और बेहतर कनेक्टिविटी के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं किशनगंज जिले का गाछपाड़ा-नूनिया टोली मार्ग इन दावों की जमीनी हकीकत उजागर करता नजर आ रहा है। करीब 2.86 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 2.700 किलोमीटर लंबी यह सड़क कुछ ही वर्षों में बदहाल होकर भ्रष्टाचार और लापरवाही की मिसाल बन गई है।

सड़क की गिट्टियां उखड़ चुकी हैं, डामर लगभग गायब हो चुका है और जगह-जगह बने गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए खतरा बन गए हैं।

जानकारी के अनुसार, इस सड़क का निर्माण मार्च 2021 में पूरा हुआ था। निर्माण कार्य का जिम्मा ठेकेदार अंजार आलम को दिया गया था। योजना के तहत दावा किया गया था कि सड़क पांच वर्षों तक अच्छी स्थिति में रहेगी तथा उसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित ठेकेदार की होगी। इसके लिए लगभग 22.78 लाख रुपये की राशि मेंटेनेंस मद में निर्धारित की गई थी। नियमों के अनुसार मार्च 2026 तक सड़क की मरम्मत और गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी और ठेकेदार पर थी।

हालांकि निर्माण पूरा होने के कुछ ही समय बाद सड़क की परत उखड़ने लगी। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहनों के गुजरने के साथ ही सड़क टूटने और धंसने लगी थी। शिकायतों के बाद एक बार मरम्मत कार्य कराया गया, लेकिन स्थिति में कोई स्थायी सुधार नहीं हुआ।

स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि मुख्यमंत्री के किशनगंज दौरे से पहले सड़क की जल्दबाजी में मरम्मत कराई गई थी ताकि इसकी बदहाल स्थिति छिपाई जा सके। दौरा समाप्त होते ही सड़क फिर से टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई।

ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े और भारी वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क का निर्माण मजबूत आधार और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होना चाहिए था, लेकिन निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और तकनीकी मानकों की अनदेखी किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन बाइक सवार और राहगीर हादसों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

लोगों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सड़क की वास्तविक स्थिति देखने तक नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य, मेंटेनेंस फंड के उपयोग तथा संबंधित अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं कराई गई, तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब सड़क की आयु पांच वर्ष निर्धारित थी, तो आखिर चार साल के भीतर ही यह सड़क खंडहर जैसी स्थिति में कैसे पहुंच गई?

वहीं, मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता विद्यानंद प्रसाद ने बताया कि सड़क को पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित कर दिया गया है और जल्द ही इसके निर्माण एवं मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

# जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का सफल ऑपरेशन, परिवारों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

25 मई। गरीबी अक्सर गंभीर बीमारी से जूझ रहे परिवारों के लिए सबसे बड़ी मजबूरी बन जाती है। जब घर की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो, तब लाखों रुपये का इलाज किसी सपने जैसा लगता है। ऐसे ही हालात से गुजर रहे किशनगंज जिले के दो परिवारों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) उम्मीद की किरण बनकर सामने आया। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित दो मासूम बच्चों का निःशुल्क सफल ऑपरेशन कराकर इस योजना ने न सिर्फ उनकी जिंदगी बचाई, बल्कि उनके भविष्य को भी नई उम्मीद दी है।

जिले के वीर टोला, ठाकुरगंज निवासी एक वर्षीय अल्फाज हुसैन तथा दिलवरगंज निवासी एक वर्ष नौ माह के शिवांश कुमार लंबे समय से हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे थे। दोनों बच्चों को 18 मई 2026 को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां 21 मई को डिवाइस क्लोजर प्रक्रिया के माध्यम से सफल ऑपरेशन किया गया। इलाज के बाद 23 मई को दोनों बच्चों को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।





**आर्थिक तंगी ने बढ़ा दी थी परिवारों की चिंता**

अल्फाज हुसैन के पिता जाहिर आलम पेशे से बढ़ई हैं। मेहनत-मजदूरी कर परिवार चलाने वाले जाहिर आलम के लिए बेटे का महंगा इलाज संभव नहीं था। वहीं शिवांश कुमार के पिता श्रवण कुमार निजी पैथोलॉजी में कार्यरत हैं। सीमित आय में घर चलाने वाले इस परिवार के सामने भी बच्चे के इलाज की चिंता सबसे बड़ी परेशानी बनी हुई थी।

परिवारों ने बताया कि निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च सुनने के बाद उम्मीद टूटने लगी थी। इसी दौरान आरबीएसके टीम ने बच्चों की पहचान कर उन्हें इलाज के लिए पटना भेजने की पूरी प्रक्रिया सुनिश्चित की।

**लगता था बेटा ठीक नहीं हो पाएगा**

अल्फाज हुसैन की मां ने भावुक होकर कहा, जब डॉक्टरों ने दिल की बीमारी बताई तो हम लोग बहुत डर गए थे। घर की हालत ऐसी नहीं थी कि इतना बड़ा इलाज करा पाते। कई रातें रोते-रोते गुजरीं। लेकिन सरकारी योजना की वजह से हमारे बच्चे का इलाज हो गया। अब उसे स्वस्थ देखकर लगता है जैसे हमें नई जिंदगी मिल गई हो।

वहीं शिवांश कुमार की मां ने कहा, बेटे को सांस लेने में परेशानी होती थी तो दिल कांप जाता था। इलाज का खर्च सुनकर समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें। आरबीएसके योजना हमारे लिए भगवान की मदद की तरह आई। आज हमारा बच्चा मुस्कुरा रहा है, यही हमारे लिए सबसे बड़ी खुशी है।

**सरकारी योजना ने हमारे बच्चे को नया जीवन दिया**

अल्फाज हुसैन के पिता जाहिर आलम ने कहा, मैं एक साधारण बढ़ई हूं। रोज कमाता हूं, तब घर चलता है। इतने बड़े ऑपरेशन का खर्च उठाना हमारे बस में नहीं था। आरबीएसके योजना ने हमारे बच्चे को नया जीवन दिया है।

वहीं शिवांश कुमार के father श्रवण कुमार ने कहा कि सरकारी सहयोग के बिना बेटे का इलाज संभव नहीं था। अब उनके परिवार को बच्चे के भविष्य को लेकर नई उम्मीद मिली है।

# किशनगंज जिला अधिवक्ता संघ चुनाव: शिशिर कुमार दास बने अध्यक्ष

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता शिशिर कुमार दास की जीत के बाद जिले भर में खुशी और उत्साह का माहौल है। उनकी इस महत्वपूर्ण सफलता पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

इसी क्रम में श्रीराम सेना, किशनगंज के जिला अध्यक्ष चंद्र किशोर राम ने शिशिर कुमार दास को अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि शिशिर कुमार दास की जीत अधिवक्ता समाज के लिए गौरव एवं सम्मान की बात है। उनके नेतृत्व में अधिवक्ता संघ नई ऊर्जा एवं मजबूती के साथ कार्य करेगा।

चंद्र किशोर राम ने कहा कि शिशिर कुमार दास एक अनुभवी, कर्मठ, ईमानदार एवं संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी हैं। वे हमेशा अधिवक्ताओं के हित, समाज सेवा एवं न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सक्रिय रहे हैं। उनके अध्यक्ष बनने से अधिवक्ताओं की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा तथा संगठन और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली बनेगा।

उन्होंने आगे कहा कि शिशिर कुमार दास के नेतृत्व में जिला अधिवक्ता संघ नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा तथा अधिवक्ताओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी एवं सकारात्मक कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर श्रीराम सेना के कई पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने भी शिशिर कुमार दास को शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल कार्यकाल, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कर्तव्य में लापरवाही एवं अनधिकृत अनुपस्थिति पर 30 पंचायत सचिव निलंबित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

25 मई। किशनगंज जिले के विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित 30 पंचायत सचिवों को अपने कर्तव्य स्थल से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, हड़ताल पर रहने तथा पंचायत स्तरीय सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जिला पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पंचायत सचिवों की अनुपस्थिति के कारण जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, वंशावली तैयार करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन, षष्ठम राज्य वित्त आयोग योजना, 15वें वित्त आयोग योजना, मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना सहित पंचायत स्तर के कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे थे। इसके अलावा भारत की जनगणना 2027 से संबंधित कार्यों में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आदेश में उल्लेख किया गया है कि बिहार ग्राम पंचायत सचिव (नियुक्ति, अधिकार एवं कर्तव्य) नियमावली, 2011 के तहत पंचायत सचिवों के लिए निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करना अनिवार्य है। इसके बावजूद संबंधित पंचायत सचिव लगातार अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए, जो बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के नियम 3(1) का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है।

निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में कार्रवाई करते हुए संबंधित पंचायत सचिवों को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित पंचायत सचिवों का मुख्यालय निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

जारी आदेश के अनुसार ठाकुरगंज प्रखंड में पदस्थापित पंचायत सचिवों का मुख्यालय पोठिया, बहादुरगंज प्रखंड के पंचायत सचिवों का मुख्यालय टेढ़ागाछ, टेढ़ागाछ प्रखंड के पंचायत सचिवों का मुख्यालय कोचाधामन, कोचाधामन प्रखंड के पंचायत सचिवों का मुख्यालय बहादुरगंज, किशनगंज प्रखंड के पंचायत सचिवों का मुख्यालय दिघलबैंक, दिघलबैंक प्रखंड के पंचायत सचिवों का मुख्यालय ठाकुरगंज तथा पोठिया प्रखंड के पंचायत सचिवों का मुख्यालय किशनगंज निर्धारित किया गया है।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि संबंधित पंचायत सचिवों के विरुद्ध आरोप पत्र प्रपत्र क गठित कर 24 घंटे के भीतर जिला पंचायत शाखा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# पटना में सूखे नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 95 लाख के नशीले पदार्थ जब्त; दो गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी और सफल कार्रवाई की है। पूर्वी पटना के रामकृष्णा नगर इलाके में स्थित एक ट्रांसपोर्ट गोदाम पर छापेमारी कर पुलिस ने लगभग 95 लाख रुपये मूल्य के नशीले इंजेक्शन और प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किए हैं। इस बड़ी खेप की बरामदगी से शहर में नशे के नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। पुलिस के अनुसार, न्यू श्रीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से 33,500 एम्पुल नशीले इंजेक्शन और 4,000 पीस प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त किए गए हैं। इस मामले में पुलिस ने रामकृष्णा नगर निवासी ऋषि और सुपौल के रहने वाले अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने कदमकुआं निवासी रवि और गोदाम मालिक गिरीश का नाम उजागर किया है। पुलिस की विशेष टीम इन दोनों फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। जांच में यह बात सामने आई है कि यह गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से सक्रिय था। दूसरे राज्यों से नशीले पदार्थों की खेप मंगवाकर उसे पहले रामकृष्णा नगर स्थित गोदाम में डंप किया जाता था। इसके बाद कार्टन में पैक कर बसों और निजी वाहनों के जरिए सुपौल, अररिया, पूर्णिया समेत सीमांचल के अन्य जिलों में भेजा जाता था। पटना शहर के पत्रकार नगर, चित्रगुप्त नगर, गोपालपुर, गौरीचक और बहादुरपुर जैसे इलाकों में ई-रिक्शा और ऑटो के माध्यम से इनकी सप्लाई की जा रही थी। पूर्वी पटना के पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि राजधानी में बढ़ते नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इसमें तेज-तर्रार थाना प्रभारियों को शामिल किया गया है, जो गुप्त सूचनाओं के आधार पर संदिग्ध ठिकानों पर नजर रख रहे हैं। पुलिस का कहना है कि युवा पीढ़ी को नशे की दलदल से बाहर निकालना प्राथमिकता है। जल्द ही इस पूरे सिंडिकेट को नेस्तनाबूद कर सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए बड़ा खतरा टालने वाला कदम बताया है।




# बिहार में मैट्रिक-इंटर 2026 पास विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू, 25 मई से करें आवेदन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार के लाखों मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा विभाग ने बड़ी राहत भरी खबर दी है। मुख्यमंत्री बालक-बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज, सोमवार 25 मई 2026 से आधिकारिक 'मेधासॉफ्ट' पोर्टल पर शुरू कर दी गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को सहायता प्रदान कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, प्रोत्साहन राशि का लाभ विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को उनकी श्रेणी और प्राप्त अंकों के आधार पर मिलेगा। मैट्रिक (10वीं) उत्तीर्ण सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के प्रथम श्रेणी प्राप्त विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसी प्रकार, अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) के प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण छात्रों को भी 10 हजार रुपये मिलेंगे, जबकि द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण SC/ST विद्यार्थियों को 8 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इंटरमीडिएट (12वीं) उत्तीर्ण छात्राओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। रउ और रळ वर्ग की छात्राओं को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर 15 हजार रुपये और द्वितीय श्रेणी में 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। पूरी आवेदन प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाया गया है। विद्यार्थी घर बैठे अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से मेधासॉफ्ट पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। लॉगिन करने के लिए रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि/प्राप्तांक का उपयोग करना होगा। आवेदन के समय विद्यार्थी अपना नाम, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड और आधार नंबर ध्यानपूर्वक भरें।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि राशि का भुगतान 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' (DBT) के जरिए सीधे बैंक खाते में होगा। बैंक खाता विद्यार्थी के नाम पर ही होना चाहिए (संयुक्त खाता मान्य नहीं है) और वह आधार से लिंक व सीडेड होना अनिवार्य है। खाता बिहार के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, मान्यता प्राप्त निजी बैंक या इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में होना आवश्यक है। गलत जानकारी भरने से भुगतान में बाधा आ सकती है, इसलिए विभाग ने विद्यार्थियों को आवेदन अंतिम रूप से सबमिट करने से पहले सभी प्रविष्टियों को पुनः जाँचने की सलाह दी है। आवेदन में किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान के लिए शिक्षा विभाग ने हेल्पडेस्क की सुविधा उपलब्ध कराई है। विद्यार्थी सहायता के लिए 8986294256 पर संपर्क कर सकते हैं या mkuyinter2022@gmail.com पर ईमेल भेज सकते हैं। सरकार की इस योजना से राज्य में शिक्षा का स्तर बेहतर होने और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने में बड़ी मदद मिलेगी।

# पटना की 11 जर्जर सड़कों के दिन बहुरेंगे एक करोड़ 61 लाख से होगा जीर्णोद्धार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के निवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से खस्ताहाल सड़कों, गड्ढों और बाधित यातायात से जूझ रहे शहरवासियों को अब जल्द ही सुगम और सुरक्षित सफर की सुविधा मिलेगी। पथ निर्माण विभाग ने पटना जिले की 11 महत्वपूर्ण सड़कों के कायाकल्प का निर्णय लिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत इन कार्यों पर कुल एक करोड़ 61 लाख 28 हजार 405 रुपये की राशि खर्च की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस पूरे मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी पटना सिटी प्रमंडल को सौंपी गई है। सड़कों की बदतर स्थिति को देखते हुए इसे प्राथमिकता पर लिया गया है। विभाग ने समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत पांच सड़कों का मरम्मत कार्य 30 दिनों के भीतर और शेष छह सड़कों का कार्य महज 15 दिनों के अंदर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।योजना के तहत उन मार्गों को प्राथमिकता दी गई है, जो आवागमन के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। जिसमे एनएच-30 से पुनाडीह-बैरिया मार्ग से रानीपुर पैज्जावा होकर गुजरने वाली 6.10 किमी लंबी इस सड़क की मरम्मत दो चरणों में की जाएगी, जिस पर कुल 29.16 लाख रुपये खर्च होंगे। पटना-गया राज्य मार्ग (एलाहीबाग से डंपिंग यार्ड) में 4.75 किमी लंबी इस सड़क पर 28.65 लाख रुपये की लागत से सुधार कार्य होगा। अन्य प्रमुख सडको में एनएच-30 बाइपास से मरचा-मार्च पथ, कंसारी-डुमरी-राजघाट पथ, सादिकपुर-पवेड़ा-मसौढ़ी मार्ग, जगनपुरा-चिपरा पथ और बिस्कोमान गोलंबर से विकास कॉलोनी तक की सड़कों का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों के खराब होने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था और यात्रा में काफी समय बर्बाद होता था। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को स्कूल, बाजार और अस्पताल जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पथ निर्माण विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा और विभागीय अधिकारी निरंतर निगरानी रखेंगे। इस पहल से शहर और ग्रामीण इलाकों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी और जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# पटना के बिहटा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार दो दोस्तों को कुचला, एक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। बिहटा-मनेर एनएच-30 पर कोरहर गांव स्थित नहर पुल के पास एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने



स्कूटी सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान नेउरा थाना क्षेत्र के टिकैतपुर निवासी 28 वर्षीय छोटू कुमार के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान प्रमोद राय के तौर पर की गई है, जिसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। दोनों युवक आपस में घनिष्ठ मित्र थे और रविवार रात मनेर से बिहटा की ओर अपने घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर की गति अत्यंत तेज थी, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और 112 की टीम ने आनन-फानन में घायलों को बिहटा स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल पहुँचाया। वहां चिकित्सकों ने छोटू कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रमोद राय को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान हो सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बिहटा-मनेर मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर निगरानी बढ़ाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है।

# स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं के लिए खुशखबरी

## जल्द खाते में आएंगे 50-50 हजार रुपये, विभाग ने तेज की तैयारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार की उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुकी छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना' के तहत जल्द ही करीब डेढ़ लाख से अधिक स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का लाभ मिलने वाला है। शिक्षा विभाग ने भुगतान की प्रक्रिया को गति दे दी है और संभावना है कि अगले महीने से राशि हस्तांतरण का कार्य शुरू हो जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, दिसंबर 2025 तक उत्तीर्ण छात्राओं का डेटा राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। वर्तमान में विभाग द्वारा इन आंकड़ों का गहन सत्यापन किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राशि सीधे पात्र छात्राओं के बैंक खातों में त्रुटिरहित तरीके से पहुंचे। इस पूरी प्रक्रिया पर विभागीय स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि कहीं भी किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो।राज्य के 17 प्रमुख विश्वविद्यालयों और संस्थानों ने छात्राओं का विवरण पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया है। इनमें पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय, बीएन मंडल विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, नालंदा खुला विश्वविद्यालय, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान शामिल हैं। शिक्षा विभाग ने उन संस्थानों को सख्त निर्देश दिए हैं जिन्होंने अभी तक पूरा डेटा उपलब्ध नहीं कराया है। ऐसे संस्थानों को 30 मई तक हर हाल में छात्राओं का पूरा विवरण पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है। सत्यापन के दौरान यदि बैंक खाता संख्या, आधार रेडैक्टेड], या नाम में किसी प्रकार की विसंगति पाई जाती है, तो उसे संबंधित विश्वविद्यालयों के माध्यम से सुधारा जा रहा है। सरकार का यह प्रयास बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह राशि छात्राओं को उच्च अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और स्वरोजगार शुरू करने में महत्वपूर्ण संबल प्रदान करेगी। विभाग का कहना है कि सरकार के लिए बालिका शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस योजना का सफल क्रियान्वयन राज्य की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की राह आसान करेगा।

# पटना के पालीगंज में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से पालीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) और थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बीडीओ ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की कि वे साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और पर्व के दौरान ऐसी कोई गतिविधि न करें, जिससे किसी पड़ोसी की भावनाएं आहत हों। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी से मिलजुल कर शांतिपूर्वक बकरीद मनाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक मैसेज फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। प्रशासन ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के स्पष्ट संकेत दिए हैं। ज्ञात हो कि इस वर्ष बकरीद 28 मई को मनाई जाएगी, जिसके तहत सुबह मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी की रस्म पूरी की जाएगी। इस शांति बैठक में प्रखंड प्रमुख अनिशा देवी, मौलाना एहसान साहब, अजमल हुसैन, मो. असगर अंसारी, सुमेर सिंह, दुर्गा प्रसाद, कृष्ण गुप्ता और मधेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। प्रशासन ने बैठक के माध्यम से क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए सभी का सहयोग मांगा है।